राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-353
लखनऊ, सोमवार 12 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

अफसर नहीं सुधरे तो कार्रवाई के लिए रहें तैयार : योगी आदित्यनाथ 03

महिला सशक्तिकरण का लिखा जाएगा नया अध्याय : मोहन यादव 12

जयशंकर ने मालदीव में किया दो प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन

एजेंसी

माले। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को मालदीव के अड्डू शहर का दौरा किया, जहां उन्होंने भूमि सुधार परियोजना सहित भारतीय समर्थन से क्रियान्वित प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया। श्री जयशंकर की मालदीव की आधिकारिक यात्रा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार ग्रहण करने के बाद किसी भारतीय गणमान्य व्यक्ति की पहली यात्रा है।

अड्डू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर, विदेश मंत्री मूसा ज़मीर, शहर के मेयर अली निज़ार और अन्य वरिष्ठ सरकारी तथा अड्डू नगर परिषद के अधिकारियों ने श्री जयशंकर का गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान अड्डू रिक्लेमेशन परियोजना और अड्डू समुद्रतट संरक्षण परियोजना का उद्घाटन किया। एक अन्य परियोजना, गौकेडी और माराधू को जोड़ने वाला एक पुल, भारत की एएफसीओएनएस कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है।

बीस भारतीय एथलीटों को ओलंपिक में ध्वजवाहक बनने का मिला सम्मान

एजेंसी

पेरिस। भारत की ओर से ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय ध्वजवाहक बनने वाले पहले एथलीट पुरमा बनर्जी के बाद अब तक बीस एथलीटों को यह सम्मान मिला है। हॉकी खिलाड़ियों को सबसे अधिक छह बार यह सम्मान हासिल हुआ है।

बेल्जियम के हुये एंटवर्प ओलंपिक 1920 में 400 मीटर धावक पुरमा बनर्जी को पहला भारतीय ध्वजवाहक बनने का सम्मान मिला था। ग्रीष्मकालीन खेलों में एक देश का ध्वजवाहक राष्ट्र के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है और इसे

▸ लंदन ओलंपिक 1948 के पहले ध्वजवाहक होने का सम्मान भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान डॉ. तालीमरीन एओ को मिला

ओलंपिक आदर्शों के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यह भविष्य के लिए एक प्रेरणा या रोल मॉडल हो सकता है। वर्षों से भारत के लिए ओलंपिक ध्वजवाहक अपने-अपने खेलों के अग्रणी खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने कई बार अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया है। उनकी पहचान भारत के महान खिलाड़ियों के रूप में होती है। आजाद भारत में लंदन ओलंपिक 1948 के पहले ध्वजवाहक होने का सम्मान भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के प्रेरणादायक पहले कप्तान डॉ. तालीमरीन एओ को मिला। अब तक बीस भारतीय एथलीट्स को ध्वजवाहक बनने का सम्मान हासिल किया है लेकिन इनमें से केवल आठ ही ऐसे एथलीट्स हैं, जिन्होंने ओलंपिक में पदक जीता। देश के एकमात्र पहले व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा रियो ओलंपिक 2016 में भारत के ध्वजवाहक थे। यह उनका आखिरी ओलंपिक भी था। ध्वजवाहकों में अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं में 1932 ओलंपिक हॉकी टीम के कप्तान लाल चंद भोकरी, जादूगर ध्यान चंद, दिग्गज बलबीर सिंह सीनियर और जफर इकबाल भी शामिल हैं।

ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहकों पर एक नजर

1920 – पुरमा बनर्जी (एथलेटिक्स)
1932 – लाल शाह भोकरी (हॉकी)
1936 – ध्यानचंद (हॉकी)
1948 – तालीमरीन एओ (फुटबॉल)
1952 – बलबीर सिंह सीनियर (हॉकी)
1956 – बलबीर सिंह सीनियर (हॉकी)
1964 – गुरबचन सिंह रंधावा (एथलेटिक्स)
1972 – डेसमंड–नेविल डिवाइन जोन्स (मुक्केबाजी)
1984 – जफर इकबाल (हॉकी)
1988 – करतार सिंह ढिल्लों (कुश्ती)
1992 – शाइनी–अब्राहम विल्सन (एथलेटिक्स)
1996 – परगट सिंह (हॉकी)
2000 – लिएंडर पेस (टेनिस)
2004 – अंजू बॉबी जॉर्ज (एथलेटिक्स)
2008 – राज्यवर्धन सिंह राठौड़ (निशानेबाजी)
2012 – सुशील कुमार (कुश्ती)
2016 – अभिनव बिंद्रा (निशानेबाजी)
2020 – मैरी कॉम (निशानेबाजी) और मनप्रीत सिंह (हॉकी)
2024 – शरत कमल (टेबल टेनिस) और पीवी सिंधु (बैडमिंटन)

संक्षिप्त समाचार

नड्डा से महिला डॉक्टर की हत्या में सीबीआई जांच की मांग

कोलकाता। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री एवं बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने कोलकाता में राज्य सरकार के अस्पताल आर.जी.कर में महिला चिकित्सक के साथ यौन उत्पीड़न एवं हत्या मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। उत्तर कोलकाता स्थित आर.जी.कर राजकीय अस्पताल के सेमिनार कक्ष में शुक्रवार को महिला प्रशिक्षु चिकित्सक का शव मिला था। प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि हत्या से पहले उसका यौन उत्पीड़न किया गया। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री मजूमदार ने नड्डा को लिखे पत्र में कहा कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई से जांच कराने की मांग बढ़ रही है। अपराध की गंभीरता और त्वरित न्याय की आवश्यकता को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप सीबीआई जांच की पैरवी करें।

मुझे सत्ता से बाहर करने में अमेरिका का हाथ : हसीना

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दावा किया है कि उनकी सरकार को सत्ता से हटाने में अमेरिका की भूमिका है। एक अंग्रेजी अखबार को दिए साक्षात्कार में शेख हसीना ने दावा किया है कि अमेरिका ने उन्हें प्रधानमंत्री पद से हटाने की साजिश रची क्योंकि उन्होंने सेंट मार्टिन द्वीप को अमेरिका को सौंपने से इनकार कर दिया था, जिससे पश्चिमी महाशक्ति को बंगाल की खाड़ी पर प्रभाव जमाने में मदद मिलती। उन्होंने बांग्लादेश के लोगों से आग्रह किया कि वे देश में कट्टरपंथियों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया ताकि उन्हे लाशों का जुलूस न देखना पड़े। वे छात्रों की लाशों पर सत्ता में आना चाहते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं होने दिया और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

जम्मू-कश्मीर को विस चुनाव के बाद मिलेगा राज्य का दर्जा

जम्मू। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा दिया जाएगा, क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश में चीजें क्रम के अनुसार हो रही हैं। जम्मू विश्वविद्यालय में एक समारोह के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि परिसीमन किया गया था, जिसके बाद ईसीआई ने जम्मू–कश्मीर का दौरा किया और राजनीतिक नेताओं और अन्य हितधारकों से मुलाकात की। उपराज्यपाल ने कहा कि परिसीमन के बाद अब चीजें क्रम में हो रही हैं। विधानसभा चुनाव के बाद फिर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।

सेबी व अडानी समूह ने हिंडनबर्ग के आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और अडानी समूह ने अमेरिकी शॉर्ट–सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने एक बयान में इसे इसे 'निराधार' और 'चरित्र हनन' का प्रयास बताया।हिंडनबर्ग रिसर्च ने 10 अगस्त को अपनी नवीनतम रिपोर्ट में आरोप लगाया कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच की अडानी के 'धन हेराफेरी घोटाले' में इस्तेमाल की गई अस्पष्ट ऑफशोर संस्थाओं में हिस्सेदारी थी।

नयी फसल किस्म से कृषि में होगा मूल्य संवर्धन : मोदी

▸ पीएम मोदी ने 109 जैव-सशक्त फसल किस्में जारी कीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त विभिन्न फसलों की 109 किस्में जारी की। इस अवसर पर श्री मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी मौजूद रहे। श्री मोदी ने 61 फसलों की 109 किस्में जारी की। इनमें 34 खेत की और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य फसलों सहित

विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी हुई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी फसल किस्म से कृषि में मूल्य संवर्धन होगा। उन्होंने मोटे अनाज का उल्लेख किया और कहा कि लोग पोषक खानपान की ओर आकर्षित हो रहे है। श्री मोदी ने प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में बात की और कहा कि आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ रहा है। उन्होंने कहा कि लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग कर रहे हैं और इनकी मांग करते है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को नई किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। श्री मोदी ने नई फसल किस्म विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। कार्यक्रम में शामिल किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। किसानों ने प्राकृतिक कृषि को बढावा देने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की जागरूकता बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री के सुझावों के अनुरूप काम कर रहे है। बाद में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से कहा कि आज किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन है जब 61 फसलों की 109 किस्में जारी की गई हैं। उन्होंने कहा कि इनसे किसानों की आय बढेगी, पैदावार में इजाफा होगा और लागत घटेगी। श्री चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु अनुकूल है और खराब मौसम में भी बेहतर पैदावार दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये किस्में पोषक तत्वों से भरपूर हैं।

हिमाचल से पंजाब की बारात में जा रहे 11 लोग खड्ड के पानी में बहे, नौ की मौत

चंडीगढ़। पंजाब के छह जिलों में शनिवार की रात से लगातार हो रही बारिश ने तबाही मचा दी है। राज्य के होशियारपुर में रविवार को हिमाचल की सीमा से सटे गांव में एक खड्ड पार करते समय एक इनोवा कार पानी में बह गई, जिसमें 12 लोग सवार थे। अब तक कार में सवार नौ लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं, जबकि दो अन्य लापता हैं। होशियारपुर के एसएसपी सुरेंद्र लांबा ने बताया है कि हिमाचल प्रदेश के जिले ऊना के देहला से इनोवा कार में सवार होकर 12 लोग पंजाब के नवांशहर की एक बारात में आ रहे थे। पंजाब-हिमाचल के सीमावर्ती इलाके के दोआब में भारी बारिश के कारण इनोवा कार बह गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। टीम के आने के बाद लापता लोगों की तलाश शुरू की। जेसीबी मशीनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान कार में फंसे एक व्यक्ति को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि कार में सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे। कार में सवार मृतकों की पहचान दीपक पुत्र सुरजीत भाटिया, सुरजीत पुत्र गुरदास राम, परमजीत कौर, सरूप चंद, बिंदर, शिन्नो, भावना (18), अंजू (20), हरमीत (12) के रूप में हुई है।

उपचुनाव : 10 खाली विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी बसपा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में पहली बार बहुजन समाज पार्टी उपचुनाव लड़ेगी। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बीएसपी प्रमुख मायावती ने रविवार को ऐलान किया कि राज्य की 10 खाली विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में उनकी पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी व दमखम से चुनाव लड़ेगी। मायावती ने लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की समीक्षा बैठक में उपचुनाव लड़ने की घोषणा की।

अक्सर उपचुनावों से दूर रहने वाली बसपा ने इस उपचुनाव को पूरे दमखम से लड़ने का फैसला किया है। बसपा मुख्यालय की ओर से जारी एक बयान में मायावती ने कहा है, श्लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में खाली 10 विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनावों के लिए अभी चुनाव की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई लेकिन इसे लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ रही है।मायावती ने कहा, खासकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार द्वारा उपचुनाव को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेने के कारण उपचुनावों में लोगों की रुचि काफी बढ़ी है। बसपा ने भी उपचुनावों में सभी 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने और पूरे दमखम के साथ लड़ने का फैसला किया है।बसपा प्रमुख ने इस बयान की प्रति अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी साझा की। उन्होंने आग्रह किया कि बीएसपी गरीबों, वंचितों और पीड़ितों की पार्टी है तथा दूसरे दलों की तरह यह बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के सहारे और इशारे पर नहीं चलती इसलिए समर्थक तन-मन-धन से सहयोग कर पार्टी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएं। यूपी में 2022 के विधानसभा चुनाव में 403 सीटों में मात्र 1 सीट और लोकसभा चुनाव में पूरी तरह सफाया होने के बाद बसपा की उम्मीदें उपचुनावों पर टिकी हैं।

किशोरी का धर्म परिवर्तन व निकाह कराने के आरोपी मौलवी समेत दो गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की हिन्दू किशोरी का एक साल पहले धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम युवक से निकाह कराकर मौत के मुंह में ढकेलने वाले मौलवी व जेल में निरूद्ध आरोपी के पिता को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया। एसीपी की जांच में किशोरी का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने में मौलवी व आरोपी युवक के पिता का भी शामिल होना पाया गया था।

मोहनलालगंज के एक गांव की रहने वाली मां ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी का घर आने वाले मुस्लिम युवक मुर्तजा निवासी खुजौली थाना मोहनलालगंज से एक साल पहले बाल विवाह कर मौत के मुंह में धकेलने का काम किया था, परिणाम ये हुआ शादी के कुछ ही महीनो में गर्भवती हुयी किशोरी की बीते डेढ़ महीने पहले मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल में नवजात बच्ची को जन्म देने के बाद मौत हो गयी। जिसके बाद पति मुर्तजा व मां ने गुपचुप तरीके से बेटी का खुजौली में अन्तिम संस्कार कर दिया। सगे चाचा राकेश कुमार को गर्भवती होने के बाद नाबालिग भतीजी की मौत की खबर लगी तो उसके पैरो तले से जमीन खिसक गयी। उसने एसीपी मोहनलालगंज से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी।

हिमाचल में बारिश का तांडव, मंदिर बहा, भूस्खलन से पांच हाइवे बंद

शिमला। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में जोरदार बारिश ने तांडव मचा दिया है। जनजातीय जिला किन्नौर के पूह तहसील में फ्लैश फ्लड से भयंकर भूस्खलन हुआ है। पूह से रोरिक तक नेशनल हाइवे के कई किलोमीटर हिस्से में भारी भूस्खलन हुआ है। इससे हाइवे पूरी तरह बाधित हो गया है। बादल फटने के बाद यहां फ्लैश फ्लड आया है। सिरमौर जिला के मुख्यालय नाहन के बनकलां पंचायत में उफनती नारकंडा नदी तबाही मचा रही है। रविवार की सुबह बनकलां में नदी किनारे बना मंदिर को सैलाब बहा ले गया। पलक झपकते ही मंदिर पानी में समा गया। नाहन इलाके की सलानी कटौला पंचायत में नदी का जलस्तर सलानी पुल तक पहुंच गया है और पुल खतरे की जद में आ गया है।

पंजाब मेल से यात्रियों ने लगाई छलांग, 20 लोग घायल

▸ ट्रेन में धुआं उठने के कारण आग लगने की अफवाह फैली

समृद्धि न्यूज

शाहजहांपुर। अमृतसर से चलने वाली 13006 पंजाब मेल ट्रेन में रविवार की सुबह अग्निशामक यंत्र से धुआं उठने के कारण आग लगने की अफवाह फैल गई। इससे बरेली और कटरा रेलवे स्टेशन के बीच बोगी में भगदड़ मच गई। यात्री इधर-उधर भागने लगे। घटना के दौरान ट्रेन करीब 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही थी। दहशत में आकर कई यात्रियों ने बहगुल नदी के पुल से 30 फीट नीचे छलांग लगा दी। घटना में करीब 20 लोग घायल हुए हैं। इनमें 6 की हालत

गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कोच में आग बुझाने वाला सिलेंडर रखा हुआ था। किसी यात्री ने सिलेंडर को ऑन कर दिया। जिससे तेज धुंआ निकलने लगा।

इसके बाद ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैल गई। कई ट्रेन यात्री नदी पर बने पुल से 20 फीट गहरी खाई में कूद गए। कुछ यात्रियों को मामूली चोटे आईं। जानकारी होने पर चालक ने ट्रेन रोक दी। इसके बाद चालक ने गार्ड के साथ मिलकर जांच की। इसमें कहीं कोई समस्या नहीं मिली। घायल यात्रियों को फिर से ट्रेन में बैठाया गया। इसके बाद ट्रेन शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर ने बताया कि ट्रेन बरेली से चली थी। एसी कोच में फायर बटन किसी से दब गया था। इतने में कुछ यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी और 6-7 यात्री ट्रेन से कूद गए।

मालगाड़ी के दो वैगन डिरेल, इंजन भी बेपटरी

सोनभद्र। कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी के दो वैगन बेपटरी होने के बाद आपस में टकरा गए। इसके चलते इंजन भी बेपटरी हो गया। पावर प्रोजेक्ट के रेलपथ पर बांसी (बीना) के पास हुए हादसे की खबर से बिजली घर प्रबंधन में खलबली मच गई। राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। घटना शक्तिनगर थाना क्षेत्र के बांसी इलाके में तकरीबन 11 बजे सुबह हुई। यूपी सरकार के अनपरा थर्मल पावर प्लांट के लिए कोयला एनसीएल की खड़िया कोयला खदान से जाता है। सुबह कोल हैंडलिंग प्लांट के (सीएचपी) शाइलो से कोयला भरने के बाद मालगाड़ी अनपरा के लिए निकली थी।

आयोजन | मुख्यमंत्री योगी ने अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा

ट्रेड शो के जरिए यूपी के क्राफ्ट, कुजीन व कल्चर से रुबरु होगी दुनिया

▸ 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के क्राफ्ट, कुज़ीन और कल्चर से दुनिया भर के उद्यमियों, विनिर्माताओं और व्यापारियों को परिचित कराने वाले महत्वपूर्ण आयोजन उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी 25 से 29 सितंबर तक होगा।

इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहे इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों की समीक्षा



करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का पहला संस्करण 21 से 25 सितंबर 2023 तक आयोजित किया गया था। जिसमें 2,000 एक्ज़िबिटर और 60 देशों से आए 500 से अधिक तथा देश के विभिन्न प्रान्तों से आए 70 हजार से अधिक खरीददारों सहित 03 लाख से अधिक लोगों की सहभागिता हुई थी। इस दौरान 01 लाख से अधिक नए व्यापारिक सूत्रों का उद्भव देखने को मिला था। 2023 में पहला प्रयास आशातीत सफलता दिलाने वाला रहा, अब इस वर्ष शो की थीम सोर्सिंग का अद्वितीय मंच रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के माध्यम से पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के अद्भुत क्राफ्ट, कुज़ीन और कल्चर से साक्षात्कार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो, उत्तर प्रदेश के बड़े उद्योगों, आईटी/आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा, ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिर्माताओं और निर्यातकों के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने जा रहा है। इसे भव्य स्वरूप देने में कोई कसर न रखी जाए। ट्रेड शो में अब तक 2500 से अधिक एक्ज़िबिटर्स का पंजीयन पर प्रसन्नता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेड शो के सफल आयोजन में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, उद्योग प्रोत्साहन एवं आंतरिक व्यापार विभाग और एमएसएमई मंत्रालय की ओर से अपेक्षित सहयोग मिल रहा है।

इस वर्ष ट्रेड शो में वियतनाम होगा सहयोगी देश

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस वर्ष ट्रेड शो में वियतनाम पार्टनर कंट्री के रूप में सहयोग कर रहा है। ट्रेड शो में वियतनाम का प्रतिनिधिमंडल उपस्थित होगा। वियतनाम के उच्चकोटि के उत्पाद ट्रेड शो में प्रदर्शित किए जाएंगे। साथ ही, वियतनाम का सांस्कृतिक मंडली का प्रदर्शन भी किया जाएगा। आगंतुकों को वियतनाम और भारतीय व्यंजनों का लुत्फ भी मिल सकेगा। ट्रेड शो को भव्य बनाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 05 दिवसीय इस महत्वपूर्ण ट्रेड शो के दौरान हर दिन एक विशेष थीम पर नॉलेज सेशन भी आयोजित किए जाएं। इरडा के सहयोग से बीमा सेक्टर पर सत्र आयोजित किया जाए, इसी प्रकार, नवाचार और स्टार्टअप को लेकर प्रदेश में हुए प्रयासों पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित हों। विशेष सत्रों में केंद्रीय मंत्रीगणों को आमंत्रित किया जाना चाहिए। ट्रेड शो में खादी केंद्रित फैशन शो भी आयोजित होगा। सभी 05 दिन उत्तर प्रदेश की कला संस्कृति को प्रदर्शित करती हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी कराई जाएं, साथ ही सभी के लिए उत्तर प्रदेश के जायकेदार व्यंजनों से परिचय कराते विशेष स्टॉल लगाए जाएं।

एके-47 रायफल के कारतूस समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद, दो गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

बलिया। बलिया में दो थानों की संयुक्त पुलिस फोर्स ने गड़वार थाना के हजौली में दबिश देकर प्रतिबंधित एके 47 रायफल के जिंदा कारतूस समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है। पुलिस ने दो असलहा तस्करों को उनके घर से ही गिरफ्तार भी कर लिया। इनके सरगना की तलाश में पुलिस जुट गई है।

सीओ सिटी गौरव शर्मा ने कहा कि फेफना व गड़वार थाने के पुलिस बल ने हस्त निर्मित अवैध असलहों के साथ दो शातिर असलहा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गड़वार थाने के प्रभारी निरीक्षक मूलचन्द चौरसिया व फेफना के प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सरोज ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की। जिसमें गड़वार थाने के हजौली निवासी बसावन सिंह के दो पुत्रों डब्लू सिंह उर्फ विनय सिंह व बबलू सिंह को रविवार की भोर में करीब साढ़े तीन बजे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों भाइयों के कब्जे से कब्जे से एक नाइन एमएम पिस्टल, दो हस्तनिर्मित पिस्टल, एक हस्तनिर्मित रिवाल्वर, 315 बोर का एक कट्टा, एक हस्तनिर्मित 303 बोर की रायफल, नाइन एमएम बोर का एक जिन्दा व दो खोखा कारतूस, पाइंट 32 बोर के छह जिन्दा कारतूस, 315 बोर के तीन जिन्दा कारतूस व प्रतिबंधित एके 47 रायफल का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

एक दिवसीय भूतनाथ मेले को लेकर तैयारियां पूरी

कौशल शर्मा

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़। सावन माह में नागपंचमी के बाद पड़ने वाले सोमवार को पारंपरिक एक दिवसीय भूतनाथ मेले को लेकर तैयारियां शुरु हो गई है। छोटी काशी गोला का मेला बाबा भूतनाथ का यह मेला लोगों के लिए श्रद्धा व आकर्षण का केंद्र होता है। इस दिन बडी संख्या में भक्त पौराणिक शिवालय में पूजन अर्चन मत्था टेकने के बाद बाबा भूतनाथ के दर्शन करते है। मेले को लेकर एक ओर जहां सोमवार को होने वाले मेले को लेकर भक्तों, कांवड़ियों में खासा उत्साह दिख रहा है। तो वहीं दूसरी ओर भूतनाथ मेले के ईर्द गिर्द हजारों दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा ली है। इसी के साथ स्थानीय प्रशासन के लिए आज उमड़ने वाली भीड पूरे सावन माह की सुरक्षा व्यवस्था की कसौटी माना जाता है। इसके लिए, हालांकि पुलिस प्रशासन व तहसील प्रशासन ने तमाम तैयारियां पूरी कर ली है। साथ ही रिहर्सल कर तैनात पुलिस के आला अफसर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी व पिकेट चेकिंग भी जारी है। बता दें कि पूरे सावन माह पौराणिक शिवालय में दर्शन के पश्चात भक्तों कांवड़ियों का काफिला शिव मंदिर से करीब डेढ किलोमीटर दूरी पर स्थित बाबा भूतनाथ के दर्शनों के लिए जाता है। यहां की मान्यता है कि जब लंकाधिपति रावण ने कैलाश पर्वत से भगवान को ज्योतिर्मय शिवलिंग रुप में लेकर लंका की ओर जा रहा था। जिस पर प्रभु की लीला व हरियाली से आच्छादित यह स्थान पर भगवान को भा गया और उन्होने यहां विश्राम का निर्णय लिया। प्रभु की लीला के चलते उसी दौरान उसे तीव्र लघुशंका का आभास हुआ। तब उसने इधर उधर देखते हुए बकरी चरा रहे एक ग्वाले को शिवलिंग गोद में थमा दिया। लेकिन ग्वाला प्रभु का भार सहन नहीं कर सका और ज्योर्तिमय शिवलिंग को जमीन पर रख दिया। जब रावण निवृत्त होकर लौटा तो देखा कि शिवलिंग भूमि पर स्थापित हो चुका है। काफी प्रयास करने पर वह नहीं उठा सका। जब क्रोधित होकर ग्वाले की ओर दौडा, जिस पर ग्वाला वहां से भाग कर कुछ दूर स्थित एक कुंए में कूद गया। जो कि वर्तमान में बाबा भूतनाथ के नाम से विख्यात है। किवदंती है कि ग्वाले के रुप में भगवान विष्णु जी ने लीला रचकर भगवान को लंका जाने से रोक लिया।

गोला में सज गया भूतनाथ मंदिर

गोला का ऐतिहासिक बाबा भूतनाथ कुंआ

गोला बाबा भूतनाथ मंदिर में दर्शन करने जाते श्रद्धालु

गोला भूतनाथ मंदिर का प्रवेश द्वार

यहां लगते हैं, खेल तमाशे, झूले

भूतनाथ मेले की प्रसिद्धि के चलते यहां तमाम दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीद फरोख्त के साथ खेल तमाशों भी शुमार होने लगे है। जहां बच्चे जमकर खेल तमाशा व धमाल मचाएंगे। मेले की तमाम तैयारियों को लेकर शहर सहित दूर दराज से आए व्यापारी अपनी दुकानों को सामानों से सजाने संवारने में कोई कमी नहीं छोड़ना चाह रहे है।

पुलिस सुरक्षा का खाका तैयार, चप्पा-चप्पा पुलिस के रडार पर

बाबा भूतनाथ मेले के लिए सोमवार को बडी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जा चुका है। जिसमें एक अतिरिक्त सीओ, थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक, महिला एसआई, कांस्टेबिल, महिला आरक्षी, होमगार्ड, यूपी के साथ चार अतिरिक्त पीआरवी पुलिस वैन पुलिस बल मेले की निगरानी के लिए मुकम्मल किया गया है। पौराणिक शिवालय व भूतनाथ मंदिर सहित शहर के सभी मंदिर पुलिस के रडार पर रहेंगे।

जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने लिया भूतनाथ मेले की तैयारियों का जायजा

सोमवार को पड़ने वाले सावन माह के भूतनाथ मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने दल बल के साथ मंदिर परिसर सहित भूतनाथ मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए मातहतों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों ने सोमवार को पड़ रहे अवध क्षेत्र के ऐतिहासिक सबसे बड़े एक दिवसीय भूतनाथ मेले के मद्देनजर की गई तैयारियों की समीक्षा की तथा शिवमंदिर व तीर्थ क्षेत्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मातहतों को समुचित व्यवस्थाए दुरुस्त रखने और मेलार्थियों की सुविधा व सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीओ, इंस्पेक्टर पुलिस व राजस्व विभाग स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

भक्तों ने टेका मत्था

पौराणिक शिव मंदिर में सावन माह में भक्तों कांवड़ियों के आवागमन का सिलसिला जारी है। सुदूर क्षेत्रों से आए भक्त महिला पुरुषों ने भक्ति पूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए दूध, गंगाजल, फल, फूल, बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि अर्पित कर मत्था टेका। पौराणिक शिव नगरी में सावन माह भर भक्तों कांवड़ियों की चहलकदमी को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा व चौकसी के व्यापक प्रबंध किए गए।

बड़ी संख्या में जुटेंगे महिला व पुरुष मेले में

सोमवार को पडने वाले बाबा भूतनाथ मेले के पूर्व ही शनिवार से ही भक्तों कांवड़ियों के बडे बडे जत्थों का शहर में आगमन शुरु हो गया है। शहर को आने वाले सभी मार्गों की सीमाओं पर स्थित शिव सहित अन्य देवी देवताओं के मंदिरों में कांवड़ियों ने अपने जत्थों के साथ डेरा डाल दिया है। खास बात यह है। कि इस मेले में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवक, युवतियों, बडे बुजुर्गों का रुझान मेले के प्रति कालांतर से चला आ रहा है।

जिम्मेदार बोले

मेले की सुरक्षा की कमान संभाले क्षेत्राधिकारी अजेंद्र यादव ने बताया कि पूर्व के सोमवारों के साथ तैनात पुलिस फोर्स में और ईजाफा करते हुए अतिरिक्त सीओ, थानाध्यक्ष, तैनात किए गए है। सोमवार को किसी भी गतिविधि पर नियंत्रण के लिए पुलिस सजग व सतर्क है।

> कोतवाल रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि सुरक्षा के सभी बंदोबस्त कर पुलिस तैनाती की जा चुकी है। लोगों से अपील है, कि किसी प्रकार की अफवाह न फैलाए और ना ही फैलने दे। किसी घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस के सीयूजी नंबर 9454403780 प्रभारी निरीक्षक गोला के नंबर पर सूचना दे। जनता के सहयोग से जनता के लिए जनता की सुरक्षा में पुलिस तत्पर है।

जिले में वक्फ बोर्ड की कुल 2630 संपत्तियां : जिला अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अधिकारी

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि जिले में कुल 2630 वक्फ संपत्तियां सुन्नी और शिया वक्फ बोर्ड में पंजीकृत हैं। इनमें मस्जिदें, कब्रिस्तान, मदरसे और अन्य धार्मिक स्थल शामिल हैं, जो समुदाय के धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती हैं। सुन्नी वक्फ बोर्ड में 2620 तो वही शिया वक्फ बोर्ड में 10 संपत्तियां दर्ज हैं। जिले की एक वक्फ संपत्ति का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है।

सरकार ने वक्फ संपत्तियों के प्रशासन, प्रबंधन और संरक्षण को सुदृढ़ बनाने के लिए एक नए वक्फ कानून का प्रस्ताव रखा है। इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना, पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सख्त बनाना, और संपत्तियों के कुशल प्रबंधन के लिए विशेष प्रावधानों को लागू करना है। नया वक्फ कानून वक्फ संपत्तियों के प्रभावी संरक्षण और उनके सही उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसमें वक्फ बोर्डों को अधिक स्वायत्तता और जवाबदेही प्रदान करने की योजना है, जिससे वे अपने संसाधनों का बेहतर प्रबंधन कर सकें और समुदाय के विकास में योगदान दे सकें।

हाईकोर्ट का आदेश : वक्फ संपत्तियों का राजस्व अभिलेखों से मिलान किया जाए

हाल ही में, हाईकोर्ट ने वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। दिसंबर 2023 में जारी इस आदेश में अदालत ने निर्देश दिया है कि सभी वक्फ संपत्तियों का राजस्व अभिलेखों से मिलान किया जाए। इस कदम का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों की सही स्थिति का पता लगाना और किसी भी प्रकार की अनियमितता को समाप्त करना है।

> ये बदलाव वक्फ संपत्तियों को सुरक्षित करने के बजाय उन्हें और अधिक असुरक्षित बना देंगे। सरकार वक्फ संपत्तियों से जो अवैध कब्जा हटाने की बात कहती है। इसके लिए वक्फ अधिनियम 1995 में पहले से ही अवैध कब्जे हटाने के लिए प्रावधान मौजूद हैं, इसलिए नए प्रावधान जोड़ने की कोई आवश्यकता ही नहीं है। मौजूदा कानूनों का सही तरीके से पालन और क्रियान्वयन ही वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है।
> **जाहिद अली खान, एडवोकेट।**

रोड पर गिरा पेड़, यातायात बाधित

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

लखीमपुर खीरी के पलिया संपूर्णानगर रोड पर नौरंगपुर के पास लगातार हो रही बारिश के चलते रोड किनारे लगा एक विशालकाय पेड़ रोड के बीचों–बीच गिर गया। पेड़ के रोड पर गिरने से रोड के दोनों ओर यातायात का संचालन ठप हो गया। लोगों द्वारा पेड़ को रोड से हटाया गया जिसके बाद रोड पर वाहनों का संचालन शुरू हो सका। इस दौरान करीब एक घंटे तक रोड पर वाहनों का संचालन बाधित रहा।

क्षेत्र में रुक–रुक कर तीन दिनों से बारिश का सिलसिला लगातार जार है। ऐसे में जल भराव के साथ सड़क किनारे पर खड़े पड़ भी गिर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को पलिया

सम्पूर्णानगर रोड पर नौरंगपुर के पास सड़क किनारे पर खड़ा एक शीशम का पेड़ रोड के बीचों–बीच गिर गया। पेड़ के रोड पर गिरने से करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा।सूचना पर बलराज सिंह, सूरज, मंदीप सिंह उर्फ मनी जसवीर, राकेश, देवेंद्र सिंह, जोगेंद्र उर्फ सहित लोग के प्रयास के बाद ट्रैक्टर की मदद से पेड़ को रोड से किनारे किया गया जिसके बाद वाहनों का संचालन जारी हो सका।

एडीएम ने प्रस्तावित मूल्यांकन सूची पर मांगी आपत्तियां और सुझाव

लखीमपुर खीरी। एडीएम संजय कुमार सिंह ने आमजन को सूचित करते हुए बताया कि उप्र स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 व यथासंशोधित उप्र स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2013 व उप्र स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2015 के अंतर्गत जिले में नई मूल्यांकन सूची 17 अगस्त से प्रभावी किया जाना है, जिसका प्रस्तावित प्रारूप जनपद के समस्त उप निबंधक कार्यालयों में अनुरक्षित है। उक्त मूल्यांकन सूची के संबंध में एडीएम संजय कुमार सिंह ने सभी जनसामान्य से अनुरोध करते हुए कहा कि प्रस्तावित मूल्यांकन सूची के संबंध में यदि आप कोई सुझाव, आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो विज्ञप्ति जारी होने के तिथि से 07 दिनों के अंदर कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबंधन/सहायक आयुक्त स्टाम्प कक्ष संख्या 33 कलेक्ट्रेट परिसर लखीमपुर खीरी अथवा संबंधित उप निबंधक को लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत करा सकते है।

खबरें एक नजर में

छह माह पहले बनी रोड हुई जर्जर, भ्रष्टाचार के चलते सड़क का हुआ बुरा हाल

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज। लखीमपुर खीरी के निघासन इलाके में रकेहटी से ढखेरवा खालसा को जाने वाले संपर्क मार्ग को करीब छह माह पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्यदाई संस्था के माध्यम से सड़क का निर्माण कराया गया था, जो भारी भ्रष्टाचार के चलते भेंट चढ़ गई। जिससे पीडब्ल्यूडी लखीमपुर द्वारा कार्यदाई संस्था के माध्यम से रकेहटी चौराहे से ढखेरवा खालसा के लिए करीब तीन किलोमीटर लंबी सड़क पर डामरी करण का कार्य लगभग 6 माह पहले किया गया था, जो कुछ दिन भी नही चल पाई, जिसमे भारी भ्रष्टाचार के चलते पूरी सड़क टूट कर ध्वस्त हो गई है, जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। ढखेरवा खालसा के पूर्व प्रधान मनोज पांडे का कहना है कि बहुत मांग करने के बाद रकेहटी ढखेरवा खालसा के संपर्क मार्ग का जीर्णोद्धार किया गया था, जो विभाग की लापरवाही के चलते कार्यदायी संस्था द्वारा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया है। रकेहटी निवासी पूर्व प्रधान अजय कुमार गुप्ता बताते हैं कि रकेहटी से सिंगाही जाने के लिए वायां निघासन 15 किलोमीटर पड़ता है, जबकि रकेहटी से ढखेरवा खालसा होते हुए मात्र 10 किलोमीटर ही पड़ता है, सड़क बनने के बाद पुनः टूट गई है, लेकिन जिम्मेदारों को सड़क देखने भर का भी मौका नहीं है। कोई सड़क बनती है तो उसको अभियंता की देख रेख में बनाया जाता है, जिसकी अनुबंध समय और राशि की एक समय सीमा तय होती है, अब देखना यह है कि संबंधित अधिकारी इस मामले को कितने हद तक संज्ञान में लेकर क्या कार्यवाही करते हैं, और कब इसका जीर्णोद्धार किया जाएगा।

हमारा कार्यकर्ता हर घर तिरंगा लगाकर आजादी का महापर्व मनाएगा : विजय शुक्ला रिंकू

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में हर घर तिरंगा अभियान की कार्यशाला मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, मुख्य वक्ता जिला मंत्री भाजपा खीरी उमेश शुक्ला, विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुर्जन लाल वर्मा, अशोक सक्सेना द्वारा पार्टी के पुरोधा पं0 दीनदयाल उपाध्याय एवं डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता उमेश शुक्ला ने कहा,卐 देश की आजादी के महापर्व पर सभी कार्यकर्ता 11 से 13 अगस्त तक एक दिन तिरंगा यात्रा निकालेंगे। 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस–पास स्वच्छता करेंगे व भारत माता के वीर सपूतों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेगें तथा 13 व 14 अगस्त को घरों में सम्पर्क कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाऐंगे। मुख्य अतिथि विजय शुक्ला रिंकू ने कहा भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की नीति से काम करती है ।हमारा कार्यकर्ता हर घर तिरंगा लगाकर आजादी का महापर्व मनाएगा तथा भारत माता के अमर सपूतों के स्मारको पर स्वच्छता एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया ।कार्यक्रम का संचालन धीरज बाजपेयी ने किया। कार्यशाला में नगर उपाध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, रेखा मिश्रा, नगर मंत्री, विनोद कुमार वर्मा, राजीव वर्मा, धीरज बाजपेयी, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता विश्वकर्मा, नगर संयोजक पिछड़ा वर्ग मोर्चा अंकुर वर्मा,नगर संयोजक किसान मोर्चा विकास मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक तेज प्रकाश शुक्ला, शिवम गुप्ता, अमन सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन की ऑफिशियल विजिट, बुके देकर किया स्वागत

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

इनर व्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नवदिशा की होटल आरआर ग्रैंड में बनारस से आई डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन श्री मती अग्रवाल की ऑफिशियल विजिट संपन्न हुई। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष का स्वागत टीका व पिन लगाकर, बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पी डी सी छाया गुप्ता, सरोज गुप्ता, और माधुरी निगम और रोटेरियन चंद्रशेखर और इनरव्हील लखीमपुर खीरी की अध्यक्ष नीरू बरनवाल और सचिव ने आकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से किया गया। उसके बाद क्लब सदस्य पूनम चौरसिया द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई। मंच का कार्यभार सुरभि चोपड़ा और दीप्ति निगम ने किया। कार्यक्रम में कई प्रोजेक्ट भी किए गए। जिसमें रोशनी और सरिता नाम की जरूरत मंद को दो साइकिल दिया गया। जिससे उन्हें आने-जाने में सुविधा हो सके । दो जरूरतमंद व्यक्ति को प्रेस भी दिया गया, जिससे वह अपने परिवार का जीवन का यापन कर सके। साथ ही स्कूल के बच्चों को 25स्कूल बैग दिए गए ।एक सब्जी वाले को बड़ा छाता दिया गया जिससे बारिश और धूप में उसे बचाव मिल सके और वह अपना काम कर आसानी से कर सके। स्वावलंबी बनाने हेतु एक महिला को चेक भी दिया गया जिससे उसके कार्य करने में मदद मिल जाए। कार्यक्रम में नारी शक्ति पर आधारित एक नृत्य की बहुत सुंदर प्रस्तुति क्लब मेंबर लता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, खुशबू मित्तल द्वारा की गई। क्लब मेंबर अरुणा अग्रवाल ने जिला अध्यक्ष के जीवन परिचय व उनके कार्यों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में सचिव गुंजन गुप्ता ने क्लब में होने वाले सभी प्रोजेक्ट को प्रोजेक्टर पर सभी को दिखाया और उसके बारे में सभी को जानकारी दी। इस अवसर पर क्लब की बुलेटिन अलकनंदा का विमोचन किया गया। आज के दिन इस अवसर पर निशी गुप्ता को जिला अध्यक्ष आशा अग्रवाल जी द्वारा पिन लगाकर, नई सदस्य के रूप में नव दिशा परिवार में शामिल किया गया। अंत में जिला अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने क्लब के बारे में सभी को जानकारी दी और क्लब में होने वाले कार्य को कैसे किया जाता है सभी को बताया और सभी का धन्यवाद दिया। बताया कि लखीमपुर आकर उन्हें और सभी से मिलकर उन्हें बहुत ही अच्छा लगा अंत में दीपाली गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

बांग्लादेश में एक समुदाय पर हो रहे अत्याचार पर आक्रोश, निकाला जुलूस

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

रविवार को सिंगाही खुर्द स्थित बाला जी धाम पर, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल सहित के लोगों के साथ जुलूस निकालते हुए बंग्लादेश में हो रहे एक वर्ग पर अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान सर्व सम्मति से निंदा प्रस्ताव पास किया। घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

बंग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बन्द करो के नारे के साथ बड़ी संख्या में लोग रोडों पर आ निकले। सिंगाही खुर्द से बाजार होते हुए भारी बारिश के बीच मिल तिराहे पहुंचे जहां थाना प्रभारी निराला तिवारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि बंग्लादेश में एक विशेष समुदाय द्वारा हो रहे अत्याचार को रोकने के प्रयास किए जाएं। साथ ही पीएम मोदी से वहां पर फंसे लोगों को सुरक्षा प्रदान करने और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही का प्रस्ताव सदन में पास कर सजा दिलाने की मांग की गई। इस दौरान राजेश भास्कर, बजरंग दल के आयुष विश्वास आकाश, आनन्द, देवेन्द्र, व्यापार मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश मद्देशिया, श्यामलाल सोनी व विश्व हिंदू परिषद होरी लाल सहित थाना क्षेत्र के कई गांव के सनातनी समाज के लोग शामिल रहे।

बीमारी के चलते भा.अ.सं. जिला मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष का निधन

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड मितौली के ग्राम छोटा सेमरावां निवासी भाजपा अल्प संख्यक जिला मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल नयन उर्फ पिंकू सिंह का डेंगू बीमारी के चलते रात लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार उनके पैतृक गांव में गमगीन माहौल में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों की मौजूदगी में किया गया। कमल नयन एक मिलन सार व्यक्ति के साथ - साथ एक सामाजिक और व्यक्तित्व के धनी थे। अपनी 35 साल की उम्र में समाज सेवा के लिए पहचाना जाता थे ,मोदी और योगी की नीतियों से प्रभावित होकर कमलनयन ने भाजपा पार्टी के लिए जी तोड़ मेहनत की, और उन्हें पार्टी नें अल्पसंख्यक जिला मोर्चा का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया था, मृत्यु की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अपने पीछे भरा-पूरा परिवार के साथ-साथ पत्नी और दो बच्चे एक लड़की एक लड़का छोड़ कर चले गए। अंतिम संस्कार के अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर, मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, अमित सिंह, जिला भाजपा मंत्री बृजेश सिंह, सहित हजारों की संक्या में रिस्तेदार एवं क्षेत्र के नागरिक मौजूद थे।

प्रधान प्रतिनिधि की अगुवाई में सैकड़ों समर्थकों ने थाने में दिया धरना

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।

प्रधानी उपचुनाव में जीते व हारे पक्षों में चुनावी रंजिश में हुई थी मारपीट

नौरंगाबाद उपचुनाव का परिणाम आने के बाद जीते व हरे प्रत्याशियों में मारपीट हुआ गाली गलौज कर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं के साथ एससी एसटी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर क्रॉस केस दर्ज किया है रविवार को प्रधान प्रतिनिधि की अगवाईयों में सैकड़ो ग्राम वासियों ने थाने पहुंचकर गांव में उलटे गए धोखे की रिपोर्ट न दर्ज होने पर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया और सैकड़ो की तादात में थाने पहुंचकर थाने में बैठकर धरना दिया। पुलिस ने खोखा पलटने के आरोपी को अपनी हिरासत में लिया है।

विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में 8 अगस्त को चुनाव परिणाम आने के बाद ग्राम में हर वह जीते प्रत्याशियों के समर्थक आपस में भिड़ गए। आरोप है कि हारे हुए प्रत्याशी प्रेम दिवाकर के दरवाजे पर जीते हुए उम्मीदवार के समर्थक रामचंद्र चौहान प्रेमचंद भूषण आदि लोग प्रेम पत्र दिवाकर के दरवाजे पर पहुंच गए और जीत की खुशी में गोला दगा दिया जिसका विरोध उनकी पत्नी मीरा देवी ने किया तो अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। द्वितीय पक्ष जीते हुए प्रत्याशी के समर्थक प्रताप निवासी नौरंगाबाद का आरोप है कि उपचुनाव हारे प्रत्याशी प्रेमपति दिवाकर के बड़े पुत्र अश्वनी कुमार, मिथिलेश तथा पांच अन्य अज्ञात लोगों ने समर्थक श्री प्रताप को पकड़ कर उसका गला दबा दिया वह जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया सिंगाही पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज कर मारपीट कर एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन गांव में आगे प्रत्याशी के समर्थकों के द्वारा एक परचून की दुकान का खोखा पलट देने का आप भी लगातार जिसमें पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया था जिसके लिए लोगों में आक्रोश भड़क गया। रविवार को जीते हुए समर्थक ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि की अगुवाई में सैकड़ो ग्राम वासी महिला व पुरुष थाने पहुंच गए और वहां फर्श पर बैठकर गांव में हो रहे उपद्रव के खिलाफ आवाज बुलंद की व खोखे में रखी परचू की दुकान का सामान फेक कर खोखा पलट देने का मामला दर्ज करने की मांग की है। सिंगाही पुलिस ने एक लोग को पकड कर पूछताछ शुरू कर दी है।

> सिंगाही हल्का दरोगा सतीश कुमार यादव ने बताया कि परचून की दुकान का खोखा पलटने की जांच की जा रही है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

हत्यारोपी फरार, चौबीस दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

डीएम, एसपी को लिखित तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़ैया घुरहा के मजरा लालू टांडा गांव में बीते माह की 18 जुलाई को वंदना पत्नी शिवराज सिंह की अस्पताल में इलाज के बाद संदिग्ध मौत हो गई थी।

मृतिका के मायके वालों का आरोप है कि हमारी बहन वंदना सिंह आए दिन अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और जहर पिलाया गया है जिससे अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

जिसकी लिखित तहरीर भीरा थाने में देकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है, लेकिन कांड के किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। आज करीब 24 दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नही कर पाई है। पीड़ित परिवार न्याय पाने के लिए डीएम,एसपी, सहित कई राजनीतिक दलों से मिलकर जल्द गिरफ्तारी की गुहार लगाई है।

ज्ञात हो कि गढ़ैया पंचायत के लालू टांडा गांव में बीते 17/07/2024 को वंदना सिंह पत्नी शिवराज सिंह की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी ,घटना के बाद पीड़ित परिवार मृतिका के भाई के लिखित आवेदन पर शिवराज सिंह, रामओतर सहित सात लोगो के खिलाफ हत्याकांड में शामिल होने का आरोप लगाते हुए भीरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। लेकिन इस कांड में चौबीस दिन बाद भी पुलिस द्वारा एक भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जबकि मृतक के भाई ने डीएम, एसपी खीरी सहित कई राजनीतिक दलों से न्याय की गुहार लगाई है।लेकिन अब तक उन्हें आश्वासन ही दिया गया है। पीड़ित परिवार दर-दर भटकने के बाद भी उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है। जबकि आरोपी खुले आम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार पर दबाव बना रहे हैं की मुकदमा वापस ले लो वर्ना पूरे परिवार को खत्म कर देंगे,आरोपी पैसा के बल पर खुले आम घूम रहे हैं।

सीओ गोला के आश्वासन पर किया गया था अंतिम संस्कार

मृतक वंदना के भाई विवेक सिंह पुत्र महेश पाल सिंह निवासी चूरा टांडा मजरा लुधौरी थाना निघासन ने बताया 18/07/2024 को भीरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी हम लोगो की मांग थी पहले आरोपियों की गिरफ्तारी हो उसके बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा लेकिन सी ओ गोला के आश्वासन पर अंतिम संस्कार किया था सीओ गोला ने कहा था आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया जाएगा लेकिन आज 24 दिन बीतने के बाद भी अभी तक भीरा पुलिस किसी भी आरोपी को नही पकड़ सकी वही हम लोगो को बराबर उक्त लोग धमकी दे रहे हैं जिससे पूरा परिवार दहशत में हैं,आखिर आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस क्यों नहीं कर रही।

पांच वर्ष पूर्व हुआ था विवाह

विवेक सिंह पुत्र महेश पाल सिंह ने बताया हमारी बहन वंदना सिंह का विवाह पांच वर्ष पूर्व 2 मई 2019 को हिन्दू रीति रिवाज से भीरा थाना क्षेत्र के लालू टांडा गांव निवासी शिवराज सिंह पुत्र राम औतार के साथ हुआ था। विवाह में काफी दान दहेज भी दिया गया था उसके वावजूद भी आए दिन शिवराज सिंह वंदना को मारता पीटता था और दहेज की मांग करता था जिसे देने के लिए वंदना के पिता भाई सक्षम नहीं थे दहेज के लालची लोगो ने वंदना को जहर पिलाया था जिससे अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी ।मृतिका के दो छोटे छोटे अबोध बच्चे है अब उनका पालन पोषण कैसे होगा घटना के बाद से सभी आरोपी फरार है।

> अभी तक वंदना सिंह वाले मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है, इसकी विवेचना सी ओ गोला कर रहे हैं।
> **थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा**

डीएम के निर्देश पर गांवों में लगे स्वास्थ्य शिविर, मरीजों का चेकअप कर दी औषधियां

चार गांवो में हुई 507 की स्क्रीनिंग, 127 की टेस्टिंग, मिला एक मलेरिया पॉजिटिव

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर ब्लॉक बेहजम के गांव अल्लीपुर, गुलचौरा और पसगवां के गांव हैरमखेड़ा, अलियापुर में बढ़ते बुखार के मरीजों के प्रसार को रोकने के लिए रविवार को

स्वास्थ्य महकमे ने स्वास्थ्य शिविर लगाया। वही बीडीओ के नेतृत्व में साफ-सफाई, फॉगिंग, एंटीलार्वा छिड़काव करवाकर बुखार, मच्छरों के प्रकोप को कम करने की कवायद हुई। बुखार के प्रसार के दृष्टिगत पसगवां ब्लॉक के गांव हैरमखेड़ा, अलियापुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण किया। साथ ही उन्होंने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से वार्ता की। उन्होंने स्वास्थ्य टीमों द्वारा किए जा रहे उपचार, जांच का अनुश्रवण भी किया। बताया कि गांव में बुखार तेजी से फैल रहा है। जिसे लेकर उन्होंने यह भ्रमण किया है।

बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थियों को बॉर्डर पर घुसने नहीं दे रही मोदी सरकार : अजय राय

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । धर्म को अपनी सियासत का आधार बना कर सिर्फ वैमनस्यता फैलाने का काम योगी करते हैं। बांग्लादेश के मुद्दे पर जिस तरह की स्तरहीन बयानबाजी वो कर रहे हैं वो निहायत निंदनीय है।

प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार निहायत झूठी है, बॉर्डर पर आने वाले हिन्दू शरणार्थियों को घुसने नहीं दिया जा रहा और यहां योगी जी सीना पीट-पीट कर चिल्ला रहे हैं कि हम हिन्दुओं की रक्षा करेंगे। सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में संपूर्ण विपक्ष ने एक स्वर में सरकार को इस मुद्दे पर अपना समर्थन दिया था। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताते हुए सरकार से पूछा था कि भारत सरकार इसे रोकने के लिए क्या कर रही है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि योगी केन्द्र में अपनी सरकार से सवाल करने के बजाय यूपी में बांग्लादेश की आड़ में वोट लेने के लिए धार्मिक विद्वेष फैला रहे हैं।श्री राय ने कहा कि पड़ोस में हुए इतने दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम पर बुलाई गई सर्वदलिय बैठक में खुद प्रधानमंत्री शामिल नही हुए। इससे गंभीर मसले पर और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री की संवेदनहीनता का पता चलता है। श्री राय ने योगी को ताकीद किया की ऐसे संवेदनशील मामले पर अगंभीर और गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से बचना चाहिए।

15 अगस्त को लाल किले पर आमंत्रित की गई, ड्रोन व लखपति दीदियां

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली में लाल किले पर कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत 3 लखपति दीदी एवं 5 ड्रोन दीदियों को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आमंत्रित किया गया है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इसके लिए प्रधानमंत्री के प्रति व ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने लखपति दीदियों में और लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर दीदियों व ड्रोन दीदियों में न केवल नये उत्साह न नयी ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास का भाव और अधिक दृढ़ होगा।

इससे पूरे देश व प्रदेश की महिलाओं में आत्मसम्मान का भाव जागृत होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के और इनके सम्बन्ध में आवश्यक व्यवस्थाएं करने हेतु राज्य स्तर से तीन नोडल अधिकारियों को लगाया गया है। इनके रहने-खाने व ट्रैवल की समुचित व्यवस्था करायी गयी है। इन दीदियों को दिल्ली जाने का रिजर्वेशन करा दिया गया है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने नेचर इंडेक्स रैंकिंग में उपलब्धि हासिल करने पर गोरखपुर विवि को दी बधाई

उच्च शिक्षा मंत्री ने कुलपति, शिक्षकों, कर्मियों को दी बधाई

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने नेचर इंडेक्स रैंकिंग में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, जिसे लेकर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय को हार्दिक बधाई दी है। विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो इसकी उत्कृष्टता का प्रमाण है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, सभी शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मानदंड स्थापित करेगी। नेचर इंडेक्स रैंकिंग उन संस्थानों का आकलन करती है, जो प्राकृतिक विज्ञान की उच्च गुणवत्ता वाली पत्रिकाओं में उल्लेखनीय योगदान करते हैं। रैंकिंग में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि ने भारत के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में 103वां और विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 47वां स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शिक्षा और अनुसंधान में उन्नत स्तर की पुष्टि करती है।

खबरें एक नजर में

राजधानी में तेज बारिश, फ्लाईओवर के नीचे भागे लोग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह से ही बादल छाए रहे। दोपहर 2 बजे के बाद तेज बारिश शुरू हुई। बारिश से बचने के लिए लोग मेट्रो फ्लाईओवर के नीचे खड़े रहे। गोमती नगर में ट्रैफिक स्लो हो गया। सिकंदरबाग में भी जलभराव जैसा रहा। पिछले 24 घंटे में 22.6 मिमि बारिश रिकॉर्ड की गई है। इससे पहले मौसम विभाग ने रविवार को मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताई थी। यह सच साबित हुई और शहर के कई इलाकों में तेज बारिश हो रही है। इससे मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने लखनऊ समेत आसपास के जिलों में लगातार बरसात की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि मानसून सक्रिय होने से लखनऊ में मध्यम से तेज बारिश होगी। इस दौरान सामान्य बारिश औसत से अधिक होगी। लखनऊ में 15 अगस्त तक रिमझिम बारिश के साथ तेज बरसात का सिलसिला जारी रहेगा।

अधिवेशन की तैयारी को लेकर हिन्दू महासभा की बैठक कल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अखिल भारत हिन्दू महासभा, त्रिदंडी के राष्ट्रीय और प्रान्तीय अधिवेशन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आगामी 13 अगस्त को प्रातरू 10.30 बजे प्रदेश कार्यालय, कुर्सी रोड पर आयोजित की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि 25 को राम नगरी अयोध्या में हो रहे अधिवेशन की सफ्लता के लिए आयोजकों की टीम में शामिल लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। मालूम हो कि कि इस अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं। श्री त्रिवेदी ने बताया कि अधिवेशन में भारत में रह रहे अवैध बंगलादेशियों और रोहिंग्यां मुसलमानों को देश के बाहर खदेड़ने का मुद्दा होगा। मालूम हो कि बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद आरक्षण के मूल मुद्दे से हटकर जिस तरह हिन्दुओं को निशाना बनाया गया उससे साफहै कि हिन्दुओं के खिलाफएक साजिश का हिस्सा था। श्री त्रिवेदी ने कहा कि अधिवेशन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर देश में रह रहे अवैध बंगलादेशियों और रोहिंग्याओं को देश से बाहर करने के लिये रणनीति पर विचार किया जायेगा। इस मामले में केन्द्र और देश के विभिन्न राज्य सरकारों ने कोई कदम न उठाये तो पार्टी को मजबूरन आन्दोलनात्मक कदम उठाना पड़ेगा।

अखिलेश यादव ने नटवर सिंह के निधन पर व्यक्त किया दुख

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया। लंबे समय से बीमार नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया था। वह 93 वर्ष के थे। सपा प्रमुख ने 卐एक्स卐 पर एक पोस्ट में कहा, 卐पूर्व विदेश मंत्री, पद्म भूषण से सम्मानित कुंअर नटवर सिंह जी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे नटवर सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां वह पिछले कुछ हफ्तों से भर्ती थे। राजस्थान के भरतपुर जिले में जन्मे नटवर सिंह 2004-05 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में विदेश मंत्री थे। उन्होंने पाकिस्तान में भारत के राजदूत के रूप में भी सेवाएं दी थीं और 1966 से 1971 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यालय से जुड़े हुए थे।

चित्रकूट के बसपा नेता पुष्पेंद्र समर्थकों संग कांग्रेस में शामिल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं समावेशी विचारधारा तथा जननायक राहुल गांधी द्वारा देश एवं संविधान की रक्षा एवं देश के गरीबों, वंचितो, पिछड़ों, दलितों, तथा अल्पसंख्यकों के हक और हकूक के लिए सड़क से लेकर सदन तक किये जा रहे संघर्षों से प्रेरित होकर चित्रकूट के बहुजन समाज पार्टी से चित्रकूट विधानसभा के प्रत्याशी रहे पुष्पेन्द्र सिंह ने आज समर्थकों के साथ कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर अपने पुराने घर कांग्रेस में वापसी की। श्री राय ने पुष्पेन्द्र सिंह सहित उनके समर्थकों के गले में तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा ग्रहण कराई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट के अध्यक्ष कुशल पटेल, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, आरपी सिंह, हरनाम सिंह, राकेश पाण्डेय, संजय सिंह, सोमेश सिंह चौहान, डॉ अमित राय, डॉ श्रवण गुप्ता, आलोक सिंह रैकवार, सोम विकल सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

जैन मन्दिर में धूमधाम से मना मोक्ष कल्याणक महोत्सव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। गोमतीनगर विशाल खंड स्थित जैन मंदिर जी में जैन धर्म के 23 वें तीर्थकर 1008 भगवान श्री पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक रविवार को धूमधाम से मनाया गया। आज ही के दिन भगवान को निर्वाण प्राप्त हुआ था। भगवान के अभिषेक एवं पूजन के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। जिसमें महिलाओं ने सुंदर सूंदर निर्वाण लाडू बनाकर भगवान को अर्पित किये। गोमतीनगर महिला मंडल की अनीता, दीपाली, दीपिका, चंदना, जूली, रश्मि, अर्चना, सपना, अंजली, आरूषी आदि ने भाग लिया। मुख्य शांतिधारा संदीप, अमित जैन, अरविंद, मनीषा जैन द्वारा की गई और मुख्य लाडू अनीता, सुकांत, निकांत वैशाली, पिंकी जैन परिवार द्वारा चढ़ाया गया। इस मौके पर गोमतीनगर मंदिर के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री आलोक, संदीप जैन, निकान्त, अमित, अशोक, विनय कपूर, रचित, अरविंद , जयकुमार, पंडित पीयूष आदि शामिल रहे।

खराब प्रदर्शन वाले जिलों के पुलिस अफसरों पर सीएम सख्त

अफसर नहीं सुधरे तो कार्रवाई के लिए रहें तैयार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित अपराधों के निस्तारण में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों कड़ी फटकार लगायी है साथ ही सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। माना जा रहा है कि सीएम योगी के अल्टीमेटम के बाद भी सुधार न होने पर कई अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। वैसे तो उत्तर प्रदेश महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश में पहले स्थान पर है। बावजूद इसके प्रदेश के कई जिलों का महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण का अनुपात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षा के अनुरुप नहीं है। सीएम योगी की मंशा है कि महिला संबंधी अपराधों का निस्तारण शत-प्रतिशत होना चाहिये, जबकि प्रदेश के कुछ जिलों का रेश्यो 80 से 90 प्रतिशत के बीच है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की थी। बैठक में अधिकारियों ने सीएम योगी के सामने

आईटीएसएसओ पोर्टल के आधार पर 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2024 की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें बताया गया कि उत्तर प्रदेश महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश भर के राज्यों में पहले स्थान पर है। प्रदेश का निस्तारण रेश्यो 98.70 प्रतिशत है। वहीं केंद्र शासित राज्यों में लद्दाख पहले और दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव दूसरे स्थान पर है। इस पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए गृह विभाग की पीठ थपथपाई। वहीं अधिकारियों ने रिपोर्ट के आधार पर सीएम को बताया कि प्रदेश के कुछ जिलों के अधिकारी निस्तारण को लेकर गंभीर नहीं हैं। रिपोर्ट में उनकी लापरवाही सामने आयी है। इस पर सीएम योगी ने नाराजगी जाहिर करते हुए ऐसे अधिकारियों (एसपी, एसएसपी और पुलिस कमिश्नर) को एक माह में सुधार लाने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही अधिकारियों को एक माह बाद लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट शासन को उपब्लध कराने के निर्देश दिये हैं। माना जा रहा है कि यदि लापरवाह अधिकारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होता है तो उन पर गाज गिर सकती है। अधिकारियों के अनुसार इन जिलों में निस्तारण का रेश्यो 80 से 90 प्रतिशत के बीच है जबकि सीएम योगी महिला एवं बच्चियों संबंधी अपराधों के निस्तारण का रेश्या शत-प्रतिशत चाहते हैं। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अमरोहा में महिला अपराध संबंधी 1142 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 1117 मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट की गई। इसका डिस्पोजल रेट 97.81 प्रतिशत है।

कॉम्प्लाएंस रेट में प्रयागराज कमिश्नरेट संग प्रतापगढ़ फिसड्डी

गृह विभाग के इंवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंस (आईटीएसएसओ) पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज कमिश्नरेट का कॉम्प्लाएंस रेट क्रमश- 80.48 प्रतिशत है। वहीं प्रतापगढ़ का कॉम्प्लाएंस रेट 84.31 प्रतिशत, कानपुर देहात का 85.37 प्रतिशत और चित्रकूट का 86.27 प्रतिशत है। इस पर सीएम योगी ने बेहद नाराजगी जाहिर की है। सीएम ने इन जिलों के अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराधों पर लगाम लगाने के साथ दर्ज मामलों में कम से कम समय में आरोपियों को सजा दिलाने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह बरेली में महिला अपराध संबंधी 2997 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 8 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.27 प्रतिशत है। अलीगढ़ में 1910 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 6 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.31 प्रतिशत है। सुल्तानपुर में 952 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 3 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.32 प्रतिशत है। फतेहगढ़ में 767 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 2 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.26 प्रतिशत है। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राथमिकता के आधार पर पेंडिंग मामलों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने इसको लेकर वह एक माह बाद भी समीक्षा करेंगे अगर स्थिति संतोषजनक नहीं मिली तो बेपरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

सीएम आवास के सामने आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला ने तोड़ा दम

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित सीएम आवास के पास आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला अंजली जाटव जिंदगी की जंग हार गई है। शनिवार रात करीब एक बजे महिला ने केजीएमयू में अंतिम सांस ली है। महिला 90 फीसदी तक जल चुकी थी। महिला की हालत शुरूआत से नाजुक बताई जा रही थी। अंजली जाटव ने पारिवारिक विवाद के बाद उकसाने पर मंगलवार को सीएम आवास के पास पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया था। राजधानी में सीएम आवास के करीब हुई घटना के बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद पूरे प्रदेश में हंगामा मच गया था।

अंजली जाटव को आत्मदाह के लिए उसके वकील ने उकसाया था। इस बात का खुलासा महिला के वकील की फोन रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद पुलिस ने किया था। रिकॉर्डिंग में वकील महिला को आत्मदाह के लिए उकसा रहा था, महिला को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में वकील को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। फोरेंसिक रिपोर्ट में पेट्रोल डालकर आग लगाने की बात सामने आने के बाद पुलिस पेट्रोल पंप की जानकारी जुटाने में जुट गई। जिसमें गुरुवार को सफलता भी मिल गई। पुरवा कोतवाली के मिर्री चौराहा पर स्थित पेट्रोल पंप से महिला ने पेट्रोल खरीदा था। इसकी फुटेज भी पुलिस को मिल गई है। पुरवा पुलिस पेट्रोल पंप संचालक पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

उन्नाव के पुरवा थानाक्षेत्र के छत्ता खेड़ा गांव में रहने वाली अंजली जाटव पत्नी देशराज को उसके ससुरालीजन मारने पीटने के साथ ही प्रताड़ित करते थे, जिसकी शिकायत अंजलि ने पुरवा पुलिस से की। इधर अंजलि की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मारपीट और प्रताड़ित करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद सोमवार को महिला के पति और देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बावजूद ससुरालीजन उसे प्रताड़ित कर रहे थे। जिससे परेशान होकर मंगलवार को वह लखनऊ सीएम आवास के बाहर अपने मासूम बच्चे को गोद में लेकर पहुंची। जहां उसने बैग में रखी पेट्रोल की बोतल निकाली और खुद पर छिड़कने के बाद आग लगा ली। यह देख वहां मौजूद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया।

तुलसी के राम विषय पर श्रीराम चरितमानस व संगोष्ठी का आयोजन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। महाकवि गोस्वामी तुलसी दास जी की जयंती के पावन अवसर पर हिंदी सभा सीतापुर के नरोत्तम सभागार में हिंदी सभा एवं अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) अयोध्या के तत्वावधान में तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिस अवसर पर तुलसी के राम विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी सभा अध्यक्ष आशीष मिश्र ने की। एवं कार्यक्रम समव्यक के रूप में गिरीश चंद्र मिश्र रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री रजनीश मिश्र ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में रामचरितमानस मर्मज्ञ अशोक शुक्ल ने राम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा राम का जीवन सदैव ही लोक कल्याण के लिए बीता जिसका गोस्वामी तुलसी दास जी ने बहुत मार्मिक वर्णन राम चरितमानस में किया। रामचरित मानस की एक एक चौपाई मानव जीवन को परिवर्तित करती है। कार्यक्रम के समन्यवक के रूप में गिरीश चंद्र मिश्र ने कहा संस्कृति विभाग का ऐसा प्रयास रहता है समय समय पर ऐसे आयोजन होते रहें। जिससे समाज में अपने धर्म एवं राष्ट्र प्रति पारायणता का बोध होता रहे। पूर्व में भी ऐसे आयोजन होते रहे है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन की कल्पनाएं है और तब समाज के हर व्यक्ति की यह नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है कि वह बढ़ चढ़ कर सहभागी हो ऐसे आयोजनों को सफल बनाएं। अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम अध्यक्ष आशीष मिश्र ने राम चरित मानस के मर्म को व्यक्त करते हुए कहा राम को समझना है तो रामचरित मान के एक एक शब्द को समझना होगा। क्योंकि मानस में वह सब कुछ विदित है जो को एक स्वस्थ रामराज्य की कल्पना को साकार करता है।

मकान की पहली मंजिल पर लगी आग, शॉर्ट सर्किट की वजह से हादसा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर-12 में एक मकान के फर्स्ट फ्लोर पर अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम की तीन गाड़ियों ने 1 घंटे में आग पर काबू पाया। घटना शनिवार रात की है। जानकारी के मुताबिक आग की वजह से मकान में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि प्रशांत सिंह धामी अपने परिवार के साथ उतरेठिया रेलवे स्टेशन के पास, वृंदावन योजना सेक्टर-12 में रहते हैं। शनिवार रात करीब 12 बजे घर की पहली मंजिल पर आग लग गई। आग ने कुछ ही देर विकराल रूप धारण कर लिया। घर में मौजूद परिजनों ने बाहर निकलकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पीजीआई फायर स्टेशन प्रभारी मामचंद बढ़गूजर फायर की तीन गाड़ियों से साथ पहुंचे और आग कंट्रोल किया गया। उन्होंने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने का अंदेशा हो रहा है, लेकिन मामले की जांच की जा रही है। आगजनी की घटना में कोई कैजुअल्टी नहीं हुई है।

करहल विधानसभा से तेजप्रताप यादव लड़ेंगे चुनाव

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । मैनपुरी समाजवादी पार्टी का अभेद किला माना जाता है। मैनपुरी और उसमें भी करहल विधानसभा सीट का अलग ही महत्व है। सैफई से सटे इस विधानसभा क्षेत्र में 1993 के बाद केवल एक चुनाव को छोड़ दें तो सपा के प्रत्याशियों को कोई पराजित नहीं कर पाया। इसी सीट से सपा मुखिया अखिलेश यादव अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़े थे। अब जब वह कन्नौज से सांसद हैं तो इस गढ़ में उनकी विरासत संभालने का जिम्मा तेजप्रताप यादव को सौंपने की तैयारी है।

लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के लिए कन्नौज सीट पर तेजप्रताप यादव का टिकट काटा गया था। अब उनको करहल विधानसभा सीट से लड़ाकर इसकी भरपाई होगी। मुलायम सिंह यादव की कर्मस्थली रहा मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र सपा के गढ़ के रूप में मशहूर है। लोकसभा ही नहीं, यहां की विधानसभा सीटों पर सपा का वर्चस्व रहा है। इनमें करहल विधानसभा सीट शामिल है।सपा के गठन के बाद वर्ष 1993 में सपा ने पहली बार इस सीट पर बाबूराम यादव को प्रत्याशी बनाया था।बाबूराम यादव उससे पहले अन्य दलों की टिकट पर तीन बार विधायक रह चुके थे।सपा की टिकट पर भी उन्होंने जीत हासिल की थी और उसके बाद वर्ष 1996 के चुनाव में भी विधायक बने। 2002 मे चुनाव में भाजपा की टिकट पर सोबरन सिंह यादव विधायक बने, बाद में वह सपा में शामिल हो गए और लगातार तीन चुनाव जीते। 2022 में इस सीट से अखिलेश यादव विधायक बने। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल को बड़े अंतर से हराया था। अखिलेश यादव के भतीजे तेजप्रताप यादव 2014 के लोकसभा उपचुनाव में सांसद बने थे। उन्होंने मैनपुरी के चुनावों में पार्टी के प्रत्याशियों के लिए जमकर मेहनत की थी। इस साल लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उनको कन्नौज से प्रत्याशी घोषित किया था परंतु उसके बाद उनके स्थान पर अखिलेश यादव ने चुनाव लड़ा। तेजप्रताप यादव को पार्टी करहल विधानसभा सीट पर लड़ाने की तैयारी में हैं। तेजप्रताप यादव का क्षेत्र में व्यापक संपर्क है और आगामी उपचुनाव से पहले उन्होंने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष के घर चोरी का प्रयास, परिजनों के जगाने पर भागे चोर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भाजपा मोहनलालगंज मंडल के अध्यक्ष चक्रवीर सिंह उर्फबेटू अपने परिवार के साथ पैतृक गांव डाढा सिकन्दरपुर में रहते है,उन्होने बताया बीते शनिवार की रात खाना खाने के बाद परिवार सहित अलग अलग कमरो में सो गये, देर रात निर्माणाधीन घर की छत से अंदर घुसे चोर एक कमरे में रखी अलमारी व उसका लांकर खोलकर खगालने लगे, तभी चोरो की आहट पाकर छोटी बेटी ज्योति सिंह की नींद खुल गयी ओर चिल्लाने लगी, उसकी आवाज सुनकर परिवार के सभी सदस्य उठ गये,जिसके बाद छत के रास्ते ही चोर खेतो में कूदकर भाग निकले। जिसके बाद मंडल अध्यक्ष ने फोन कर पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल के बाद वापस लौट आयी।दो दिन पहले भी इसी गांव में रहने वाले फार्मेसिस्ट संतोष यादव के घर धावा बोलकर बैखोफचोर नगदी व लाखों के जेवरात उड़ा चुके है। मंडल अध्यक्ष के घर चोरो के धावे से गांव के लोग दहशत में आ गये है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मंडल अध्यक्ष के घर चोरी का प्रयास किया गया है, परिवार की सजगता से चोर भाग निकले थे। पीड़ित ने लिखित शिकायत नही की है फिर भी पुलिस की टीमो को चोरो की तलाश में लगाया गया है।

मानस को वास्तविकता में उतारने से सार्थक होगा जीवन : स्वतंत्र देव सिंह

समृद्धि न्यूज

कानपुर। श्रीरामचरित मानस ऐसा अद्भुत ग्रंथ है जो जीवन के हर कदम पर सीखने की प्रेरणा देता है। इसके रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी ने ईश्वर के प्रेम और भक्ति में ऐसे महान ग्रंथ की रचना की जो विश्व की अमूल्य धरोहर बन गया।

यह रविवार को कानपुर के मोती झील स्थित तुलसी उपवन पार्क में मानस संगम के तत्वावधान में आयोजित तुलसी जयंती समारोह में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कही। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि तुलसी बाबा ने प्रभु श्रीराम से प्रेम किया और जीवन भर ऐसे ही प्रीत करते रहे। तुलसीदास जी का व्यक्तित्व महान था, उसके कारण वह दुनिया में पूजे जा रहे हैं। वह ईश्वर के स्नेह में पागल थे, इसी पागलपन में उन्होंने लाश को नाव और सर्प को रस्सी समझ लिया। जब वह प्रेम के पागलपन में चढ़े और पत्नी सामने आई तो उसने कहा कि किस चक्कर में पड़े हो। तुम्हें प्यार करना है तो ईश्वर से प्यार करो। इस घटना से उनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन हुआ और प्रभु श्रीराम से प्रेम करने लगे। उन्होंने तुलसीदास के जीवन की दूसरी घटना बताते हुए कहा कि जब अकबर ने उन्हें अपना दरबारी बनाने का प्रस्ताव दिया तो वह बोले मैं तो प्रभु श्रीराम का दरबारी हूं, तुम्हें जो करना हो कर लो। वह पूरे जीवन में श्रीराम से प्यार करते रहे। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि परिवार, प्रकृति, जल, वृक्ष आदि से प्यार करने का आह्वान किया। प्यार में वह ताकत है जो व्यक्ति को बहुत आगे तक ले जाता है। मानस हमें जीवन जीने की कला यानी पति-पत्नी, भाई-भाई के बीच प्रेम सिखाती है। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन शुरु हो चुका है, आने वाले समय में उन्हीं का महत्व होगा जो प्रभु राम से प्रेम करते हैं, उनकी पूजा करते हैं। प्रकृति से प्रेम नहीं करेंगे तो यह सब आपका साथ छोड़ देंगे।

समीक्षा | मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनइपी 2020 के क्रियान्वयन को लेकर की समीक्षा

माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रमों के भार को किया जाए कम

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनइपी 2020 के दृष्टिगत क्रियान्वयन तथा भावी योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक, व्यावसायिक, कृषि तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिवो ने अपने विभागों की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने दिशा-निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि एनईपी का विजन उच्च शिक्षण संस्थानों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुये गुणवत्तापूर्ण, सार्वभौमिक एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराया जाना है। उत्तर प्रदेश एनईपी को लागू करने वाला अग्रणी राज्य रहा है। बीते तीन वर्षों में इसके माध्यम से सकल नामांकन दर में वृद्धि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता स्तर में सुधार के लिए हुए प्रयासों के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं।उत्तर प्रदेश ने एक मंडल विश्वविद्यालय का लक्ष्य पूरा कर लिया है और हम एक जिला-एक विश्वविद्यालय की ओर बढ़ रहे हैं। ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो को बेहतर करने में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना से सहायता मिल रही है। वर्तमान में उच्च शिक्षण संस्थानों में जीईआर 25 फीसदी है। हमारा लक्ष्य हो कि 10 वर्षों में 50 फीसदी से अधिक हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ज्ञान, कौशल विकास और रोजगारपरक शिक्षा पर विशेष ध्यान देती है। युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। करिकुलम तैयार करते समय इन विषयों को केंद्र में रखा जाए। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के माध्यम से स्नातक व डिप्लोमा उत्तीर्ण युवाओं को औद्योगिक संस्थानों में अप्रेंटिशप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में 53 हजार से अधिक युवा इस योजना से जुड़े और इस वर्ष अब तक 11 हजार अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है, जिसमें 2800 युवा अप्रेंटिस कर रहे हैं। औद्योगिक इकाइयों से संवाद समन्वय कर अधिकाधिक युवाओं को लाभान्वित कराएं। शिशिक्षुओं को समय से स्टाइपेंड का भुगतान होना चाहिए। आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय में महान साहित्यकार, विचारक राहुल सांकृत्यायन के नाम पर शोधपीठ की स्थापना की जाए। यह पीठ राहुल सांकृत्यायन जी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर शोध-अध्ययन के लिए युवाओं के लिए उचित मंच प्रदान करेगी। एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एबीसी प्लेटफार्म पर सभी छात्रों का पंजीकरण अनिवार्य होना चाहिए। छात्र क्रेडिट हस्तांतरण इसी प्लेटफार्म के माध्यम से प्रबंधित किये जाएं। इसके बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक करें। मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एक्जिट प्रणाली को लागू किया जाए। कृषि शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान में अपार अवसर हैं। कॅरियर की दृष्टि से भी यह सेक्टर बड़ी संभावनाएं समेटे हुए है। हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में युवाओं का आकर्षण इस ओर देखने को मिला है। पाठ्यक्रम बढ़े हैं, छात्र बढ़े हैं। आज सभी 04 कृषि विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित हो रहे हैं।

जिले के 11 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

- डीएम ने अधिकारियों संग की बैठक
- सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के दिये निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती के लिए 23 से 25 अगस्त व 30 एवं 31 अगस्त को दो पालियों में होने वाली लिखित परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बंध में जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर शासन की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी करें।

डीएम ने बताया कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी पेपर, पेन्सिल बाक्स, कैलकुलेटर, सनग्लास, वायलेट, कैप, ज्वैलरी, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाभी, ब्लूट्यूब, डिजिटल पेन, हेल्थबैण्ड सहित अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी।बताया कि केंद्र में 2 सहायक केन्द्र व्यवस्थापक व 02 परीक्षा सहायक के साथ 01-01 स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो परीक्षा की निगरानी करेंगे।

डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे। जनपद में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों को पहुचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, बस व रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी तैनात किये गये है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि नवीन व्यवस्था के तहत भर्ती परीक्षा में पुरुष व महिला परीक्षार्थियों की तलाशी का कार्य पुरुष व महिला आरक्षियों द्वारा किया जायेगा। एसपी ने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र परिसर के आस-पास सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये जायेंगे। एसपी ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक सम्पन्न होगी।एसपी ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जनपद में 11 परीक्षा केन्द्रों राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आज़ाद इण्टर कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज, वैद्य भगवानदीन मिश्र गाँधी इण्टर कालेज, तारा महिला इण्टर कालेज, किसान पीजी कालेज, महिला पीजी कालेज, राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम रोड, आर्य कन्या इण्टर कालेज व राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदपुर (आईटीआई कैम्पस), नानपारा रोड बहराइच पर पुलिस भर्ती परीक्षा सम्पन्न होगी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रशासन, पुलिस भर्ती परीक्षा/अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, परिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

महिला ने निकाह का झांसा देकर शारीरिक शोषण का लगाया आरोप

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने गांव के ही एक युवक पर निकाह का झांसा देकर कई वर्षों से शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

पीड़ित महिला ने दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पड़ोस के ही रहने वाले एक युवक ने उससे शादी का वादा किया और पति-पत्नी की तरह रहने लगे। जिसकी जानकारी युवक के परिवार वालों को भी है। कुछ दिन पहले से उसके माता-पिता उस पर किसी अन्य युवती से जबरिया तरीके से अलग निकाह करने का दबाव बनाने लगे और अब वह युवक भी अपने मां-बाप के कहने पर उससे शादी ना करके दूसरी युवती से शादी करना चाहता है। महिला का आरोप है कि शादी का झांसा देते हुए युवक ने कई वर्षों से उसके साथ शारीरिक शोषण किया और उसका जीवन बर्बाद कर दिया। महिला का कहना है कि उसने स्थानीय कोतवाली सहित जिले स्तर के आला अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में कोतवाल श्रीधर पाठक का कहना है कि युवती ना तो थाने आई है और ना ही उसके द्वारा शिकायत की गई है। प्रार्थना पत्र मिलने पर जांचोपरांत उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

सावन माह पर हुआ रुद्राभिषेक

गोन्डा, समृद्धि न्यूज। रविवार को रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी धर्मशाला में मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। जो सुबह 7:00 बजे सामूहिक रुद्राभिषेक का कार्यक्रम किया गया। रुद्राभिषेक कार्यक्रम में 11 जोड़ों के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक में पूजा की सारी व्यवस्था मंच द्वारा की गई। पूजा का कार्यक्रम उज्जैन से आए हुए शास्त्रीय किशोर जोशी जी द्वारा करवाया गया। शास्त्री जी ने पूजा के बीच-बीच में हमें रुद्राभिषेक पूजन के बारे में ऐसी बहुत सी जानकारियां भी दी। शास्त्री जी ने सबसे पहले पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना की उसके बाद दूध से रुद्राभिषेक किया गया। आखरी में आरती के साथ पूजा का समापन हुआ। बाद में सभी जोड़ों को मंच द्वारा प्रसाद, डमरू ,सुहाग का सामान, और लोटा उपहार स्वरूप शास्त्रीय जी द्वारा दिया गया । सभी जोड़े और सभी मेंबर्स रुद्राभिषेक करवा कर बहुत ही आनंदित हुए। इस कार्यक्रम में मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलम जैन महिला शाखा अध्यक्ष नीतू गर्ग, प्रेमलता सिंघल, सविता गोयल, भावना सोमानी,किरन बंसल, सुधा अग्रवाल ,पूजा अग्रवाल,संगीता अग्रवाल, सुप्रिया सिंघल सहित अन्य लोग मौजूद रहीं।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र में एक बाइक सवार युवक को चार पहिया गाड़ी ने टक्कर मार दिया जिस से उस की मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के दिनारी गांव के निवासी 30 वर्षीय दिनेश प्रताप सिंह पुत्र दद्दन से बाइक से परस पुर बाजार गये हुए थे। वही से वापस घर लौट रहे थे। लौटते समय किसी चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिस से गम्भीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए कर्नल गंज सी एस सी पर लाया गया। जहाँ चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया।

मिनी बैंक संचालक हरीश सिंह उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

नगर पंचायत परसपुर स्थित मिनी बैंक के संचालक हरीश सिंह को शनिवार को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के गोंडा रीजनल ऑफिस के एफआई मैनेजर धर्मराज गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार सिन्हा, आनंद पाण्डेय, विवेक पाण्डेय सहित कई गणमान्यजन भी उपस्थित रहे।

हरीश सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने,ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं प्रदान करने और बैंकिंग सेवाओं के उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में मिनी बैंक ने न केवल सेवाओं में सुधार किया है,बल्कि

ग्राहकों के बीच विश्वास और संतोष का स्तर भी बढ़ाया है। विशेष रूप से, हरीश सिंह ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY), और अटल पेंशन योजना को सफलतापूर्वक लागू किया है। उनके प्रयासों से इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण लोगों तक पहुंचा है, जिससे आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

लायंस क्लब गोंडा सेवा ने लगाया चौथा वाटर कूलर

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

सेवा कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने में शुमार लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा आज चौथा वाटर कूलर लगाया गया, जिसका उद्घाटन नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। बताते चलें कि लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा वर्षों से गरीबों, बुजुर्गों, अनाथ बच्चों, बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ समय-समय पर कंबल वितरण, निःशुल्क भोजन, निःशुल्क जलप्याऊ, बाढ़ राहत सामग्री वितरण करना आदि सेवा कार्य निरंतर किया जा रहा है। क्लब द्वारा शहर में अब तक चार वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं, पहला वाटर कूलर तहसील परिसर गोंडा, दूसरा अंबेडकर चौराहा, तीसरा गुरु नानक चौराहा और आज चौथा रोडवेज पुलिस चौकी के ठीक बगल लगाया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में आए

- नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा ने वाटर कूलर का उद्घाटन करने के उपरांत इस पुनीत कार्य के लिए क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि इसी तरह जनपद के अन्य सेवा कार्य करने वाले सामाजिक संस्थाओं को बढ़ चढ़कर अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। वहीं रोडवेज चौकी प्रभारी राजेंद्र कनौजिया द्वारा बताया गया कि इस स्थान पर वाटर कूलर लगाए जाने से जहां एक तरफ रोडवेज यात्री ठंडा पानी पी सकेंगे वहीं आसपास काफी संख्या में पढ़ने वाले छात्र भी रहते हैं जिन्हें भी निशुल्क रूप से ठंडा पानी उपलब्ध होगा। इस अवसर पर

लायंस क्लब गोण्डा सेवा के ला. चंद्रकेश मिश्रा, ला. राजकुमार जायसवाल, ला. अजय मित्तल, ला. अशोक गुप्ता, ला. अजीत सिंह सलूजा, ला. सुशील जालान, ला. बसंत कुमार नेवाटिया, ला. पवन जायसवाल, ला. मुकेश अग्रवाल, ला. डॉक्टर के के मिश्रा, ला. विवेक लोहिया, ला. राजीव अग्रवाल, ला. अमित पाण्डेय, ला. अरविंद श्रीवास्तव, ला. देवेंद्र जायसवाल, ला. सरवन अग्रवाल, ला. दीपक गुप्ता,ला. अजय गर्ग, ला. मनीष धनकानी आदि लायन उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। परस पुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर पर फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। परस पुर थाना क्षेत्र के भोंदू पुरवा आटा परस पुर निवासी 26 वर्षिय आशीष सिंह पुत्र चन्द्र मौर्य सिंह ने घर के आपसी विवाद को लेकर फाँसी लगा लिया। रविवार की सुबह जब लोग उस को जगाने के लिए गए तब पता चला कि उस ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। तरब गंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मण पुर ग्राम के पास दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से तीन लोग घायल हो गए। तरब गंज थाना क्षेत्र के 55वर्षिय ननकू पुत्र सुकई अपने बहू 25 वर्षीय कंचन और दमाद सहज राम निवासी चौसिहा तीन एक बाइक पर सवार हो कर बेलसर बाजार में एक बच्चे की दवा कराने आये थे। दवा करा कर वापस घर जा रहे थे। तभी एक दूसरी बाइक ने टक्कर मार दिया जिस से घायल हो गए। इलाज के लिए ननकू को जिला अस्पताल मेभर्ती कराया गया है।

मजदूर ने भट्ठा मालिक पर लगाया पैसे न देने का आरोप

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने भट्ठा मालिक पर पैसे ना देने का आरोप लगाया है व्यक्ति ने भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों को पैसा न दिए जाने पर पीड़ित मजदूर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायबरेली पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है और मामले में जांच कर कार्रवाई किए जाने तथा पैसे दिलाए जाने की मांग की है। डलमऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे नांन्ही मजरे करकसा गांव के रहने वाले रमाकांत ने एसपी ऑफिस में दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि बन्नामऊ गांव के रहने वाले रुद्र प्रताप सिंह का भट्ठा सहजौरा गांव में है भट्ठा मालिक द्वारा 15 लोगों की मजदूरी का पैसा नहीं दिया जा रहा है पीड़ित रमाकांत के मुताबिक 15 मजदूरों का 7 लाख रुपए बकाया है जिसको लेकर पीड़ित ने डलमऊ थाने में भी शिकायत की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई । पीड़ित ने कहा कि भट्ठा मालिक द्वारा 574000 दिए गए हैं लेकिन शेष बकाया रकम 7 लाख रुपए नहीं दिया जा रहा है पीड़ित पैसा मांगने के लिए लगातार भट्ठा मालिक के यहां चक्कर काट रहा है लेकिन भट्ठा मालिक बकाया रकम का भुगतान करने में आनाकानी रहे हैं। पीड़ित ने थकहार कर पुलिस अधीक्षक रायबरेली का दरवाजा खटखटाया और शिकायती पत्र देते हुए मामले में जांच कर पैसा दिलाए जाने की मांग की है।

प्राथमिक विद्यालय के सामने गंदगी का अंबार

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जहां एक तरफ योगी सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत और संचारी रोग पखवाड़ा मना कर गांव की साफ सफाई का ढिंढोरा पीट रही है। वहीं दूसरी तरफ सच्चाई की हकीकत देखना है तो थुलेंडी ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय और पूरी ग्राम सभा में इस कदर भयंकर गंदगी का अंबार है कि नौनिहालों को इस गंदगी और भीषण दुर्गंध से संक्रामक रोग की चपेट में आ रहे हैं। लेकिन खंड विकास अधिकारी और प्रधान, पंचायत सेक्रेटरी की उदासीनता के चलते गंदगी अंबार लगा है। स्वच्छता अभियान को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान से लेकर पंचायत अधिकारी तक सफाई कर्मियों के मास्टर रोल पर हस्ताक्षर के नाम पर हजार दो हजार रुपए लेकर गांव में क्लीनचिट देते हैं वही बछरावां विकासखंड के सभी ग्राम सभाओं में जबरदस्त गंदगी नाले नाले की सफाई न होना संक्रमण से लोग परेशान हैं और बीमारियों के कारण अस्पतालों में लंबी कतारे लग रहे हैं लेकिन सफाई कर्मचारियों को केवल कार्यालय में बाबू गिरी करते देखा जा सकता है इस सब खेल में खंड विकास अधिकारी से लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी और प्रधान पूरी तरह सनलिप्त हैं किसी भी ग्राम सभा में अगर उच्च अधिकारी गांव की सफाई व्यवस्था को देखें तो जमीनी हकीकत स्वच्छता अभियान की दिखाई पड़ेगी लेकिन कोई अधिकारी गांव की स्वच्छता पर नजरे इनायत नहीं कर रहे हैं।

14 साल की नाबालिग से 57 वर्षीय व्यक्ति करता रहा दुष्कर्म

- पीड़िता ने मृत बच्ची को दिया जन्म तो हुआ मामले का खुलासा
- नवजात के शव को दफनाया, पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- ग्रामीण के विरुद्ध केस दर्ज, फरार

बहराइच समृद्धि न्यूज।

कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को पड़ोस में रहना वाला 57 वर्षीय ग्रामीण घर लेकर दुष्कर्म करता रहा। दो दिन पूर्व नाबालिग ने सात माह की मृत बेटी को सीएचसी में जन्म दिया। परिवार के लोगों ने शव को दफना दिया।पीड़िता की बड़ी बहन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी ग्रामीण केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत एक गांव निवासी राम सागर (57) का पड़ोसी ग्रामीण के घर आना जाना था। राम सागर पड़ोसी की 14 वर्षीया बेटी को अपने घर ले दुष्कर्म करता था। नाबालिग इसी दौरान सात माह की गर्भवती हो गई। दो दिन पूर्व उसकी हालत बिगड़ी तो परिवार के लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर नाबालिग ने सात माह की नवजात बेटी को जन्म दिया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार के लोगों ने लोक लाज के भय से नवजात के शव को दफना दिया। इसकी जानकारी दुष्कर्म पीड़िता की बड़ी बहन को लगी तो उसने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार ने बताया कि नवजात के शव को कब्र निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बहन की तहरीर पर दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट का केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से आरोपी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। नाबालिग लड़की ने सात माह की बेटी को जन्म दिया है। ऐसे में राम सागर नाबालिग के साथ लगभग एक वर्ष से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे रहा था। सीएचसी मोतीपुर के पूर्व अधीक्षक डॉक्टर अनुराग वर्मा ने बताया कि आरोपी लगभग आठ से नौ माह से जरूर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे रहा था। तभी नाबालिग ने सात माह की बेटी को जन्म दिया है।

सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण मरीजों से ली उपचार की जानकारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज। रविवार को सीएमओ डॉ संजय कुमार ने सीएचसी रिसिया का औचक निरीक्षण किया। तथा वहां भर्ती मरीजों से उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की। कमियां को जल्द सुधारने का निर्देश दिया। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसिया मे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने औचक निरीक्षण किया और वहां पर भर्ती मरीजों से उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद प्रसव कक्ष, इमरजेंसी कक्ष,ड्रग स्टोर वार्ड का निरीक्षण किया। इसके बाद सीएमओ ने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा इस दौरान रिसिया सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रत्यूष सिंह ने सीएमओ

योजनाओं सहित उपचार को लेकर जानकारी दी। सीएमओ डॉ संजय कुमार ने बताया की सभी सीएचसी की दीवारों पर अधिकारियों कर्मचारियों का नाम अंकित होना चाहिए। जिससे लोगों को पता चल सके।और ये औचक निरीक्षण लगातार चलता रहेगा ऐसे मे सभी सीएचसी, पीएचसी अपनी कमियों को पूरा कर ले।

गन्ने के खेत में मिला युवक का शव, पिता और भाई ने लगाया हत्या का आरोप

- दो दिन पूर्व दिल्ली से आया था युवक, शनिवार शाम को घर से हुआ लापता

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के ग्राम पंचायत सिसैया चूड़ामणि गांव निवासी एक युवक का शव गन्ने के खेत में रविवार सुबह मिला है। सीओ और थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। वहीं मृतक के पिता और भाई ने हत्या का आरोप लगाया है।

हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसैया चूड़ामणि गांव निवासी चुनमुन शर्मा (19) पुत्र भूलन शर्मा शनिवार शाम पांच बजे घर से बाजार के लिए गया, लेकिन वह घर नहीं आया। परिवार के लोग युवक की तलाश कर रहे थे। रविवार सुबह कुछ लोग खेत की रखवाली के लिए गए

दिल्ली में काम करता था मृतक
पिता भूलन शर्मा ने बताया कि घर की हालत ठीक न होने चलते बेटा दिल्ली में काम करता था। शुक्रवार को ही वह दिल्ली से आया था। उसकी अभी शादी नहीं हुई है।

तो गन्ने के खेत में युवक का शव पड़ा देखा। इस पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। परिवार के लोग भी जानकारी होने पर मौके पर रोते बिलखते पहुंचे। युवक के गले पर चोट और दबाव के निशान हैं। साथ ही आंख पर भी चोट लगा हुआ है। पिता और भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। साथ ही थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष आरके वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की जानकारी होगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर घटना की सूचना मिलने पर सीओ रूपेंद्र गौड़ ने मौके पर पहुंचकर जांच की। लोगों के बयान दर्ज किए।

पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया विषाक्त पदार्थ, मौत

- महिला का पति है शराबी, नशे में हुई थी कहासुनी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के नकाही गांव निवासी एक महिला का बीती रात को पति से विवाद हुआ। इससे क्षुब्ध पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। लेकिन जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम नकाही निवासी सुशीला (32) पत्नी लरी के बीच शनिवार शाम को कुछ कहा सुनी हो गई। परिवारिक कहासुनी के बाद सुशीला ने रात में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला

अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही सुशीला की मौत हो गई। ग्राम प्रधान रमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला का पति शराबी है। शराब के नशे में कुछ कहासुनी हो गई थी। इसके बाद सुशीला ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला ने जहर खा लिया था जिसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। महिला के चार बच्चे हैं विशाल, राज, अरविंद और पुत्री ज्योति। सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

जिले में बदला मौसम का मिजाज

मूसलाधार बारिश से लोगों को मिली राहत, किसानों के चेहरे खिले

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले में कई दिनों से गर्मी के साथ भीषण उमस का सामना कर रहे लोगों को रविवार को बदले मौसम से काफी राहत मिली है। अचानक बदले मौसम के बाद शुरू हुई मूसलाधार बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली है। वहीं ग्रामीण इलाकों में हो रही बरसात से खेतों में लगी फसल भी लहरा रही है। इससे किसानों के चेहरे भी खिले हुए हैं। जिले में बीते कई दिनों से आम जनमानस को भीषण उमस का सामना करना पड़ रहा था । हल्की बारिश के बाद निकल रही धूप से लोग गर्मी से भी परेशान थे। रविवार को दोपहर में जिले में मौसम ने करवट ली और शहर के साथ जिले के ग्रामीण इलाकों में शुरू हुई बारिश से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली है। वही लगातार हो रही बारिश से शहर के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। बारिश से किसानों के चेहरे खिले हैं।धान की रोपाई होने के बाद हो रही बरसात से अच्छी फसल होने की बात कही जा रही है।

महसी विधानसभा में सांसद ने निकाला तिरंगा यात्रा

- भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने पूरे विधानसभा में निकाला यात्रा

बहराइच समृद्धि न्यूज।

रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों के द्वारा महसी विधानसभा के टिकोरा मोड़ से तिरंगा यात्रा प्रारंभ किया। जिसमें बहराइच सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड व जिला उपाध्यक्ष भाजपा रणविजय सिंह तथा सभी मंडल कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा यात्रा को लेकर बेडनापुर बाजार, खैरा बाजार, कोदही चौराहा , जैतापुर मण्डल के सभी कार्यकर्ता इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर के बौडी

बाजार, भगवानपुर चौराहा, रामवापुर चौकी, महसी मंडल के सभी कार्यकर्ता इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर महसी तहसील में व महसी बाजार होते हुए राजी चौराहा, रायपुर मंडल के सभी कार्यकर्ता इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर रायपुर बेहड़ा बाजार होते हुए गढ़वा नवतला में आकर तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर सिंह ,कौशल कुमार यज्ञसैनी, पवन सिंह सहित सभी मंडलों के कार्यकर्ता पदाधिकारी व आम जनमानस तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।

बार्डर पर वाहनों की जांच, संचालकों को दी चेतावनी

डीएम के निर्देश पर परिवहन अधिकारी व एसडीएम ने कई टूर्स एण्ड ट्रेवल्स पर भी की छापेमारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत नेपाल सीमा पर स्थित जनपद में जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर परिवहन अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी नानपारा ने कई यात्री बसों की रविवार को आकस्मिक चेकिंग की और साथ ही साथ नेपाल सीमा पर स्थित कई टूर्स एण्ड ट्रेवल्स पर भी छापेमारी की।

उपजिलाधिकारी अश्विनी पाण्डे एवं परिवहन अधिकारी ओपी सिंह की संयुक्त टीम ने सासन के निर्देश पर नेपाल सीमा पर स्थित कई ट्रेवल्स पर छापेमारी की और इसी के साथ दूसरे

महानगरों को जाने वाली यात्री बसों में भी चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुछ वाहनों के दस्तावेज अनफिट पाए गए जिन्हें तत्काल परिवहन कार्यालय पहुँचकर सुधारने के निर्देश दिए गए जबकि ट्रेवल्स कार्यालय पर छापेमारी कर यात्रियों से सम्बंधित दस्तावेजों का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

नेपाल से हर रोज एक दर्जन यात्री बसे दिल्ली एवं हिमाचल प्रदेश के लिए संचालित की जाती है इन वाहनों से कई बार अवांछित बस्तुएं भी बरामद की गई है जिसको लेकर लगातार पुलिस की टीमें भी सक्रियता से कार्यवाही करती है लेकिन शासन का निर्देश है कि दुरस्थ क्षेत्रों को जाने वाले सभी वाहनों की समय समय पर जाँच की जाए और कमी मिलने पर कार्यवाही की जाए। परिवहन अधिकारी ओपी सिंह ने बताया कि रुपईडीहा से चलने वाले कई वाहनों की सघनता से जांच की गई है जबकि कई टूल्स एंड ट्रेवल्स कार्यालय की जांच की गई है और सभी को सख्त चेतावनी दी गयी है कि मानक के विपरीत कार्य करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित

- बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडल रहे आकर्षण का प्रमुख केंद्र
- ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए छात्रों को पुरस्कार राशि व मेडल से सम्मानित किया

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली मे प्रथम आवधिक परीक्षा के तत्वावधान में अभिभावक - शिक्षक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ अभिभावक एवं प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती पूजन से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आए हुए अभिभावकों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जूनियर व प्राइमरी के विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं गणित व कम्प्यूटर आदि विषयों की प्रोजेक्ट व मॉडल्स का प्रदर्शन व प्रजेंटेशन खुद बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया,जिसको देखकर अभिभावक बहुत प्रसन्न हुए साथ ही बच्चों व विद्यालय की खूब सराहना की जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय रहा।

आज के दिन अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति देखने के लिए कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमे ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति से संतुष्ट दिखे, वही कुछ अभिभवकों ने स्कूल की शिक्षा व्यवस्था व शैक्षणिक सुविधाओं (पुस्तकालय, लैब्स, लिफ्ट, साफ -सफाई) को देखा और सराहना की, और अपना सुझाव भी दिया जिसका विद्यालय परिवार स्वागत करता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (SOF) सामाजिक विज्ञान की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चो ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जिसमें कक्षा 9 की छात्रा अर्शिता ने जोनल गोल्ड मेडल के साथ नगद 5000 रू0 व कक्षा 9 की छात्रा प्रिया पाल को 1000 रू0 एवं अन्तर्राष्ट्रीय ब्रोंज मेडल, छात्रा रिद्धिमा सिंह को 1111 रू0 का उपहार एवं अन्तर्राष्ट्रीय सिल्वर मेडल, छात्रा स्नेहा सोनी को 1000 रू0 का उपहार एवं अन्तर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। साथ ही आदित्य सिंह,उदित बाबू,अभय प्रताप सिंह, सोनाक्षी, शिवांश श्रीवास्तव, इशिका सोनकर,अनंत पराक्रम सिंह ,आदित्य शेखर, साक्षी यादव आदि को 500 रूपये का उपहार प्रदान किया गया। सभी बच्चों व अभिभावकों को माला पहना व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इन सभी बच्चों को विद्यालय प्रबंधक डा. शशिकांत शर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में संस्थान के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा की शक्ति सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि यदि आप अपने बच्चों को उज्वल भविष्य देना चाहते हैं तो शिक्षित, स्वावलंबी, ईमानदार और परिश्रमी बनाए। साथ ही सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए, खूब मेहनत करके अपने अभिभावको, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करने को प्रेरित किया।

अंत में प्रथम इकाई परीक्षा से संबंधित शिक्षक – अभिभावक गोष्ठी के सफल आयोजन के लिए समस्त विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दी । उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

राइजिंग चाइल्ड स्कूल में अपोलो हॉस्पिटल के स्वास्थ्य शिविर में चार सौ मरीज लाभान्वित

- रोटरी क्लब द्वारा अपोलो के सहयोग से राइजिंग चाइल्ड स्कूल में लगवाया गया स्वास्थ्य शिविर

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रोटरी क्लब, रायबरेली और राइज़िंग चाइल्ड स्कूल के संयुक्त तत्वाधान मे एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अपोलो मेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के वरिष्ठ चिकित्सकों का दल शहर के प्रभूटाऊन स्थित राइज़िंग चाइल्ड स्कूल पहुँचा। पंद्रह सदस्यीय चिकित्सक दल के द्वारा 404 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया गया।

रोटरी क्लब, रायबरेली के अध्यक्ष राकेश कक्कड़ ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। सचिव विवेक सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी और रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों और चिकित्सकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। चिकित्सा शिविर को संपन्न करवाने में प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव का सहयोग सराहनीय रहा।

स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। चिकित्सा शिविर में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह, ब्लॉक प्रमुख पीयूष प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुक्खू लाल चांदवानी, संजय सबरवाल, राजीव भार्गव, रवि कपूर, पी. एस. सलूजा, राकेश चंदानी, विजय सिंह, सुशांत टंडन, उमेश सिकरिया, वी. एन. गुप्ता के अतिरिक्त सुरेश चौधरी, अमित लुनिया, अमित अग्रवाल का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। अपोलो हॉस्पिटल से डॉ. नेहा नेगी, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. मयंक अग्रवाल, डॉ. शशांक, डॉ. रोशन, डॉ. जैश मलिक, डॉ. विशाल, डॉ. शुभम ने मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

शिविर प्रबंधक अमित श्रीवास्तव, प्रिया, आशीष, सुधीर, अनिल, चाँदनी द्वारा पैथालॉजिकल जाँच में सहयोग किया गया। इस मौके पर भारत विकास परिषद के डॉ. आर. बी. श्रीवास्तव, नवल किशोर वाजपेयी, डॉ. चम्पा श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव, निशा सिंह, पवन श्रीवास्तव, इनरव्हील क्लब की पूर्व मंडलाध्यक्ष ज्ञान लता गुप्ता, अध्यक्ष दीप्ति सिकरिया, अर्चना सिकरिया, प्रभात श्रीवास्तव सहित अनेको गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

क्षेत्र में मनाई गई तुलसीदास की जयंती

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज। सामाजिक समरसता विभाग एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायबरेली विभाग की एक बैठक कस्बे की बाबा उत्सव मैरिज लान बछरावां में आयोजित की गईद्य जिसमें क्षेत्र संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश नरेन्द्र जी, समरसता प्रमुख अवध प्रांत (प्रचारक) राजकिशोर जी, समरसता संयोजक अवध प्रांत डॉ रामनरेश जी, व माननीय विभाग संघचालक अमरेश जी का उद्बबोधन प्राप्त हुआ। साथ ही गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती की पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मे अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें , महेन्द्र जी विभाग संयोजक, प्रांत विधि सह संयोजक विनोद द्विवेदी जी, रायबरेली जिला संयोजक सतीश सिंह जी, रायबरेली जिला महिला संयोजक श्रीमती लता जी, खण्ड महिला संयोजक शिवानी जी ,विनय जी,विभोर जी संयोजक जिला लखनऊ, हनुमान प्रसाद जी संयोजक लालगंज,जिला मीडिया अध्ययन प्रमुख सचिन जी, खण्ड संयोजक जयचन्द जी, शिवकुमार जी , जयकिशन जी,सतेन्द्र जी, सौरभ जी, अरविंद जी, राबिन जी,आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समय से सूचना न दिए जाने पर चारों गांव की आशाओं पर होगी कार्रवाई

- आशाएं गांव में रखे नज़र, बीमारी, संक्रमण फैले तो तुरंत पीएचसी-सीएचसी को दें सूचना

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद खीरी के ब्लॉक बेहजम के गांव अल्लीपुर, गुलचौरा और पसगवां के गांव हैरमखेड़ा, अलियापुर में बुखार के बढ़ते प्रसार की सूचना समय से न दिए जाने के विषय को गंभीरता से लेकर नाराजगी जताई। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने संबंधित गांवो की आशा का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित सीएचसी अधीक्षक को न केवल निर्देशित किया बल्कि भविष्य में इसकी पुनरावृति ना हो इसे सुनिश्चित करने के लिए कड़े दिशा निर्देश जारी किए। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने जिले के सभी 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आशाओं से संपर्क और समन्वय रखें। प्रत्येक आशा यह सुनिश्चित करें कि उनके गांव में यदि किसी भी संक्रमण बीमारी आदि के प्रसार होने पर तत्काल नजदीकी सीएससी एवं पीएचसी को सूचित करें, ताकि समयबद्ध रूप से चिकित्सा कैंप सहित अन्य जरूरी कदम उठाकर शासन की मंशानुरुप संबंधित रोगों की रोकथाम की जा सके।

नाले में डूबकर युवक की मौत

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। गांव के निकट से बहने वाले नाले में डूबकर युवक की मौत होने से गांव में कोहराम मच गया हैए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक मानसिक तनाव से विक्षिप्त था। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी आशील अहमद(20) पुत्र अकील अहमद शनिवार की शाम को घर से लापता हो गया था जिसकी परिजनों सहित मोहल्ले के लोगों ने काफी तलाश की लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं मिला जिसके बाद परिजनों ने देर रात कोतवाली पहुंच कर युवक की गुमशुदगी दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन रविवार सुबह गांव के निकट से बहने वाले नाले में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और अपने परिवार में चार भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

चोरों के हौसले बुलंद, एक ही रात में तीन घरों में चोरी

ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

नकदी जेवर ले गए बदमाश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही अधिकारियों के साथ बैठक करके उनको नसीहत देते हों, लेकिन रायबरेली के पुलिस अधीक्षक को इसकी कोई परवाह नहीं है। जिले में हो रही चोरियों को लेकर गंभीर नहीं है। पहले चोरियां ठंडियों में होती थी, लेकिन अब गर्मियों में भी खूब चोरियां हो रही हैं। लोगों का आरोप है कि जिले की कानून व्यवस्था भी पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। वहीं, जिले के जो जनप्रतिनिधि हैं उनको भी जनता की परवाह नहीं है।

वहीं, एक बार फिर रायबरेली में बेखौफ चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोलते हुए एक ही गांव में तीन अलग-अलग घरों में सोने चांदी के जेवरात व नगदी समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। पहला मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के पूरे बनियान पचखरा का पुरवा गांव का है, जहां बेखौफ चोरों ने राजू पासी पुत्र भजन लाल के घर पीछे से सेंध लगाकर घर के अंदर गए और अलमारी व बक्से का ताला तोड कर उसमें रखा हार, मंगलसूत्र, हाफपेटी कीमत लगभग 150000 व 40 हजार रुपए की नगदी पार कर दिया।इसी गांव में दूसरी घटना शिव मोहन सिंह बघेल के घर में हुई है। नीम के पेड़ के सहारे छत से घर के अंदर उतरकर कमरे में रखा बक्सा उठा ले गए। घर से लगभग 100 मीटर दूर ले जाकर बक्से को फेंक दिया और उसमें रखे लगभग 60,000 के ज़ेवरात व 18000 नकदी चुरा ले गए। वहीं, तीसरी घटना में भी चोरों ने सेंध लगाकर प्रतिमा पुत्री कांता प्रसाद घर के पीछे से अंदर गए और बक्से में रखी 20000 नगदी व घर में रखा सामान पार कर दिया। एक ही गांव में हुई तीन चोरियों से दहशत का माहौल बना हुआ है। शिवमोहन सिंह ने बताया की बेटी का ऑपरेशन डिवाइन हॉस्पिटल में करवाना था। इसके लिए 18000 हजार रुपय रखे थे और सोने चांदी के जेवरात थे, सब चोर उठा ले गए हैं। लगभग एक लाख से ज्यादा का सामान ले गए हैं।

कोचिंग सेंटर की छत पर मिला छात्र का शव

- बिजली की चपेट में आने से छात्र की मौत

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

परिजनों में आक्रोश

साथियों ने छात्र को उठाकर छत से नीचे कोचिंग के कमरे में ले आए। कोचिंग संचालक कमलेश कोचिंग तक नहीं पहुंच पाए थे। छात्र की मां सोनी व बहन नैंसी का रो रो कर बुरा हाल है। जैसे ही सूचना मिली तो ग्रामीण भी आक्रोशित हो गए। वहीं परिजनों का आरोप है कि कोचिंग संचालक व घर मालिक के द्वारा सतर्कता बरती जाती तो या घटना नहीं हो सकती थी। घर के ऊपर से 33000 लाइन जाने के कारण बच्चे की जान चली गई। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटर में बच्चे की मौत को लेकर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दिल्ली में हुए कोचिंग सेंटर में हादसे के बाद भी कोचिंग संचालक सबक लेने को तैयार नहीं है। जनपद रायबरेली के जगतपुर थाना क्षेत्र का है जहां छात्र की कोचिंग की छत पर संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। पुलीस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामू बाजपेई का पुत्र निशांत बाजपेई उम्र 17 वर्ष निवास रोझईया भीखम शाह कक्षा 11वीं का छात्र था। छात्र राणा बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज शंकरपुर में पढ़ता था।साथ ही 2:00 बजे से रायबरेली रोड स्थित कोचिंग सेंटर पर कोचिंग पढ़ने के लिए जाता था। कोचिंग सेंटर पर कमलेश सर के द्वारा मैथ और फिजिक्स की कोचिंग भी पढ़ाई जाती थी। समय से पहले लड़का कोचिंग सेंटर पर पहुंच गया था। कोचिंग के पिछले हिस्से पर लड़का चला गया था। जहां पर 33000 वोल्ट की बीजली का तार निकला हुआ था। गिरने की आवाज सुनने पर पढ़ाई कर रहे साथियों ने देखा कि नई छत पर लड़का मुंह के बल पड़ा हुआ था।

जल भराव की समस्या से ग्रामीण परेशान

बछरावां रायबरेली

बछरावां। विकासखंड के ग्राम सभा थुलेंडी के मोहल्ला सराजातपुर के ग्रामीणों ने लगभग दो माह पूर्व उप जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर जल भराव और खड़ंजा मार्ग के दोनों तरफ नालियां पाटने की शिकायत की थी? उपजिला अधिकारी महाराजगंज राजित राम गुप्ता ने खंड विकास अधिकारी व थाना बछरावां को आदेशित किया था कि अतिक्रमण को हटाकर खंडजा मार्ग अवरोध को रोका जाए और ग्रामीण आवागमन सुलभ करने का आदेश जारी किया था। लेकिन खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत

अधिकारी और ग्राम प्रधान कोई समस्या का समाधान नहीं किया। आलम तो यह है कि एक फीट से अधिक गहरे पानी में ग्रामीण आने जाने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी तरफ जल भराव से जबरदस्त संक्रमण से लोग ग्रसित हैं दर्जनों लोग मोहल्ले के अस्पताल में भर्ती होकर इलाज करा रहे हैं। इस बारे में खंड विकास अधिकारी से जानकारी ली गई तो खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मामले की जानकारी है शीघ्र निस्तारण कराकर मोहल्ले वासियों को समस्या से निजात दिलाया जाएगा। वही ग्राम प्रधान से इस बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मोहल्ले की एक महिला द्वारा नाली को अवरोधित किया गया है इसलिए मोहल्ले में जल भराव की समस्या है। वही मोहल्ले वासियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे मोहल्ले में ग्राम प्रधान ने आज तक कोई कार्य नहीं कराया है और जब उनसे कोई किसी काम के लिए कहा जाता है तो कहते हैं कि तुम्हारे वार्ड में 300 वोट है हमको केवल चार वोट मिला है हम कैसे तुम्हारे मोहल्ले में काम कराएं।

बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को लेकर निकला कैंडल मार्च

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

युवाओं और भाजपाइयों ने मिलकर निकाला कैंडल मार्च बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व पूर्व भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी बछरावां विधानसभा डॉक्टर मातादीन पासी के नेतृत्व में सैकड़ो की तादाद में हाथों में मोमबत्ती लेकर लोगों ने हिंदुओं की हत्या और उनके घर जलाए जा रहे हैं और लूटपाट की जा रही है वह तुरंत बंद हो डॉक्टर मातादीन पासी ने कहा हिंसा से कभी किसी को कुछ नहीं मिला हिंसा से सर्वनाश ही होता है और जिस तरह हिंसा बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ की जा रही है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है ।उन्होंने वहां की सरकार और प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द हिंदुओं को सुरक्षित किया जाए और उनके खिलाफ हो रही अराजकता को बंद किया जाए ।इस मौके परभारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा किसान यूनियन जिला अध्यक्ष राम सुमिरन यादव वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिका सिंह शिव शंकर शुक्ला राम प्रकाश गौतम चंद्रशेखर हरिनारायण श्रीवास्तव शिव कैलाश सोनी रिंकू जायसवाल बबलू गुप्ता शारदा शरण पांडे संजीव कुमार अरविंद गुप्ता शिवलू सिंह प्रदीप सैनी संतोष मौर्य रणविजय सिंह एडवोकेट मेजर सिंह अमन सिंह शिवम सिंह गोलू मोहित सिंह आकाश अजय सिंह सहित सैकड़ों की तादाद अन्य लोग मौजूद रहे।

आरोग्य स्वास्थ्य मेले का 1303 मरीजों ने उठाया लाभ

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। रविवार को जनपद बलरामपुर के चौबीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 1303 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। मौके पर डॉ शोएब अहमद, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंडास बुजुर्ग एवम् प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

स्मार्टफोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

रविवार को नेशनल महिला महाविद्यालय रेहरा बाजार में बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द युवा शशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन/टैबलेट का वितरण किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला उपनिरीक्षक सोनम राठौर व विशिष्ट अतिथि रघुनाथ सिंह रहे जिनके हाँथो से मौजूद छात्राओं को स्मार्टफोन/टैबलेट का वितरण किया गया जिसे पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे।उक्त कार्यक्रम में रेहरा थाने पर तैनात उपनिरीक्षक हीरा लाल,राजकुमार रावत,महिला आरक्षी सुधा,सोनम व दीवान झिनकू यादव के हाथों से भी छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया।इस दौरान महाविद्यालय के नोडल अधिकारी विनोद कुमार शर्मा,बड़े बाबू मनोज चतुर्वेदी सहित प्रवीण सिंह,नीलम तिवारी,अनीता तिवारी,रीना चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

भवन का हस्तांतरण न होने से नहीं बन सका न्याय विभाग का न्यायालय भवन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

परगना मजिस्ट्रेट उतरौला के पुराने न्यायालय भवन का राजस्व विभाग से न्याय विभाग को बीसों वर्षों में हस्तानांतरण नहीं हो सका। इस भवन के हस्तांतरण की प्रक्रिया शासन में लम्बित हैं।

भवन का हस्तांतरण न होने से न्याय विभाग का न्यायालय भवन नहीं बन सका है। मजबूरन न्याय विभाग का न्यायालय भवन अधिवक्ता संघ उतरौला के कार्यालय भवन में चल रहा है।

परगना मजिस्ट्रेट उतरौला का न्यायालय मुंसिफ न्यायालय उतरौला परिसर में काफी अर्से से चल रहा था। शासन ने करोड़ों रुपए की लागत से तहसील भवन का निर्माण कराया और नवनिर्मित तहसील भवन में परगना मजिस्ट्रेट उतरौला का न्यायालय स्थानान्तरित हो गया। उसके बाद परगना मजिस्ट्रेट उतरौला का पुराना न्यायालय भवन खाली हो गया। परगना मजिस्ट्रेट उतरौला का पुराना न्यायालय भवन खाली हो जाने पर तत्कालीन मुंसिफ मजिस्ट्रेट उतरौला ने पुराने भवन को न्याय विभाग को स्थानांतरित करने के लिए जिला जज को पत्र लिखा था। उन्होंने उतरौला में मुंसिफ न्यायालय की कमी को देखते हुए इसी भवन का निर्माण कराकर न्यायालय भवन बनाने का प्रस्ताव भेजा।

उधर परगना मजिस्ट्रेट उतरौला के पुराने न्यायालय भवन को न्याय विभाग को हस्तांतरित करने के लिए अधिवक्ता संघ उतरौला ने क ई ज्ञापन जिला जज को सौंपा। तत्कालीन जिला जज ने सभी रिपोर्ट व ज्ञापन को शासन को कार्यवाही के लिए भेज दिया।

उसके बाद पुराने भवन राजस्व विभाग से न्याय विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया लम्बित है। भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने तीन वर्ष पहले शासन को पत्र लिखकर परगना मजिस्ट्रेट उतरौला के पुराने न्यायालय भवन को हस्तांतरित करने के लिए पत्र लिखा था। इधर अधिवक्ता संघ उतरौला ने भी क ई मांग पत्र जिला जज व न्याय विभाग व राजस्व विभाग को भेजा है।

तमाम प्रयासों के बाद भी अभी तक पुराने न्यायालय भवन का हस्तांतरण नहीं हो सका। पुराने न्यायालय भवन का हस्तांतरण राजस्व विभाग से न्याय विभाग को न होने पर उतरौला में प्रस्तावित अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व अपर सिविल जज के न्यायालय का न्यायालय भवन की स्थापना भवन के अभाव में नहीं हो पा रहा है।

अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने शासन को भेजे मांग पत्र में चेतावनी दी है कि परगना मजिस्ट्रेट उतरौला के पुराने न्यायालय भवन का हस्तांतरण राजस्व विभाग से न्याय विभाग को तत्काल न किया गया तब उतरौला के वकील सड़कों पर संघर्ष करेंगे और इसकी जिम्मेदारी शासन की होगी।

भवन न होने से किराए के भवन में संचालित हो रहा हेल्थ बेलनेस सेन्टर

श्रीदत्तगंज (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में नौ हेल्थ बेलनेस सेन्टर का भवन न होने से किराए के भवन में सेन्टर चल रहा है। शासन ने किराए के भवन में सेन्टर संचालित होने पर उसके लिए नये सरकारी भवन के निर्माण को मंजूरी दी है लेकिन निर्माण कार्य की लापरवाही से सेन्टर आज भी किराए के भवन में चल रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज के ग्राम पंचायत बेल ई बुजुर्ग, लखमा, पचौथा, शिवपुर महन्त, गौर रमवापुर, कालिन्जर ग्रिन्ट, पटियाला ग्रिन्ट, अगया बुजुर्ग, कालू बनकट में हेल्थ बेलनेस सेन्टर संचालित करने के लिए सरकारी भवन नहीं थे। मजबूरन विभाग ने ग्राम पंचायत में किराए का भवन लेकर बेलनेस सेन्टर का संचालन किया। इस भवन के लिए विभाग को पचासों हजार रुपए प्रतिमाह व्यय करना पड़ता रहा। इस किराए के भवन में एएनएम गर्भवती महिलाओं, बच्चों व ग्रामीणों का विभिन्न रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण करती रही और वही से विभागीय योजनाओं का संचालन करती रही। शासन ने विभागीय समस्या को देखते हुए भवन विहिन न्याय पंचायतों में सरकारी भवन बनाने की स्वीकृति देते हुए भवन निर्माण के लिए सरकारी धनराशि का आवंटन विभाग को कर दिया। शासन से धन मिलने पर विभाग ने भवन निर्माण की निविदा जारी कर भवन निर्माण का ठेका दे दिया था लेकिन वर्षों बीतने के बाद भी भवन निर्माण पूरा नहीं हो सका। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से भवन निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। भवन निर्माण पूरा न होने पर एएनएम किराए के भवन में विभागीय गतिविधियां का संचालन करती है। इससे एक तरफ विभाग को पचासों हजार रूपए प्रतिमाह की धनराशि व्यय करनी पड़ती है वहीं भवन? का निर्माण अधूरा पड़ा रहने से उसकी लागत बढ़ती जा रही है। सीएचसी अधीक्षक श्रीदत्तगंज ने बताया कि हेल्थ बेलनेस सेन्टर के अधूरे पड़े भवन के निर्माण को पूरा कराने के लिए जिले के विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

डायरिया से मासूम बालिका की मौत

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। उल्टी दस्त होने के कारण सात वर्षीय एक बालिका की मौत हो गई गंभीर अवस्था में पिता सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने देखते मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंगोहटा गांव निवासी मनीषा 7 वर्ष पुत्र रामकिशोर शनिवार कस्बे के सरकारी अस्पताल में इलाज हेतु पुत्री को लेकर आए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।पिता रामकिशोर ने बताया की सुबह से टट्टी उल्टी हो रही थी जिसको गांव के चिकित्सक दिनेश गुप्ता से इलाज करवाया गया था लेकिन स्वास्थ्य लाभ न होने पर आनंद.फानन कस्बे की सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मारने लगे।

बांग्लादेश से मिल रहे संकेत खतरनाक

पड़ोसी देश बांग्लादेश से जो संकेत मिल रहे हैं, वे बता रहे हैं कि अब वहां कट्टरपंथियों और भारत-विरोधी ताकतों का वर्चस्व होगा। आतंकवाद बढ़ेगा। बांग्लादेश में भी तालिबान सक्रिय होंगे। अभी तो वहां के प्रधानमंत्री आवास को आम जनता के लिए इस कदर खोल रखा गया है मानो कोई मेला लगा हो! कुछ युवा चेहरों की अश्लील, असभ्य, विद्रूप मानसिकता सार्वजनिक हुई है, जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अंतर्वस्त्र सरेआम लहराए हैं। ऐसे युवा कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी छात्र नहीं हो सकते। वे बेशर्म जमात भी हो सकते हैं, लेकिन अपने ही मुल्क का अपमान कर रहे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी दोनों ही कट्टरवादी दल हैं और पाकपरस्त भी। अंतरिम सरकार बनने से पहले ही दोनों दलों के करीब 9000 कार्यकर्ताओं को जेलों से रिहा कर दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और उनके पुत्र तारिक रहमान की सरपरस्ती में इन दलों ने आम जनसभा को संबोधित भी किया है। तारिक हत्या के तीन मामलों में उम्रकैद के सजायाफ्ता हैं, लेकिन वह लंदन में स्व-निर्वासन में थे। अभी ढाका लौट कर आए हैं, तो अदालतें फिलहाल खामोश और निष्क्रिय हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार में मंत्री रहे 10 और अन्य बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। संकेत हैं कि बीएनपी और जमात के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने 'सौदेबाजी' की है कि शेख मुजीब की सियासी विरासत की प्रतीक 'अवामी लीग' पार्टी का नामोनिशां ही मिटा दिया जाए, ताकि 1971 की बगावत की मुकम्मल सजा दी जा सके। हसीना के बांग्लादेश छोड़ कर चले जाने के साथ ही शेख मुजीब की सियासी विरासत तो समाप्त सी हो गई। पाकिस्तानी फौज गदगद है और लड्डू खा रही है। ऐसी सूचनाएं भी हैं कि आईएसआई लंदन में तारिक रहमान और जमात के नेतृत्व के साथ 2018 से ही 'तख्तापलट' की साजिश रच रही थी, लेकिन अभी तक नाकाम रही थी। मौजूदा आंदोलन का आवरण छात्रों का था, लेकिन उनकी आड़ में जमात और बीएनपी कार्यकर्ताओं ने ही आंदोलन को 'तख्तापलट' का रूप दिया था। जमात का छात्र संगठन ही आंदोलन और बगावत के पीछे सक्रिय था। बेशक शेख हसीना को मुल्क छोड़े तीन दिन गुजर चुके हैं, लेकिन बांग्लादेश के हालात अब भी सामान्य नहीं हुए हैं। करीब 125 लोग बीते एक दिन में मारे गए हैं। कुल मौतों की संख्या 450 से अधिक हो गई है। चूंकि प्रधानमंत्री के तौर पर हसीना भारत-समर्थक थीं। दोनों देशों ने कई साझा परियोजनाएं शुरू कीं और पुराने विवादों को भी खत्म किया। अब अंतरिम सरकार के दौर में कट्टरपंथी और भारत-विरोधी ताकतें ऐलानिया कह रही हैं कि उन परियोजनाओं की जांच और समीक्षा की जाएगी। बांग्लादेश के एक तबके का भारत-विरोध इससे स्पष्ट होता है कि बीते तीन दिनों में ही 30 हिंदू मंदिर तोड़ दिए गए। उनमें आस्था की देव-मूर्तियों को भी खंडित कर ध्वस्त किया गया। मंदिरों में आग लगा दी गई। हिंदुओं के 300 से अधिक घर और उनकी दुकानें तोड़ी गईं और आगजनी की गई। बीते कुछ सालों के दौरान करीब 3600 हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा चुका है और उन्हें आग के हवाले किया जाता रहा है। सवाल यह है कि क्या बांग्लादेश हिंदू-विरोधी भी हो रहा है? बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी अब मात्र 7.9 प्रतिशत है, जबकि 1971 में देश-निर्माण के वक्त यह आबादी करीब 23 प्रतिशत थी। बेशक, यहाँ हिंदू अल्पसंख्यक हैं। क्या मोदी सरकार प्रभावी हस्तक्षेप करेगी?

आर्थिक प्रगति हिन्दू सनातन संस्कृति के संस्कारों में निहित

प्रहलाद सबनानी

भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के कालखंड में से अधिकतम समय पूरे विश्व में एक आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है। वर्ष 712 ईसवी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था। परंतु, वर्ष 1750 ईसवी में अंग्रेजों के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को जैसे ग्रहण ही लग गया था। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने न केवल भारत को जमकर लूटा बल्कि भारत की संस्कृति पर भी बहुत गहरी चोट की थी और भारत के नागरिक जैसे अपनी जड़ों से कटकर रहने लगे थे।

किसी भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता हुआ दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है और देश में शांति स्थापित करने के लिए भी समाज का विशेष योगदान रहता आया है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक ही यदि आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो देश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी।

भारत के नागरिकों में आज स्व के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे भारत के हित सर्वोपरि हैं की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है। क्योंकि, देश में यदि शांति नहीं रह पाती है तो विदेशी संस्थान भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हतोत्साहित होंगे और देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी।

भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के कालखंड में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के कालखंड को छोड़कर) पूरे विश्व में एक आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है। वर्ष 712 ईसवी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था। परंतु, वर्ष 1750 ईसवी में अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कम्पनी के रूप में) के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को जैसे ग्रहण ही लग गया था। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने न केवल भारत को जमकर लूटा बल्कि भारत की संस्कृति पर भी बहुत गहरी चोट की थी और भारत के नागरिक जैसे अपनी जड़ों से कटकर रहने लगे थे। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के पूर्व भी भारत पर आक्रमण हुए थे, शक, हूण, कुषाण आदि ने भी भारत पर आक्रमण किया था परंतु लगभग 250/300 वर्षों तक भारत पर शासन करने के उपरांत उन्होंने अपने आपको भारतीय सनातन संस्कृति में ही समाहित कर लिया था।

इसके ठीक विपरीत आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का भारत पर आक्रमण का उद्देश्य भारत की लूटखसोट करने के साथ ही अपने धर्म एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना भी था। आक्रांताओं ने जोर जबरदस्ती एवं मारकाट मचाकर भारत के मूल नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाया तो अंग्रेजों ने लालच का सहारा लेकर एवं दबाव बनाकर भारतीय नागरिकों को ईसाई बनाया। इन्होंने भारतीय नागरिकों के मन में सनातन हिंदू संस्कृति के प्रति घृणा पैदा की एवं अपनी पश्चिमी सभ्यता से ओतप्रोत संस्कृति को बेहतर बताया। अंग्रेज भारतीय नागरिकों के मन में ऐसा भाव पैदा करने में सफल रहे कि पश्चिम से चला कोई भी विचार भारतीय सनातन संस्कृति के विचार से बेहतर है। जबकि आज इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिल रहे हैं कि पश्चिम द्वारा किए गए लगभग समस्त आविष्कारों के मूल में भारतीय सनातन संस्कृति की ही छाप दिखाई देती है और उन्होंने यह विचार भारतीय वेद, पुराण एवं उपनिषदों से ही लिए गए प्रतीत होते हैं।

कुछ विदेशी ताकतों द्वारा भारत में आज एक बार पुनः इस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं कि हिंदू सनातन संस्कृति को मानने वाले हिंदू समाज को किस प्रकार आपस में लड़ाकर छिन्न-भिन्न किया जाय। आज भारत में एक ऐसा विमर्श खड़ा करने का प्रयास हो रहा है कि देश में हिंदू हैं ही नहीं बल्कि सिक्ख हैं, दलित हैं, राजपूत हैं, जैन हैं आदि आदि। देश में जातियों के आधार पर जनसंख्या की मांग की जा रही है ताकि देश में प्रदान की जाने वाली समस्त सुविधाओं को हिंदू समाज की विभिन्न जातियों की जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा सके। जिससे अंततः देश में विभिन्न जातियों के बीच झगड़े पैदा हों और इस प्रकार भारत को एक बार पुनः गुलाम बनाए जाने में आसानी हो सके। विदेशी ताकतों द्वारा आज भारत के एकात्म समाज को टूटा-फूटा समाज बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्राचीन भारत में वनवासी थे, ग्रामवासी थे, नगरवासी थे, इस प्रकार त्रिस्तरीय समाज था। भारतीय समाज विभिन्न जातियों में बंटा हुआ था ही नहीं। यह अंग्रेजों का षड्यंत्र था कि भारत में उन्होंने समाज को बांटो और राज करो की नीति अपनाई थी। अन्यथा हिंदू समाज तो भारत में सदैव से एकात्म भाव से रहता आया है। किसी भी देश में क्रांति सत्ता से नहीं आती है बल्कि समाज द्वारा ही क्रांति की जाती है। जिस प्रकार का समाज होगा उसी प्रकार की सत्ता भी देश में स्थापित होगी। अतः किसी भी देश को विकास की राह पर जाने से रोकने के लिए उस देश की संस्कृति को ही समाप्त कर दो। ऐसा प्रयास आज पुनः विदेशी ताकतों द्वारा भारत में किया जा रहा है। परंतु, अब एक बार पुनः भारत एक ऐसे कालखंड में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है जिसमें आगे आने वाले समय में विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भारत की तूती पूरे विश्व में बोलती हुई दिखाई देगी। ऐसे में कुछ देशों द्वारा भारत की आर्थिक प्रगति को विपरीत रूप से प्रभावित करने के लिए कई प्रकार की बाधाएं खड़ी किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। परंतु, देश में निवासरत लगभग 80 प्रतिशत आबादी हिंदू सनातन संस्कृति की अनुयायी है एवं हिंदू समाज में व्याप्त लगभग समस्त जातियों, मत, पंथों को मानने वाले नागरिकों में त्याग, तपस्या, देश प्रेम का भाव, स्व-समर्पण का भाव कूट-कूट कर भरा है। इसी कारण से यह कहा भी जाता है कि केवल हिंदू जीवन दर्शन ही आज पूरे विश्व में शांति स्थापित करने में मददगार बन सकता है। भारतीय जीवन प्रणाली अपने आप में सर्व समावेशक है। हिंदू सनातन धर्म का अनुपालन करने वाले नागरिक पशु, पक्षी, वनस्पति, पहाड़, नदियों आदि में भी ईश तत्त्व का वास मानते हैं और उनकी पूजा भी करते हैं।

विचार

बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर प्रतिकूल असर

इन्द्र दमन तिवारी

अपना पड़ोसी बांग्लादेश पुनः 2007-08 के दौर में वापस आ गया है, ऐसा लगता था कि शेख हसीना के नेतृत्व में देश लोकतांत्रिक राह पर आगे बढ़ेगा, पर वे ऐसा कर पाने में सफल हुईं नहीं। इस देश का राजनीतिक भविष्य अभी अस्पष्ट है, पर लगता है कि फिलहाल कुछ समय तक यह सेना के हाथ में रहेगा, उसके बाद लोकतंत्र की वापसी कब होगी और किस रूप में होगी, ये कहना मुश्किल है। अभी तक ये भी स्पष्ट नहीं है कि सेना बैरक में कब लौटेगी, कर्फ्यू पूरी तरह से नहीं हटाया गया है, इंटरनेट पूरी तरह से वापस नहीं आया है और शैक्षणिक संस्थान बंद हैं।

शेख हसीना व उनके सलाहकारों ने भी राजनीतिक रूप से गलतियां की हैं, राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि उन्होंने पिछले 16 वर्षों में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मज़बूत करने की कोशिश नहीं की और जनमत को महत्व नहीं दिया, आवामी लीग जनता के मुद्दों को नजरंदाज़ करती रही, आरक्षण विरोधी आंदोलन को सरकार विरोधी आंदोलन माना गया, उसे केवल कोटा सुधार आंदोलन के रूप में नहीं देखा। शेख हसीना के बेटे और उनके आईटी सलाहकार सजीब वाजेद जॉय ने सेना और न्याय व्यवस्था से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया है कि कोई भी अनिर्वाचित देश में नहीं आनी चाहिए, सवाल है कि क्या निकट भविष्य में चुनाव संभव है? भारत की दृष्टि से यह परेशानी का समय है, यह भी सच है कि शेख हसीना के विरोध में चले आंदोलन में शामिल काफ़ी ताकतें साफ़ तौर पर भारत-विरोधी हैं। सोमवार को शेख हसीना के पलायन के बाद भारतीय संस्थाओं और हिन्दुओं पर हुए हमलों से भी यह स्पष्ट हुआ है, यह बात भी समझ आती है कि देश की सेना ने शेख हसीना को सुरक्षित निकलकर जाने का मौका तो दिया, पर आंदोलन को काबू में करने में उनकी मदद नहीं की। उनके पलायन की खबर के साथ इंटरनेट पर वह वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा को तोड़ा जा रहा था, इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इन आंदोलनकारियों के पीछे किसका हाथ है। संयोग से 5 अगस्त की तारीख़ कश्मीर से अनुच्छेद 370 की वापसी के कारण महत्वपूर्ण हो गई है, पाकिस्तानी आईएसआई तारीख़ के प्रतीकों का प्रयोग करती ही आई है, ऐसा ही एक संयोग 15 अगस्त, 2021 को हुआ था, जब काबुल पर तालिबान के शासन की वापसी हुई थी। शेख हसीना कई बार जानलेवा हमलों से उबर चुकी हैं, अपने कार्यकाल के दौरान उनकी सरकार देश के सीमा सुरक्षा बलों के हिंसक विद्रोह से भी बच चुकी है, उसमें 57 सैन्य अधिकारी मारे गए थे। वे तीन आम चुनाव जीत चुकी हैं, भले ही इन चुनावों की विश्वसनीयता पर संदेह हो, इन चुनावों की अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी आलोचना की है। वे मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों और विपक्षी दलों के कई आंदोलनों का सामना कर चुकी हैं। यह पिछले 53 साल का अनुभव है कि बांग्लादेश जब उदार होता है, तब भारत के करीब होता है, जब कट्टरपंथी होता है, तब भारत-विरोधी। शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग की सरकार के साथ भारत के अच्छे रिश्तों की वजह है 1971 की वह 'विजय' जिसे दोनों देश मिलकर मनाते हैं, वही 'विजय' कट्टरपंथियों के गले की फाँस है। पिछले 15 वर्षों में लीग की सरकार ने भारत के पूर्वोत्तर में चल रही देशविरोधी गतिविधियों पर रोक लगाने में बड़ी मदद की। भारत ने भी शेख हसीना के खिलाफ हो रही साजिशों को उजागर करने और रोकने में मदद की, शायद उन्हें इस हिंसा के पीछे खड़ी ताकतों के प्रति आगाह भी किया होगा। जो हो गया, सो हो गया, अब भारत को वहाँ के नए सत्ताधारियों के साथ भी संपर्क कायम करना होगा, क्योंकि हमें राष्ट्रीय हितों की रक्षा भी करनी है, ये भी माना जाता है कि 2008 में सत्तारूढ़ हुई शेख हसीना ने पिछले सोलह साल में बांग्लादेश को ग़रीबी से बाहर निकाला, देश की आर्थिक प्रगति के पीछे उनका हाथ है, लोगों का मानना है कि कोटा सुधार शुरू में छात्रों तक ही सीमित था, लेकिन अंत में यह सीमित नहीं रहा। चूंकि इसका संदर्भ बड़ा है, इसलिए इसके राजनीतिक पहलू भी हैं। उनपर सबसे बड़ा आरोप निरंकुशता का है, इसमें दो राय नहीं कि सामान्य छात्र, अपनी बेरोजगारी को लेकर परेशान है, देश की आरक्षण प्रणाली के खिलाफ उसका आंदोलन समझ में आता था, पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद छात्रों की माँग पूरी हो गई थी, उसके बावजूद आंदोलन की दूसरी लहर ने साबित कर दिया कि इसके पीछे केवल छात्र नहीं हैं, बल्कि उन्हें ढाल बनाया गया। इसके पीछे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी की भूमिका है, सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच भिड़ंत में पिछले महीने में लगभग 300 लोग मारे गए थे, रविवार को दोबारा शुरू हुई हिंसा में करीब 90 लोग मारे गए।

इस विरोध ने सत्तारूढ़ लीग को हिलाकर रख दिया, पिछले 16 वर्षों से लगातार सत्ता में रहने के बावजूद पार्टी को ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा था, 2012 से 2014 तक, पार्टी ने युद्ध अपराधों के मुकदमे पर केंद्रित एक मजबूत राजनीतिक आंदोलन का नेतृत्व किया। इसके अलावा, पार्टी ने 2018 में कोटा विरोधी आंदोलन और बाद में सुरक्षित सड़कें चाहिए आंदोलन को भी संभाला, लेकिन यह पहली बार है कि सरकार को विरोध प्रदर्शनों से निपटने के लिए कर्फ्यू लगाने और सेना तैनात करने के लिए मजबूर होना पड़ा, विरोध का स्तर इतना तीव्र होगा इसकी कल्पना नहीं की गई होगी। पीएम हसीना के देश छोड़ने के बाद सेनाध्यक्ष चीफ़ जनरल वकार-उज़्ज़मां ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि देश में एक अंतरिम सरकार बनाई जाएगी, उन्होंने आंदोलनकारियों से शांत होने की अपील भी की है और यह भी कहा है कि उनके साथ न्याय किया जाएगा। उधर ढाका में हजारों की भीड़ ने शेख़ हसीना के आधिकारिक आवास गणभवन पर धावा बोलकर जो उत्पात मचाया है, उससे लगता है कि अराजकता जल्द नियंत्रित नहीं होगी। सेना सड़कों पर तैनात थी, लेकिन वह आंदोलनकारियों को रोक नहीं रही थी, दोपहर बाद से सड़कों पर पुलिस की मौजूदगी बहुत कम हो गई, अभी तक पुलिस ही आंदोलनकारियों का सामना कर रही थी, इसका मतलब है कि शेख हसीना की सरकार को सेना का समर्थन हासिल नहीं था।

(अध्येता, विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय)

इजरायल-पिलिस्तीनी युद्ध से अशांति की आशंका

इसराइल के फिलिस्तीन पर कब्जे और हमास के कमांडर इन चीफ स्माइल हनिया कि तेहरान में हुई हत्या के फलस्वरुप उपजे आक्रोश में इस्लामी सहयोग संगठन की महत्वपूर्ण बैठक सऊदी अरब के जेद्दा शहर में आयोजित की गई, इस्लामी सहयोग संगठन अपने को 57 इस्लामिक देश का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन होने दावा पेश करता है, जिसमें पाकिस्तान, ईरान और तुर्की जैसे गैर अरब देश भी शामिल हैं। यह महत्वपूर्ण बैठक ईरान, तुर्की तथा पाकिस्तान के अनुरोध पर आयोजित की गई जिसमें ईरान को इसराइल के विरुद्ध आगामी होने वाले युद्ध में हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है। इन मुस्लिम देशों के संगठन आइओसी में सभी इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों ने शिरकत की है इसके अंतर्गत यदि ईरान का इजरायल के साथ संघर्ष बढ़ता है तो पाकिस्तान ईरान को पाकिस्तान द्वारा निर्मित शाहीन-3 बैलिस्टिक मिसाइल की बड़ी खेप की आपूर्ति करेगा इसके अलावा मैदानी मदद करने का भी आश्वासन पाकिस्तान ने ईरान को दिया है। इसी तरह तुर्की एवं अन्य इस्लामी देशों में ईरान द्वारा इजरायल में हमला करने के दौरान सामरिक तथा हथियारों की मदद करने का पक्का वादा किया है। पाकिस्तान की ओर से ईरान को मिसाइल दिए जाने के वादे के दावे से पहले महत्वपूर्ण देश रूस ने तेहरान को हथियारों की बड़ी तादाद में मदद मुहैया कराई है। समाचार एजेंसी दी वाल स्ट्रीट जनरल के अनुसार रूस ने इसराइल के विरुद्ध ईरान यदि हमला करता है तो तो ईरान रूस द्वारा प्रदत्त हथियारों का उपयोग करेगा, एजेंसी ने आगे बताया कि रूस का एक सामरिक प्रदान करने वाला कार्गो विमान आई एल 76 टीडी 2 अगस्त को पहले ही तेहरान के हवाई अड्डे पर उतर चुका है उल्लेखनीय है कि यह एयरलाइन हथियारों के ट्रांसपोर्ट के लिए मानी जाती है और इसके पूर्व भी रूस ने ईरान को बड़ी संख्या में हथियार भेजने का दावा भी किया है इसके अलावा भविष्य में चीन तथा रूस ने संयुक्त रूप से ईरान की इस युद्ध में मदद करने की पेशकश कर चुके हैं। यह गौर तलब है कि ईरान इजरायल द्वारा पिलिस्तीन पर कब्जा किए जाने तथा हमास के सैन्य प्रमुख स्माइल हानियां की हत्या से अत्यंत आक्रोशित है इसी के परिणाम स्वरूप वह इसराइल पर हमले करने की तैयारी के लिए सैन्य अभ्यास में जुट गया है। अमेरिका की खुफ्यिा एजेंसी ने इस बात से इनकार किया है कि उसे ईरान की तैयारी के संबंध में सब कुछ मालूम है एवं उसे अभी भी यह नहीं पता है कि ईरान कब और कैसे इसराइल पर हमला कर सकता है एवं हमले का सही समय क्या होगा पर ईरान ने दावा किया है कि वह बहुत जल्द स्माइल हानियां की हत्या का बदला लेने इजरायल पर हमला करने वाला है। महत्वपूर्ण बात यह है कि सऊदी अरब और ईरान के संबंध बहुत अच्छे नहीं माने जाते रहे हैं सऊदी अरब इजराइल का करीबी देश माना जाता रहा है पर इजरायल द्वारा स्माइल हानियां की हत्या में वह इस्लामी देशों के साथ ईरान के साथ भी खड़ा है एवं उसने इस घटना को लेकर इसराइल से अपना विरोध जताया है और अब अपने संबंध इसराइल से लगभग खत्म कर दिए हैं। इराक के भी संबंध ईरान से कभी मधुर नहीं रहे पर इजरायल के मामले में इराक,यमन,जॉर्डन एवं अन्य देश लेबनान तथा ईरान की सरकार के साथ खड़े होते दिखाई दे रहे हैं। इस बैठक के पूर्व लेबनान ने इसराइल पर लगभग 40 रॉकेट लांचर से हमले किए हैं जिसे इसराइल ने अपने रक्षात्मक आयरन डोम द्वारा हवा में ही नष्ट कर दिए हैं अब इस्लामी संगठन की इस बैठक में कई बातें जो सार्वजनिक नहीं की गई है उनमें यह तथ्य छन छन कर बाहर आ रहें है कि सभी 57 सदस्य देश इस युद्ध में इसराइल के खिलाफ शामिल होंगे एवं लेबनान तथा ईरान आगे बढ़कर इसराइल पर हमला करेंगे। उधर इजराइल का साथ देने के लिए अमेरिका ने स्पष्ट रूप से घोषणा कर दी है अब तक वह लगातार हथियार तथा लड़ाकू विमान इसराइल को प्रदान करते आ रहा है।

राशिफल

मेष:- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के ब्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

बृषभ:- शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

मिथुन:- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

कर्क:- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

सिंह:- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्या:- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

तुला:- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

वृश्चिक:- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

धनु:- सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव।

मकर:- बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

कुंभ:- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढे.गी।

मीन:- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

जागो युवा देश के ऊर्जावान नौजवानों भविष्य को मुट्ठी में कर

संजीव ठाकुर

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त पर विशेष

अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं।

भारत ने युवाओं के दम पर पेरिस ओलम्पिक में एक सिल्वर और चार ब्रॉन्ज कुल पांच पदक जीत कर खेलों की दुनिया में परचम लहराया है,आने वाले समय मे ये ही युवा पदकों की सृंखला भी जीत कर लाएंगे ऐसी आशा बलवती हुई है एक बहुत अच्छी कहावत है कि आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और निसंदेह आशा, उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है।वैश्विक स्तर पर भारत देश को युवा जनसंख्या का सरताज देश माना जाता है।

भारत के नौजवानों की क्षमता का लोहा अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, इजरायल और अन्य पश्चिमी देश मानते हैं। विश्व में ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं जहां भारत की युवा जनसंख्या ने अपना परचम ना फैलाया हो। इसीलिए नेपथ्य के परिदृश्य में यह आवाज सदैव बुलंद होती है कि युवा देश के युवा नागरिकों आगे बढ़ो दुनिया को मुट्ठी में कर लो, भविष्य हमेशा तुम्हारा है और रहेगा। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 145 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफ्ल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो या खेल का मैदान हो, सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला अवयव होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है।

अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है। यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना, अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

चोरी की घटना का चरखारी पुलिस टीम ने किया खुलासा

- दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का माल सहित अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

महोबा, समृद्धि न्यूज।

बीते 4 अगस्त 2024 को चन्द्रभान गुप्ता पुत्र स्व. मैयादीन गुप्ता निवासी मुहल्ला हाथीखाना कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा द्वारा अपनी जनरल स्टोर की दुकान से गुटखा चोरी हो जाने के संबंध में थाना चरखारी पर सूचना दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर मु.अ.सं. 185/24 धारा 305( ) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना को पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा संज्ञान लेते हुये घटना के सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार द्वारा थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया। गठित टीम के उप निरीक्षक सनय कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र भ्रमण, संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग के दौरान बीते 11 अगस्त 24 को उपरोक्त घटना से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्त क्रमश राघवेन्द्र राजपूत के कब्जे से चोरी किये गये माल के विक्रय से शेष धनराशि 3,710/- रुपये व एक मोबाइल फोन, एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। वहीं

दूसरे अभियुक्त सुरेन्द्र राजपूत के कब्जे से चोरी माल के विक्रय से शेष धनराशि 2,320/- रुपये नगद व एक मोबाइल फोन तथा एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी किये गये सात पैकेट गुटखा कम्पनी स्ह्य व 19 पैकेट गुटखा 60 नम्बर एक बोरे में बरामद किया गया। अभियुक्तों से अवैध शस्त्र की बरामदगी होने के सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर क्रमशः मु.अ.सं. 191/2024 व 192/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुये अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

अभियुक्त राघवेन्द्र राजपूत पुत्र लालदीवान उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम महेरा थाना बिवार जनपद हमीरपुर का आपराधिक इतिहास है - 1.मु.अ.सं. 68/2023 धारा 392/411/427/506 भादवि थाना जरिया जनपद हमीरपुर 2.मु.अ.सं. 72/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जरिया जनपद हमीरपुर 3.मु.अ.सं. 250/2023 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना जरिया जनपद हमीरपुर। 4 मु.अ.सं. 67/2023 धारा 392/411 भादवि व धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना मुस्करा हमीरपुर।

अभियुक्त सुरेन्द्र राजपूत पुत्र मंगल सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बरखेडा थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर का आपराधिक इतिहास निम्नलिखित है - 1.मु.अ.सं. 123/2023 धारा 380/411/403/457/34 भादवि व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चिकासी हमीरपुर। 2.मु.अ.सं.165/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर 3.मु.अ.सं. 58/2022 धारा 41/411/419/420/ 467/468 भादवि थाना मझगंवा जनपद हमीरपुर।

ब्रह्माकुमारीज बहनों ने कारागार महोबा में मनाया रक्षाबंधन का पावन पर्व

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जनपद क्षेत्र की संचालिका राजयोगिनी बीके सुधा बहन ने रक्षा बंधन के पावन पर्व का आध्यात्मिक रहस्य को समझाया। सभी कैदियो को समझाते हुए कहा कि जब इस सृष्टि पर परमात्मा आते हैं तब हम सभी को हमारे जीवन की बुराई , व्यर्थ, नकारात्मकता व बदले की भावनाओं से बिल्कुल निर्वंधन कर देते हैं। जिससे हम सभी सुख, शांति और समृद्धि से भरपूर हो जाते हैं।

कार्यक्रम में हरपालपुर से पधारी बीके उमा बहन ने कहा कि परमात्मा पर अटूट विश्वास ही हम बड़ी से बड़ी परिस्थिति को पार कर सकते है । सबसे बड़ा बल है भगवान शिव परमात्मा पर भरोसा । कार्यक्रम के चलते बीके सुदामा बहन ने युवा पीढ़ी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के युवा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है अपने जीवन को सकारात्मक सोच बनाना। बीके शिवि बहन ने युवा प्रभाग के अंतर्गत बताते हुए कहा की युवा अपने जीवन में शांति को जितनी गहराई से अपनाएंगे उतना ही जीवन को शक्तिशाली बनता जायेगा। बीके साधना बहन ने बहुत सुंदर तरीके से आत्मा और परमात्मा पर विस्तृत जानकारी दी।

बीके रिचा बहन ने विद्यालय का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में बीके रूपाली बहन ने कमेंट्री के माध्यम से मेडिटेशन कराया। इसके तत्पश्चात राजयोगिनी बीके सुधा बहन ने जेल अधीक्षक शिवमूर्ति सिंह को एवम पूरे विभाग को परमात्मा का रक्षासूत्र बांधकर प्रभु प्रसाद दिया। जेल के सभी कैदी भाईयो एवम कैदी बहनों को परमात्मा का रक्षा सूत्र बांधकर प्रभु प्रसाद दिया गया। कार्यक्रम में बीके बबिता बहन , बीके उमा बहन और मुकेश भाई , बीके रामलाल भाई , बीके सुरेश भाई , बीके हरप्रसाद भाई आदि बीके भाई बहनें शामिल रहे।

खबरें एक नजर में

मेटा संस्था ने आयोजित की स्कालरशिप प्रवेश परीक्षा

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। कस्बे में बीते चार वर्षों से शिक्षा के लिए कार्य कर रही मेटा संस्था द्वारा स्कालरशिप प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें लगभग दो सैकड़ा छात्र.छात्राएं उपस्थित हुए। रविवार को कस्बे के रहमानिया इंटर कालेज में मौदहा एजुकेशनल ट्रस्ट बाई अलीग ;मेटा, संस्था द्वारा स्कालरशिप प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कस्बे के सभी स्कूलों के लगभग दो सैकड़ा छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हुए। संस्था के हसन सिद्दीकी ने बताया की बीते चार वर्षों से हमारी संस्था क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से कार्य कर रही है। जिसमें एएमयूए बीएचयूए जामिया सहित अन्य विश्वविद्यालयों में आयोजित होने वाली ग्यारहवीं की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने के लिए हाईस्कूल में अध्ययनरत छात्रों का टेस्ट लिया जाता हैए जिसमें टॉप 25 बच्चों का चयन कर उन सभी छात्रों को एक वर्ष निशुल्क तैयार कराई जाती है। जिसमें निशुल्क लैबरेरी आदि की व्यवस्था रहती है।

चोरों ने तीन घरों से चोरी की लाखों के जेवरात व नगदी

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि को तीन घरों को निशाना बनाते हुए घर मे रखे सोने चांदी के जेवरात लेकर चंपत हो गए है । सूचना पर पुलिस सीसी टीवी के फुटेज खंगालकर चोरी के खुलासा करने में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक कस्बा सुमेरपुर के स्टेशन रोड स्थित वार्ड नं 14 निवासी संजय अवस्थी पुत्र शिवप्रसाद बीती रात्रि खाना खाने के उपरांत घर पर गहरी नींद में सो गए थे ।तभी रात्रि के समय अज्ञात चोरों के गिरोह ने घर में धावा बोल दिया और घर पर रखे जेवरात लेकर चंपत हो गए ।जब सुबह ग्रह स्वामी जागा तो बिखरे हुए कपड़े व घर का नजारा देख परेशान हो उठा उसने देखा तो घर पर रखें सोने चांदी के जेवरात गायब थे उसका करीब डेढ़ लाख का नुकसन बताया जाता है। इसके पूर्व ओम प्रकाश शुक्ला के घर को निशाना बनाते हुए चोर घर में घुस गए लेकिन गृह स्वामी के जग जाने से वे वहां से भाग निकलेए इसके बाद प्रदीप कुमार के घर में घुस कर चोर 5 हजार की नगदी और एक मोबाइल चोरी कर ले गए हैं पीड़ितो ने तत्काल थाना पुलिस को तहरीर दे चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की तो चोरी की सूचना होने पर तत्काल पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभारी ने घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर जांच पड़ताल की ।वही जांच दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल कर साक्ष्य एकत्र किये है ।पुलिस ने बताया कि जल्द चोरी की घटना का अनावरण किया जाएगा।

घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

मौदहा, (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दोनों घायलों को लहुलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली में तैनात सिपाही मुकेश कुशवाहा 28 वर्ष पुत्र सुखराम स्टेट बैंक के निकट सड़क दुर्घटना में घायल हो गए जिसके कंधे में चोट बताई जा रही है राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है दूसरी घटना फूल सिंह 35 वर्ष पुत्र मोहनलाल इंगोहटा गांव निवासी सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने पर परिजनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती का है इलाज जारी है।

जांच में बच्चों को नहीं निकला खसरा मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजी रिपोर्ट

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

आज राठ कस्वा स्थित नवोदय आवासीय विद्यालय में पांच छात्रों के खसरे निकलने की शिकायत पर हड़कंप मच गया, बाद में जाच टीम पहुच कर मामले की छानबीन की जिसमे पाया गया कि बरसाती दाने है। खसरा जैसी कोई शिकायत नही है। सभी छात्रो को दवा दे दी गयी है।

जानकारी के मुताबिक विद्यालय की स्टाफ नर्स ने पांच छात्रों को सीएचसी राठ में उपचार के लिये लायी थी जिसमे चिकित्साधिकारी डा. नरेंद्र राजपूत ने बताया कि बच्चों को खसरे की शिकायत है, इस पर एसडीएम व अन्य डाक्टरो की टीम ने बच्चो को देखने के बाद विद्यालय जाकर वहा की स्थिति देखी, डिप्टी सीएमओ डा संजय कुमार ने बताया कि जांच में फिल हाल बच्चों को कोई बीमारी सामने नही आयी है न ही खसरे जैसे कोई शिकायत है। सभी बच्चों को स्टाफ नर्स विद्यालय की देखरेख करने को कहा गया है। इस मामले की रिपोर्ट प्रभारी चिकित्साधिकारी राठ ने सीएमओ को दे दी है।

वही अधीक्षक राठ का कहना है कि डा नरेंद्र राजपूत भ्रामक बयान देते है। जिससे विभाग की छवि खराब होती है।

बेटे-बेटियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देना बेहद जरूरी : डॉ. संतोष

- सेल्फ डिफेंस एकेडमी महोबा द्वारा आयोजित हुई जिलास्तरीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता

महोबा, समृद्धि न्यूज।

ज़िलास्तरीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता का सेल्फ डिफेंस एकेडमी महोबा के तत्वाधान में आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आधा सैकड़ा से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर संतोष चौरसिया के द्वारा की गई।

कार्यक्रम को लेकर डॉक्टर संतोष चौरसिया ने बताया कि आज के बदलते परिवेश में बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ इस तरह की शारीरिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराना स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद उपयोगी है। केंद्र और राज्य की सरकारें बेटियों की सुरक्षा और सम्मान की दिशा में पुलिस और प्रशासन के माध्यम से बहुतेरी योजनाएं चला रही है। ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से सरकार की मंशा को मजबूती मिलती है। दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका अवनी ने कहा कि बेटियों को विभिन्न माध्यमों से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना बहुत जरूरी है। शारीरिक प्रतियोगिताओं में हिस्सेदारी से बेटियों का आत्मबल बढ़ेगा और धरातल पर निश्चित रूप से वे मजबूत बनेंगी। सेल्फ डिफेंस एकेडमी महोबा के पवन आर्य ने बताया कि इस तरह का साल का ये उनके द्वारा आयोजित किए जाने वाला तीसरा डिस्ट्रिक्ट लेवल का कार्यक्रम है। बच्चों के लिए विभिन्न विषयों की पढ़ाई के साथ ही अतिरिक्त तौर पर गायकी, तैराकी, खेलकूद या अन्य की भांति आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दिया जाना आज के वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

केवलारी नदी में घटिया सामग्री लगाकर ठेका प्रथा से बनाया जा रहा पुल

महोबा, समृद्धि न्यूज।

- निर्माणाधीन पुल की दीवारों में दरारों के निशानों पर डेटिंग पेंटिग करके सफाई दिखवाई जा रही

पनवाड़ी विकासखंड अंतर्गत बसरिया मडवारी के मध्य केवलारी नदी में गुणवत्ता विहीन पुल का निर्माण का कार्य किया जा रहा है। आपको बता दें कि लोक निर्माण विभाग से करीब एक से डेढ़ करोड़ की लागत से मडवारी के पास केवलारी नदी में पुल का निर्माण किया जा रहा है।

जिसमे एक फर्म से बांदा के ठेकेदार द्वारा ठेका प्रथा से कार्य किया जा रहा है मौके पर कार्यदाई संस्था का बोर्ड न लगाना अवर अभियंता की लापरवाही बया कर रहा है।

जिसकी छत, अप्रोच पटरी, सतह में घटिया सामग्री मिट्टी युक्त बालू, स्टोन डस्ट लगाकर कार्य का कॉलम पूरा किया जा रहा है जो कभी भी भ्रष्टाचार की भेट चढ़ सकता है।

निर्माणाधीन पुल की दीवारों में दरारों के निशानो पर डेटिंग पेंटिग करके सफाई दिखाई जा रही है तो वही स्थानीय लोगों ने दबी जुबान से बताया है कि स्लिप डालते समय दो बार सटरिंग डेमेज हुई लेकिन कोई अनहोनी नही हुई नही तो बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता था। इसके बाद भी विभाग के अधिकारियों ने मोके की हकीकत को नही जाना। पूर्व में भी इसी जगह पर 3बार पुल का निर्माण हो चुका है लेकिन विना एंजिल, ड्राइंग के कार्य करवाया जाता है जो कम समय मे टूट फूट कर धराशाई हो जाते हे जिसमें बार बार सरकार का धन का दुर्पयोग किया जा रहा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विभाग के एक जिम्मेदारो की सह से घटिया किस्म से कार्य करवाने में अहम भूमिका है इस पुल निर्माण में सरकार के भारी भरकम बजट के साथ लाखो रुपए बंदरबाट किए जाने की चाल है ग्रामीण राकेश पाठक, मनोज, पंकज, राजेश, रामाधार, पुस्पेंद, सहित एक दर्जन लोगो ने अधिशासी अभियंता से जांच कराने की मांग की है। इस पुल का निर्माण अवर अभियंता शीलचंद जी की देखरेख में किया जा रहा है इनका कहना है कार्य ठीक हो रहा है।

गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। नगर के मुख्य मार्ग के पास महिला द्वारा गांजा बेचने का वायरल हुए वीडीओ को संज्ञान में लेकर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए गांजा बेंच रही महिला को गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। नगर में काफी समय से मुख्य मार्ग फत्तेपुर के नजदीक गुमटी से माया पत्नी स्व. कैलाश द्वारा गांजा बेंचा जा रहा था जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जिसे संज्ञान में लेकर कोतवाली मौदहा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उक्त महिला को लगभग 450 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत जेल भेज दिया है। बता दें कि पहले इसके स्वर्गीय पति इस धंधे में संलिप्त थे उनके न रहने के बाद से उक्त महिला इस धंधे को चला रही थी और कई बार पुलिस की दबिस देकर पकड़ने का प्रयास किया गया मगर मौके पर गांजा न मिल पाने के कारण वह बच जाती रही है।

प्रशांत संयोजक व रमाकांत बने सहसंयोजक

- उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जनपदीय तदर्थ समिति का हुआ गठन

महोबा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के निर्वाचन के लिए तदर्थ समिति का गठन किया गया है। शिक्षक प्रशांत सक्सैना को संयोजक एवं रमाकांत मिश्र को सह संयोजक बनाया गया है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पू.मा.) शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष शिवसागर मिश्रा ने बताया कि रविवार को मंडल कार्यकारिणी की बैठक कंपोजिट विद्यालय बनकट, जनपद-कर्वी में आयोजित हुई। इस बैठक में जनपद महोबा की निष्क्रिय चल रही जिला कार्यसमिति को भंग करते हुए निर्वाचन कराने का निर्णय किया गया। बैठक में मंडल महामंत्री विश्वबंधु पांडेय ने महोबा जनपद में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए तदर्थ समिति की गठन करने का प्रस्ताव रखा।

सर्वसम्मति से प्रशांत कुमार सक्सेना को इस तदर्थ समिति का संयोजक, रमाकांत मिश्रा को सहसंयोजक बनाया गया। पद्मजा, राम सिंह राजपूत व डा. मनोज कुमार अनुरागी को सदस्य बनाया गया। इस बैठक में महोबा से शामिल होने के लिए शिक्षक नवीन कुमार गुप्ता, दिनेश रावत, जयहिंद तिवारी, मनीष तिवारी, विकास पचौरी, रूप सिंह राजपूत, पंकज नगायच, वीरेंद्र प्रजापति आदि शिक्षक शामिल हुए।

बुन्देलखंड में गिरते जल स्तर को लेकर निकाली गयी जल कोष यात्रा

- महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, अफसरों ने लिया बढ़ चढ़ कर हिस्सा

मुस्करा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

अटल भूजल योजना के तहत कलश यात्रा निकालकर जल कोष यात्रा का शुभारंभ किया गया। रविवार के दिन कस्बा मुस्करा के ब्लॉक परिसर से जल योद्धा पदमश्री उमाशंकर पांडे के नेतृत्व में जल कोष यात्रा का शुभारंभ किया गया । इस यात्रा में सबसे पहले महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर ब्लॉक से कालिका देवी मंदिर तक यात्रा की गई और इस यात्रा को सफल बनाने के लिए तालाब के किनारे पूजन किया गया। इस यात्रा के द्वारा लोगों को संदेश दिया गया ष्जो न जग जल के लिए वह न बचेगा कल के लिए, प्रकृति का अनुपम उपहार है जिसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती किसी जीव व वनस्पति को वायु के बाद जल जीवन रक्षा के लिए अति आवश्यक है प्राचीन भारतीय संस्कृति में जल को जीवन माना गया है जल में जीवनम यही कारण है कि विश्व की समस्त सभ्यताओं ने विकास में जल की उपलब्धता का विशेष महत्व रहा है प्रदेश में 70 फीसदी सिंचाई भूजल संसाधनों पर निर्भर है जबकि पेयजल की लगभग 80 फीसदी और औद्योगिक क्षेत्र की लंबाई 85फीसदी आवश्यकताओं की आपूर्ति भी भूजल स्त्रोतों से ही की जाती है।

उन्होंने बताया कि 21 ब्लॉक बुंदेलखंड के जिनका जल स्तर लगातार गिरता चला जा रहा है। इसी को देखकर आज बुंदेलखंड के मुस्करा ब्लॉक में इस जल कोष यात्रा का शुभारंभ किया गया है ताकि अटल भू जल योजना के तहत जल को हम बचा सके और आने वाले भविष्य में हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रख सके ।इसी मौके पर भूगर्भ जल विभाग की ओर से सत्येंद्र सिंह चौहान और जीतू राजपूत ने भूगर्भ जल योजना के तहत भूजल संरक्षण के तहत कठपुतली के द्वारा जल संरक्षण के लिए संदेश दिया । इस कार्यक्रम में अटल भूजल योजना के एक्सपर्ट उत्तर प्रदेश साकेत श्रीवास्तव के साथ जनपद के संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी प्रवेंद्र कुमार पांडेए ब्लॉक प्रमुख मुस्करा वीर नारायण राजपूत के साथ ब्लॉक के 11 ग्राम पंचायतों के प्रधान सचिव मौजूद रहे।

पूर्व योजनाओं से किसानों को रत्ती भर लाभ नहीं

शासन ने विभाग को दिये बयालिस आजीविका सरोवर

- शासन ने पहली मर्तवा भूमि संरक्षण विभाग को दिये करड़ों रुपये के मल्टीपर्पज यानी आजीविका सरोवर
- विभाग की चल रही है टीएसी जांच, विभाग को मालामाल होने का मिला एक और मौका



विनोद शुक्ला।

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

जिले में खेत तालाब,चेकडैम, बंधी बनाने के बाद नमी संरक्षण व सिंचाई में सफलता न मिलने के बाद शासन ने बुंदेलखंड पैकेज के तहत पहली मर्तवा जिले में भूमि संरक्षण विभाग को आजीविका सरोवर बनाने का लक्ष्य दे दिया है। इसके लिये तीनो इकाईयों को 42 तालाब निर्माण कराने को कहा गया है ये सभी तालाब गांव समाज की जमीन में खुदवाये जायेगे। करोड़ रुपये का बजट अभी फिलहाल आवंटित नही किया गया है।

जानकारी के मुताबिक भूमि संरक्षण विभाग में योजना संचालित में हुई धांधली को लेकर शासन से टीएसी जांच चल रही है जांच टीम अभी भी डेरा डाले हुये है जिसे काफी मात्रा में धांधली मिल रही है। इसके बाद भी शासन ने मल्टीपर्जज तालाब यानी आजीविका तालाब निर्माण करने का लक्ष्य दे दिया है एक तालाब की कीमत कम से कम छह लाख से लेकर दस लाख तक होगी जिले में दो प्रकार के तालाबों का निर्माण किया जायेगा। साठ बाई पचास व पचास बाई चालिस मीटर के तालाब बनाये जायेगे। हालाकि नयी योजना आने से विभाग के अफसरो की आंखो में चमक आ गयी है। बताया जाता है कि टीएसी टीम को जांच में काफी धांधली मिल रही है किसी न किसी अफसर के ऊपर गांज गिरना तय माना जा रहा है।

इन तालाबों से किसानों को छोटी मोटी सिचाई व जल स्तर बढ़ाने के लिये शासन ने तालाब बनाने का फैसला किया है। हालाकि कई दशकों से विभाग में बंधी,तालाब व चेकडैम बनाये जा रहे है यही नही खेत तालाब योजना में सैकड़ो तालाब खोदे गये है जहा जहा तालाब खोदे गये है वही पर जल स्तर नीचे चला गया है नमी संरक्षण का तो कही नमोनिशान नही है। ऐसी हालत में आजीविका सरोवर क्या भूमिका निभायेगे इसको लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है बताया जाता है कि कुछ स्थानों में विभाग ने स्थान चयन भी कर दिया है। केवल बजट आने का इंतजार किया जा रहा है।

कहां-कहां पर खुदने हैं तालाब

भूमि संरक्षण विभाग प्रथम को बैजेमऊ में दो,किशवाही,अरतरा में दो,अतरैया में दो,सिकरोढ़ीमें दो,किशवाही समेत दस तालाब खोदे जाने है। इसी प्रकार भूमि संरक्षण विभाग दो में विहूनी खुर्द, छानी , मुस्करा, भुजपूर, अतरौली,इंदरपुरा, इछौरा, विहूनकला, ऐझी, शिवनी, बजेहटा, बसरिया,बरहरा,लोधीपूर में चौदह तालाब खुदवाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार भूमि संरक्षण विभाग राठ इकाई में सर्वाधिक 18 तालाब का लक्ष्य दिया गया है जिसमे गढ़हर जिगनी, रौरो, सिकरौधा,कैथा, मगरौठ, बरौली खरका, औता, टोलाखंगारन, इकठौर, सरगांव, मगरौठ, मलेहटा, कुछेछा, अमूद, रावतपूरा गांवों में आजीविका तालाब खुदवाने का लक्ष्य दिया गया है,ज्ञात हो कि राठ इकाई में शासन से सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार की शिकायते हुई है फिर भी शासन की ओर से इसी इकाई को बकफ किया जाता है।

कोतवाल की कांवड़िया से विवाद धक्का मुक्की, धरने पर बैठ कांवड़िया

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।

सूबे के मुखिया कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर रहे हैं और जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ता भी कांवड़ियों पर फूल बरसा रहे हैं, पर गोला कोतवाल ने कांवड़ियों की पिटाई कर दी। गुस्साए कांवड़ियों ने गोला पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर धरना शुरू कर दिया। बाद में कार्यवाही के भय से कोतवाल ने कांवड़ियों की मान मनोब्बल की।

रविवार को पलिया कला से छोटी काशी को डाक कांवड़ लेकर आए कांवड़ियों को पुलिस के कोप का शिकार होना पड़ा। पुलिस ने उन्हें एकाएक मंदिर में दाखिल नहीं होने दिया जिससे कावड़िया गुस्से में आ गए और मंदिर परिसर में ही धरने पर बैठ गए। कांवड़ियों का कहना था कि डाक कांवड़ रोक देने से वह खंडित हो जाती है। तहसीलदार के काफी समझाने के बाद कावड़िया माने और धरना खत्म हुआ।

पलिया कला से आया 45 सदस्यीय डाक कांवड़ियों का एक दल रविवार को दोपहर बाद शिव मंदिर पहुंचा जहां कोतवाल रमेश चंद्र पांडे ने डाक कांवड़ियों को एकाएक अंदर जाने नहीं दिया, गेट पर ही रोक लिया। जिससे कांवड़ियों में रोष व्याप्त हो गया। कावड़ियों का कहना था डाक कावड़ रोक देने से खंडित हो जाती है। पुलिस ने उन्हें रोक कर डाक कांवड़ को खंडित कर दिया है। आरोप है कि कोतवाली ने कांवड़ियों को बेइज्जत कर हाथापाई भी की। गुस्साए कांवड़िए मंदिर के बरामदे में ही धरने पर बैठ गए। जिससे मंदिर में अव्यवस्था पैदा हो गई। श्रद्धालु परेशान होने लगे। कांवड़ियों ने

कोतवाल और गोला पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार सुखवीर सिंह ने घंटों मशक्कत कर कावड़ियों को समझा बुझाकर शांत किया और फिर भोले भंडारी के दर्शन कराए।

कांवड़िया अभिषेक शाह का कहना था कि कोतवाल रमेश चंद्र पांडे ने डाक कावड़ लेकर आए कावड़ियों की पिटाई की है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि डाक कावड़ लेकर आने की अनुमति उनके पास मौजूद थी फिर भी पुलिस ने नहीं जाने दिया।

कावड़िया कावड़ियों की पिटाई के बाद कार्यवाही के डर से कोतवाल रमेश चंद्र पांडे बैक फुट पर आ गए और फिर कांवड़ियों की मान मनोबल कर सुलह समझौता किया।

सीओ अजेंद्र यादव का कहना है की भीड़भाड़ के कारण अव्यवस्था बन गई थी। कांवड़ियों को शांत कर भेज दिया गया है।

श्रद्धा के साथ निकाली गई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान पदयात्रा

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

- स्वाधीनता आंदोलन के सेनानियों के परिजनों को किया गया सम्मानित

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार 'फाउंडेशन' द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन-1942 (क्रांति दिवस)की 82वी व काकोरी प्रतिशोध की 100वी वर्षगांठ के अवसर पर 'स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान पदयात्रा' ग्राम हरख,बाराबंकी स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति द्वार पर जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा व सेनानी वीरांगना श्रीमती रमाकांती ने सैकड़ो स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि कर अपने पूर्वजों स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उसी स्थान से चलकर हरख ग्राम में बने स्वतंत्रता सेनानी अमृत सरोवर पर स्थित पूर्वजों के शिलालेख पर पुष्पांजलि करते हुए विकासखंड-हरख के प्रांगण में पहुंचकर वहां पर भी स्थित पूर्वजों के शिलालेख पर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी के साथ सभी ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई,साथ ही साथ मुख्य अतिथि ने ऐसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए सभी को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया व जिलाध्यक्ष ने सभी को अवगत कराते हुए बताया कि ऐसे पावन अवसरों पर उक्त कार्यक्रम अपने पूर्वजों के सम्मान में आयोजित होते रहेंगे।कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने

किया। उक्त अवसर पर प्रदेश महामंत्री मोइन अहमद किदवई व जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने जनपद के तमाम स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला व प्रदेश महामंत्री ने सभी को बताया कि जनपद के स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी को संकलित करने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है,इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी ने सेनानी वीरांगना श्रीमती रमाकांती को शाल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया,साथ ही साथ जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि को शाल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया,तत्पश्चात खंड विकास अधिकारी व ए डी ओ पंचायत ने सभी स्वतंत्रता सेनानी उतराधिकारियों को माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने ÷स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान पद यात्रा÷ में शामिल क्रांतिकारियों के भेषभूषा से सुसज्जित बच्चों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी ,खंड विकास अधिकारी ,जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा ,प्रदेश महामंत्री मोइन अहमद किदवई, सचिव भारत भूषण जी,उपाध्यक्ष अनिल कुमार जी, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार संरक्षक डॉक्टर राजकुमार, अनोज, जमीलुर्रहमान, प्रीतम, उपेंद्र कुमार, क्रांति, शंभू नाथ, कवि जित्तूभैया, स्वदेश भूषण, प्रधान चट्टान सिंह आदि सैकड़ो स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारीगण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रप्रेम का दिया सन्देश

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

स्वतंत्रता दिवस से पूर्व गांवों मे राष्ट्रभक्ति की अलग जागने के लिए तिरंगा यात्रा निकालने का दौर शुरू हो गया है। रविवार को ग्राम पंचायत हजरतपुर में प्रधान प्रतिनिधि औंन मियां की अगुवाई में मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकली गई । यात्रा को सपा नेता विनोद कुमार यादव व कांग्रेस नेता जुल्फी मियां ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया।दर्जनों मोटर साइकिलों पर सवार युवा हाथों में तिरंगा लेकर वंदे मातरम भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए जुल्फी मियां की हवेली से निकलकर ग्राम कैरातिन पुरवा ,कटोरवा,हसनापुर आदि गांवों में गली गली भ्रमण करते हुए हजरतपुर पहुंचकर यात्रा का समापन किया गया । यात्रा समापन के उपरांत जुल्फी मियां की हवेली पर यात्रा में शामिल सभी युवाओं को मिष्ठान वितरण किया गया । इस मौके पर सपा नेता आदिल काजमी नियाज अहमद अंसारी, वसी अहमद, पवन कुमार, राजकुमार, चन्दन वर्मा, राधेश्याम,आजम खान,नूर आलम,बबलू यादव, सरवन, मनोज कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

पोस्ट आफिस में आधार अपडेट के लिए लगने लगी भीड़

इटावा। कस्बा बकेवर में स्थित डाक घर में आधार अपडेट का कार्य सही तरीके से होने को लेकर लोगों को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है लोगों का कहना है कि निर्धारित शुल्क लगने के साथ ही आधार अपडेट कार्य चल रहा है। कस्बा बकेवर में स्थित डाक घर बकेवर में आधार कार्ड अपडेट को लेकर बड़ी संख्या में लोग डाक घर पहुंच कर आधार अपडेट करवा रहे है। पोस्टमास्टर रामवीर सिंह के द्वारा आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिऐ आने वाले लोगों से निर्धारित शुल्क लेकर उनका कार्य किया जा रहा है। ,वहीं आधार कार्ड अपडेट को लेकर लोग डाक घर पहुंच रहे है लोगों ने बताया कि बच्चों के आधार अपडेट करवाये जाने को लेकर डाक घर में उनकों किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। आधार अपडेट करवाने के बाद निर्धारित शुल्क ही देनी पड़ रही है। किसी भी प्रकार से ज्यादा रुपये नहीं लिऐ जा रहे है। समय से आधार अपडेट का कार्य किया जा रहा है। आधार कार्ड अपडेट करवाने आये महेन्द्र सिंह ने बताया कि बच्चों के आधार अपडेट करवाने के लिऐ डाक घर आये थे अपडेट के सौ रुपये लिऐ गये है।वहीं अनीश व कशीश निवासी ललितपुर ने बताया कि आधार कार्ड अपडेट करवाने थे समय से आधार कार्ड अपडेट हो गये है किसी भी प्रकार से ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़े साथ ही आधार कार्ड अपडेट करवाने के बाद निर्धारित राशि सौ रुपये दिये।सत्यप्रकाश निवासी पटेल नगर बकेवर ने बताया कि आधार कार्ड अपडेट करवाना था डाक घर में आने के बाद जल्द से जल्द आधार अपडेट का कार्ड हो गया किसी भी प्रकार के चक्कर नहीं लगाने पड़े?।वहीं अजय कुमार निवासी धौरखा ने बताया कि लक्ष्मी व आदित्य का आधार कार्ड अपडेट करवाना था जिसकों लेकर डाक घर में पहुंचे तथा समय से उक्त आधार अपडेट का कार्य पूरा हो गया।

जमीन का पट्टा दिलाने के नाम पर एक लाख ठगे, मुकदमा दर्ज

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। ठगी का शिकार हुए एक ग्रामीण ने सी ओ हैदरगढ़ को आरोपी के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम मंगलपुर मजरे ककरी ग्राम निवासी दीपक कुमार कोरी ने पुलिस उपाधीक्षक हर्षित चौहान को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि सरोज कुमार तिवारी उर्फ लाला निवासी ग्राम बसंतपुर मजरे तेजवापुर ने जमीन का पट्टा दिलाने के नाम पर 4 वर्ष पहले एक लाख रुपए ले लिया था। आरोपी लगातार पट्टा करा देने का वादा करता रहा धीरे-धीरे 4 साल से ज्यादा बीत जाने के बाद सरोज कुमार ने बताया तुम्हारे नाम पट्टा हो गया है। तहसील के कंप्यूटर में खराबी के चलते दर्ज नहीं हो पा रहा है। दीपक कुमार ने बताया तहसील में पड़ताल करने पर पता चला सरोज कुमार झूठ बोल रहा है यहां किसी कंप्यूटर में कोई खराबी नहीं है ना ही उसके नाम कोई पट्टा हुआ है। जब आरोपी से पैसे वापस मांगे गए तो रकम वापस करने के बजाय आमादा फौजदारी होकर गाली गलौज पर उतर आया और धमकाने लगा, कहा मेरे पिताजी थाने पर मंदिर में पूजा करते हैं ज्यादा शिकायत करोगे तो उल्टे तुम्हारे विरुद्ध संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज करवा दूंगा और जेल भिजवा दूंगा। पुलिस उपाधीक्षक हैदरगढ़ का कहना है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बाग की रखवाली कर रहे युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

मसौली, बाराबंकी। गांव के ही निकट आम की बाग् की रखवाली के लिए तिरपाल की झोपडी बनाकर रह रहे एक 19 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों मे शव बांस की बल्ली मे लटकता मिला। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम नेवला करसंडा निवासी शब्बीर अली का 19 वर्षीय पुत्र मो0 साहिल बाराबंकी बहराईच हाइवे पर स्थिति महबूब उर रहमान किदवई की आम की बाग की रखवाली का कार्य करता था। गांव के ही निकट स्थित बाग् मे बांस की बल्ली के सहारे तिरपाल तान कर उसी मे रहता है रविवार की सुबह लोगो ने देखा कि मो0 साहिल का शव बांस की बड़ेर मे रस्सी के फंदे से लटकता मिला सूचना फैलते ही घर व गांव मे कोहराम मच गया । सूचना पर पहुंची पीआरवी व मसौली ने शव को कब्जे मे लेते हुए जमातलासी ली तो मृतक के पास मोबाइल मिला।जिसको पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा उसी के आधार पर कार्रवाही की जायेगी।

मीडिया बन्धु ने की बैठक

जैदपुर बाराबंकी। आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम के संबंध में जैदपुर मीडिया कार्यालय थाना चौराहा पर मीडिया बंधुओ की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा रोहण से संबंधित कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई।बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखें इसके पश्चात पत्रकारों ने मुख्य अतिथियों को झंडा रोहन के अवसर पर आमंत्रण पत्र दिया। बैठक मे पत्रकार वसीम खान,संदीप तिवारी,सत्येंद्र वर्मा,प्रदुम कुमार, शहाबुद्दीन सिद्दीकी,मेवालाल,अवधेश कुमार वर्मा,कार्यालय प्रभारी शाहिद अन्य तमाम पत्रकारगण उपस्थित रहे।

मजदूरी के पैसे को लेकर बहनोई उठा ले गया गृहस्थी जेवरात

जैदपुर बाराबंकी। ज़ैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुरवा गांव निवासी विपिन कुमार पुत्र हरिनाम ने थाने मे शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके बहनोई के साथ वह पाइप लाइन मे काम करते था और मजदूरी के पैसे को लेकर पूर्व मे विवाद हुआ था।जिसके संबंध में बीते 7 अगस्त को जब उसके घर पर कोई नही था उसी समय रात्रि करीब 11 बजे उसके बहनोई द्वारा उनके घर का सारा सामान जिसमे नगदी,गृहस्थी तथा पत्नी के जेवरात आदि उठा ले गया।वही जब इसकी जानकारी बीते दिन उसे हुई तो सभी दंग रह गए और आज इस संबंध में ज़ैदपुर थाना में पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्यवाही करने की मांग उठाई है।

एकता, अखंडता व विविधता का प्रतीक है राष्ट्रीय ध्वज : कमलेश मिश्रा

- भाजपा ने शुरू किया हर घर तिरंगा अभियान
- भाजयुमो ने निकाली बाइक तिरंगा यात्रा

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज भारत के अतीत के गौरव, वर्तमान की प्रतिबद्धता और भविष्य के सपनों का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह देश की एकता, अखंडता और विविधता का प्रतीक है।क्षेत्रीय अध्यक्ष ने उक्त बातें रविवार को भाजयुमो की बाइक तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर जीआईसी ऑडिटोरियम में भाजपा कार्यकर्ताओं से कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज 140 करोड़ देशवासियों की आन ,बान और शान है। खादी से बना तिरंगा भारत

की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। राष्ट्र सर्वोपरि का भाव रखते हुए उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं से कहा कि अधिकाधिक लोगों से अपने घर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आग्रह भी करना है।इसके पूर्व उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा को जीआईसी ऑडिटोरियम से झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं बाइक यात्रा का नेतृत्व भी किया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में मौजूद बाइक सवार भारत माता के जयकारे लगाते हुए शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरे।बाइक यात्रा नाका चौराहा,धनोखर चौराहा, लईया मंडी,छाया चौराहा,पुलिस लाइन,बस अड्डा होते हुए पुनः जीआईसी ऑडिटोरियम पहुंची। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत,एमएलसी अंगद सिंह, हरगोविंद सिंह,शरद अवस्थी,संदीप गुप्ता, राम कुमारी मौर्य,विजय आनंद बाजपेई,रोहित सिंह,आशुतोष अवस्थी,रचना श्रीवास्तव,आकाश पांडेय,सर्वेश अवस्थी,शिव कुमार यादव,अंकित वैश्य,सूरज भान, सत्या पंडित, हरिकेश ,जुगुल किशोर मौर्य,अनूप यादव,शशि गुप्ता,गुरदीप सिंह मौजूद रहे।

स्केटिंग प्रतियोगिता में अर्नव ने जीता स्वर्ण पदक



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय पूरे मेहरबान में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत शिक्षिका के पुत्र अर्नव तिवारी ने सिटी मांटेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन लखनऊ द्वारा आयोजित जोनल स्केटिंग प्रतियोगिता में 2000 मीटर और 500 मीटर दौड़ में दोनों स्वर्ण पदक जीते। अर्नव सिटी मांटेसरी स्कूल अलीगंज के कक्षा 8 के छात्र हैं।उनकी इस सफलता से परिवार के लोगों के साथ साथ क्षेत्र के लोगों में भी काफी हर्ष है। अर्नव ने बताया कि उनकी इस सफलता में माता पिता के साथ शिक्षक सुधांशु तथा एस बी सिंह का विशेष योगदान रहा।

चकरोड में पिलर बनाकर मार्ग किया अवरुद्ध

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

चकरोड पर पिलर बनाकर रास्ता अवरुद्ध किए जाने का मामला प्रकाश में आया है ।पीड़ित किसान की शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के कैथी मजरे मुस्तफाबाद गांव का है। यहाँ केनिवासी संतोष पुत्र राम दुलारे ने बताया की गाटा संख्या 420 जो सरकारी अभिलेख में चकरोड दर्ज है करीब 60 साल पहले आसपास के किसानों की सहमति से आने जाने के लिए चकारोड़ बनाया गया था इसी रास्ते से हम सभी किसान अपने खेत तक आते जाते थे ,लेकिन इसी गांव निवासी शत्रोहन पुत्र माताफेर ने चकरोड पर सरिया सीमेंट से पक्के पिलर खड़ा कर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया है और विरोध करने पर लड़ाई झगडे पर आमादा हो रहे है ।ग्राम प्रधान व गांव के अन्य संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष समझौता भी हो चुका है की आधी चकरोड को छोड़कर निर्माण कार्य कराया

जाएगा। लेकिन फैसले को मानने से मना कर दिया और पूरी चकरोड पर पिलर बना कर मार्ग अवरोधित कर दिया है। जिससे हम सभी का रास्ता बंद हो गया है जिससे खेत तक आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।बताया की बीते 6 अगस्त को इस मामले को लेकर उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था। तत्पश्चात मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाअधिकारी ने पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण करने का आश्वाशन दिया था । शिकायत के बाद अभी तक निस्तारण नहीं किया जा सका है।रास्ता अवरुद्ध हो जाने की वजह से गांव के करीब आधा दर्जन से अधिक किसानों का आवागमन का रास्ता बंद हो गया है।जिससे किसानों में असंतोष व्याप्त है।

तीसरे दिन दंगल में नामी गिरामी पहलवानों ने दिखाया दमखम

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

कस्बा बदोसरांय में आयोजित तीन दिवसीय दंगल के दूसरे दिन हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली,व नैपाल से आए नामी गिरामी पहलवानों ने अपना-अपना दम खम दिखाया ।इस दौरान दंगल देखने वालों की काफी भीड़ जुटी। बदोसराय के अशर्फीलाल यादव जनता मांटेसरी स्कूल में कोटवाधाम के महंत खुटपुट बाबा एवं जिला पंचायत सदस्य विजय यादव के द्वारा आयोजित दंगल के दूसरे दिन देश प्रदेश के कई पहलवानों ने मैदान में उतरकर अपनी ताकत दिखाई। दंगल में सबसे बड़ी कुश्ती कोटवाधाम के संदीप पहलवान एवं गोरखपुर के सोमदीप पहलवान के मध्य हुई । जिसमें संदीप पहलवान ने सोमदीप को जमीन दिखा दिया। इसके बाद पंजाब के पहलवान जग्गा सिंह एवं हिमाचल प्रदेश के राठी बाबा के मध्य हुई ।

जिसमें राठी बाबा ने बाजी मारकर तालियां बटोरी। अगली कुश्ती गोंडा के शिवम मिश्रा एवं कानपुर के गनी पहलवान के मध्य हुई जिसमें गनी पहलवान ने बाजी मारी। इसके बाद राजस्थान के सोनू पहलवान एवं कलियर शरीफ के फकीर बाबा के मध्य हुई । इसमें फकीर बाबा ने जीत हासिल किया । सहारनपुर के मोहम्मद वकास व दिल्ली के विक्की के मध्य हुई कुश्ती में विकास ने बाजी मारी। अंतिम कुश्ती नेपाल के लगी थापा एवं राजस्थान के शमशेर के मध्य हुई । जिसमें लकी थापा ने शमशेर को पटखनी दी। रामनगर के विधायक फरीद महफूज किदवई ने दंगल में पहुंचकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा, अमरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान रामसिंह यादव एवं दुर्गेश दिक्षित ने पुरस्कार देकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।

एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जैदपुर बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जैदपुर पुलिस द्वारा दहेज की मांग कर महिला को मारने पीटने वालो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र की टिकरा उसमा निवासी उम्मे अमन ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए बताया कि प्रार्थनी की शादी दिनांक 24-5-2021 को सनाउल्ला पुत्र मो अतीक आजाद नगर पैसार अखाड़ा सटटी बाजार जिला बाराबंकी के साथ हुई थी।शादी के बाद से ही अपाचे मोटरसाइकिल व पचास हजार रूपए नकद की मांग कर मारपीट किया जाता था।फिर भी परिवार के लोगो ने समझा बुझाकर भेज दिया गया था। दिनांक 5-8-2024 की 8 बजे दहेज के लिया महिला को बेल्ट से मारने के बाद घर भी भगाते हुए कहा गया गया अगर तुम दहेज को अतिरिक्त पैसे व अपाचे मोटरसाइकिल लेकर नहीं आई तो जान से मार देगें। पीड़ित महिला की शिकायत पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। पीड़ित महिला ने बताया की शौहर नशे का आदी है। जेवर आदि भी छीनकर बेच दिया है।

टप्पेबाजी करने के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार

इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना इकदिल पुलिस ने टप्पेबाजी करने के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार किये। वादी मेघ सिंह राजपूत पुत्र महावीर सिंह निवासी नगल जैक थाना इकदिल जनपद इटावा द्वारा थाना इकदिल पर सूचना दी गयी कि वादी की ईश्वरीपुर चौराहे पर सोने चांदी के आभूषणों की दुकान है । एक महिला दुकान पर आयी और बच्चों की फीस जमा करने का बहाना बनाकर वादी से 50,000 रुपये ले गयी एवं उन पैसो के बदले सोने जैसी दिखने वाली चेन को उसके पास रख गयी । कुछ समय बाद चेन की जांच करने पर वह चेन नकली सोने की पायी गयी। थाना इकदिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मानिकपुर मोड़ पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी।

समारोहपूर्वक हुआ 72वीं अंर्तजनपदीय गोरखपुर जोन हॉकी प्रतियोगिता-2024 का शुभारम्भ

सिद्धार्थनगर। समृद्धि न्यूज

- प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के दस जनपदों ने किया प्रतिभाग, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर उत्कृष्ट खेल भावना से खेलने के लिए किया प्रोत्साहित

रविवार को पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन्स परिसर में 72वीं अंर्तजनपदीय गोरखपुर जोन हॉकी प्रतियोगिता-2024 का शुभारम्भ किया गया।इस प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के कुल दस जनपदों ने भाग लिया जिसमें गोण्डा, महराजगंज, गोरखपुर, देवरिया, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, कुशीनगर व सिद्धार्थनगर शामिल थे।प्रतियोगिता की शुभारंभ से पूर्व पुलिस अधीक्षक सुश्री सिंह ने प्रतिभाग कर रहे विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों से मुलाकात करके उनका परिचय प्राप्त किया तथा उत्कृष्ट खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन, बांसी, शोहरतगढ़, कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक,प्रतिभाग करने वाले जिलों के पीटीआई, आईटीआई तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।रविवार को पुरुष व महिला वर्ग के पहले मैच में पुरुष वर्ग में जनपद बहराइच के कप्तान हरिलाल सिंह व देवरिया के कप्तान अमित कुमार चौबे रहे जिनके बीच मैच खेला गया।इसमें निर्धारित समय तक स्कोर एक-एक से बराबर रहा जिसमें पेनल्टी शूटआउट में जनपद देवरिया की टीम एक-शून्य से विजेता रही।जनपद देवरिया से आरक्षी अवनीश यादव व देवेंद्र मोहन यति ने एक-एक गोल व जनपद बहराइच से

अमरीश यादव ने एक गोल किया।वहीं दूसरे मैच में महिला वर्ग में जनपद गोरखपुर की कप्तान दीक्षिका सिंह व कुशीनगर की कप्तान खुशुबु सिंह रही जिनके बीच मैच खेला गया।इसमें कुशीनगर पेनल्टी शूटआउट में दो-एक से विजेता रही।जनपद कुशीनगर से महिला आरक्षी क्षमा सिंह व पूनम ने एक-एक गोल तथा गोरखपुर से महिला आरक्षी रितु मिश्रा ने एक गोल किया।इसी क्रम में तीसरे मैच में पुरुष वर्ग में जनपद कुशीनगर के कप्तान सुमित सिंह व संतकबीरनगर के कप्तान अजय कुमार सिंह रहे,जिनके बीच मैच खेला गया।इसमें जनपद कुशीनगर चार-शून्य से विजेता रहा।कुशीनगर से मुख्य आरक्षी कन्हैयालाल गौड़ ने तीन गोल किए जबकि आरक्षी सुजीत पटेल द्वारा एक गोल किया गया।चौथे मैच में पुरुष वर्ग में जनपद गोंडा के कप्तान आयुष यादव व महाराजगंज के कप्तान विजेन्द्र भारती रहें,जिनके बीच खेला गया।इसमें जनपद गोंडा ने पेनल्टी शूटआउट में तीन-एक से विजेता रहा।जनपद गोंडा से आरक्षी आयुष यादव,रजत गुप्ता व मोनू कुमार ने एक-एक गोल किया तथा जनपद महाराजगंज से आरक्षी शेषनाथ कुशवाहा ने एक गोल किया जबकि पांचवें मैच में पुरुष वर्ग में जनपद बलरामपुर के कप्तान अभिनन्दन यादव व गोरखपुर के कप्तान रामनिवास यादव रहें,जिनके बीच खेला गया।इसमें जनपद गोरखपुर एक-शून्य से विजेता रहा।गोरखपुर की तरफ से आरक्षी ज्ञानेंद्र यादव ने एक गोल किया।इसी तरह छठवें मैच में महिला वर्ग में जनपद देवरिया की कप्तान जयारंजन यादव व जनपद बहराइच की कप्तान संगीता राय रही,जिनके बीच खेला गया।इसमें जनपद देवरिया दो-शून्य से विजेता रही।जनपद देवरिया से महिला आरक्षी कविता चतुर्वेदी व प्रिया यादव ने एक-एक गोल किया।पहले सेमीफाइनल मैच में महिला वर्ग में जनपद कुशीनगर की कप्तान खुशुबु सिंह व जनपद गोंडा की कप्तान नेहा सिंह रही,जिनके बीच खेला गया।इसमें जनपद गोंडा ने एक-शून्य से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया।जनपद गोंडा से महिला आरक्षी वर्षा सिंह ने एक गोल किया।

सूची में नाम, फिर भी तीन साल से नहीं मिला आवास

- शनिवार की हुई भारी बारिश में कच्चा मकान भी गया ढह
- मजदूर का परिवार खुले आसमान में कर रहा गुजर बसर

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

बारिश से गिरे कच्चे मकान का नजारा — समृद्धि न्यूज

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के भोरामऊ गांव के एक मजदूर को सूची में नाम होने के बावजूद भी अभी तक उसे आवास की सुविधा नहीं मिल सकी है। उसका परिवार एक कच्चे मकान में गुजर बसर कर रहा है। इस कच्चे मकान की दीवारे व छत कल हुई भारी बारिश में ढह गई। अब उसका परिवार खुले आसमान के तले आ गया है। रविवार की शाम क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है। हसरेन विकास खण्ड की ग्राम पंचायत कलसान के मजरा भोरामऊ गांव निवासी संजय सिंह अपनी पत्नी पिंकी व तीन बच्चों के साथ गांव में बने अपने एक कच्चे मकान में रह रहा है। संजय मजदूरी करके किसी तरह से अपने परिवार की गुजर बसर करता है। संजय ने बताया कि आवास की पात्रता सूची में उसका नाम दर्ज है। वह कई बार ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी से मिला। आवास दिलाए जाने की बात कही। पूर्व प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी उसे टरकाते रहे। बाद में प्रधानी के चुनाव के बाद ग्राम प्रधान बदल गए। अभी जब वह मौजूदा ग्राम प्रधान से मिला और उनसे आवास की बात कही, तो उन्होने भी बहाने बनाकर टरका दिया। उसके पास इतना पैसा नहीं है कि वह जिला मुख्यालय जाकर अफसरों से अपनी फरियाद कर सके। उसका पूरा समय रोजी रोटी कमाने में ही चला जाता है। जिस दिन काम नहीं मिलता है, उस दिन परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शनिवार को हुई भारी बारिश के कारण उसके कच्चे मकान की दीवार व छत ढह गई। अब परिवार को सिर छुपाने के लिए कोई आश्रय नहीं है। उसने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि पात्रता सूची में नाम होने के आधार पर उसे आवास दिलाया जाए। साथ बारिश से गिरे घर का अनुदान भी दिया जाए। उसने बताया कि रविवार की शाम को क्षेत्रीय लेखपाल आए थे। बारिश से घर गिरने की रिपोर्ट लेकर चले गए। मामले में खण्ड विकास अधिकारी हसेरन ने बताया कि उनके कार्यालय में इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत आती है, तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

सिलेंडर में लगी आग से गृहस्थी हुई खाक

- ग्रामीणों ने बमुश्किल पाया आग पर काबू नहीं पहुंची अग्निशमन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

विकासखंड गुगरापुर के ग्राम मोहनपुर रतनपुर में खाना पकाते समय आग लग गई जिससे गरीब मजदूर की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन मौके पर अग्निशमन गाड़ी नहीं पहुंची थी। ग्रामीणों ने शासन व प्रशासन से पीड़ित गरीब को आर्थिक सहायता एवं प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मोहनपुर रतनपुर निवासी सुशील पुत्र हरनाथ की पत्नी शनिवार की शाम खाना पका रही थी तभी सिलेंडर लीक होने के कारण अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। परिजनों ने घर से भाग कर जान बचाई आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का अथक प्रयास किया एक ग्रामीण ने जलता हुआ सिलेंडर घर के बाहर खींच कर बहादुरी का परिचय दिया बल्कि सामूहिक प्रयास से बोरे फट्टे डालकर आग बुझाने में सफलता पाई। जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई लेकिन गरीब का घर गृहस्ती छप्पर सहित सभी सामान जलकर राख हो गया। खाने पीने एवं रहने की कोई जगह शेष नहीं बची ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि पीड़ित ग्रामीण नें कई बार आवास के लिये आवेदन किया लेकिन हर बार पक्षपात के चलते इस किसान को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल सका यदि आवास मिल गया होता तो शायद यह दुर्घटना होने से बच सकती थी। उन्होंने जिलाधिकारी सहित मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि अग्निकांड की जांच करवाकर आर्थिक सहायता दी जाए एवं प्रधानमंत्री आवास भी मुहैया कराया जाए।

प्रजापति समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

अतिथियों का सम्मान करते जनपद ईकाई के कार्यकर्ता

भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाइजेशन कन्नौज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने दक्ष प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि पूर्व एडीएम राजितराम प्रजापति, पूर्व पालिकाध्यक्ष धीरेन्द्र आर्य, निहारिका आर्य, वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद आर्य सहित अन्य अतिथियों नें समाज के मेधाबी छात्र छात्राओं को पुरूस्कृत कर उत्साहबर्धन किया। रविवार को भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाइजेशन कन्नौज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधाबियों को पुरूस्कार भेंट कर सम्मानित करनें के उपरान्त अथितियों नें कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को आगे बढनें की प्रेरणा मिलती है। वहीं अन्य अतिथियों ने अपने संबोधन में शिक्षा को आगे बढाने की बात रखते हुये कहा कि जो भी समाज के सक्षम लोग हैं वो एक-दूसरे की मदद करें। जिससे प्रजापति समाज के लोग शिक्षित हो सकें। इस दौरान दिलानी प्रजापति, राजू प्रजापति, मदनपाल सिंह प्रजापति, प्रमोद, रवि, आशीष प्रजापति, संतराम प्रजापति, अनुज प्रजापति, नरेश प्रजापति, हरिश्चंद्र प्रजापति, विजय प्रजापति, रविंद्र कुमार प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, रवीश कुमार प्रजापति, अनिल प्रजापति सहित समाज के सैकडों लोग मौजूद रहे।

निकास ना होने से कब्रिस्तान में भरा पानी लोग परेशान

छिबरामऊ कन्नौज निकास ना होने के कारण कब्रिस्तान में भरा गंदा पानी लोग परेशान आपको बता दे सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम कबीरपुर में कब्रिस्तान में निकास न होने के कारण भरा गंदा पानी जिससे आसपास के लोग परेशान हैं स्थानीय लोगों ने बताया की निकास न होने के कारण कब्रिस्तान में गंदा पानी भर गया है जिससे लोग बहुत परेशान हैं इसके बारे में प्रधान को अवगत कराया गया लेकिन प्रधान की तरफ से कोई भी समस्या का हल नहीं हुआ जिससे लोग बहुत परेशान है। स्थानीय निवासी रिहान अली ने बताया की कब्रिस्तान में निकास न होने के कारण गंदा पानी भरा हुआ है जिसके बारे में प्रधान को कई बार अवगत कराया गया है लेकिन कोई भी कार्य नहीं हुआ है आसपास के लोग बहुत परेशान है अगर गांव में कोई भी मिट्टी हो जाती है तो मिट्टी रखने के लिए कहां जाएंगे कब्रिस्तान में गंदा पानी भरा हुआ है इस समस्या को प्रधान को कई बार अवगत कराया है लेकिन भी कार्य न होने से कब्रिस्तान में भरा हुआ पानी जिम्मेदार अधिकारी मौन।

ऑनलाइन प्रतियोगिता में अभिनव और अंश बने विजेता

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज

उड़ान संस्कार शाला में गर्मियों की छुट्टियों में आयोजित इंडोर गेम्स और ऑनलाइन प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि इनडोर गेम के अंतर्गत लूडो, कैरम और शतरंज खेल में अभिनव अग्निहोत्री , आरव, अथर्व, यश युवराज, आयुष, वाशु, ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया वही ऑनलाइन जीके प्रतियोगिता में ग्रुप ए में अभिनव द्विवेदी और ग्रुप बी में अंश निगम जीते टू क्रिएटिव हैंडराइटिंग में सूर्यांश दीक्षित ने सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में अभिजीत सेंगर प्रथम और आध्या त्रिपाठी दूसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर पल्लवी, गुड्डू, शरद, अर्पण, ऋचा, कल्पना, दीपांशी, सतेंद्र इत्यादि मौजूद रहे।

खबरें चलते-चलते

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने लगाई फांसी

छिबरामऊ कन्नौज। चपुना चौकी क्षेत्र के ग्राम नागरिया लाल शाह में अधेड़ ने फांसी लगा ली। शेर सिंह पुत्र राम स्वरूप जाटव उम्र 50वर्ष ने कमरे के अंदर छत के कुंडे में फांसी लगा ली। आज सुबह जब गांव में बदबू फैली तो ग्रामीणों ने जिसकी सूचना पुलिस को दी चपुना चौकी पर तैनात एस आई माता प्रसाद और खडिनी प्रभारी आशुतोष सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने गांव के लोगों की मदद से दरवाजा खुलवाया और जैसे अंदर देखा तो शव कमरे में लटक रहा था। उधर थाना प्रभारी ने बताया शव को फारेंसिक टीम पहुंचने पर शव को उतारा जायेगा। मृतक की पत्नी की दस वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। जिसके वियोग वह शराब का आदी हो गया था आये दिन शराब पीता था गांव में बने आपने निजी मकान में अकेला रहता था । मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था उसके लड़के बाहर दिल्ली में नौकरी करते हैं । वहीं छोटा बेटा अमनदीप बहिन नीलम के पास थाना ऊसराहार के नगला विजयी में रहता है मृतक पांच भाई था जिसमें बड़े भाई कौशलेंद्र की की मौत हो चुकी है। उसकी पत्नी गोमती से मृतक ने शादी कर ली थी। जिससे पांच पुत्री और तीन पुत्र सुनील 30 कुलदीप 25, अमनदीप 15वर्ष है।

बकरियां चराने गया बच्चा तालाब में गिरा, हुई मौत

छिबरामऊ कन्नौज। बकरे बकरियां चला रहे बच्चा का पैर फिसलने लेकर कारण तालाब में गिरा ग्रामीणों ने बच्चों को तालाब से निकालकर उपचार के लिए 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया रोड़ के किनारे कमल मोहल्ला के बच्चे बकरियां चरा रहे थे तभी बच्चों ने देखा की शौच के लिए गया सूरज जिसका अचानक से पैर फिसल गया जिसके बाद सूरज पुत्र पिंटू कमल ताला में अचानक से पैर फिसलने के कारण उसमें गिर गया जिसके बाद वहां मौजूद बच्चों ने निकालने का प्रयास किया लेकिन बच्चों ने नहीं निकाल पाया फिर बच्चे उसके घर सूचना दी जा कर जब घर वालों ने ग्रामीणों के सहयोग से उसे तालाब में से निरा एक घंटे बाद परिजन वह ग्रामीणों ने निकाल पाया तुरंत उसे सौ सैया अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इसके बाद सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार भरत मौर्य व रामेंद्र सिंह पाल कानूनगो, लेखपाल प्रीतम सिंह, अश्वनी कुमार मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

शटरिंग लगाते समय मिस्त्री का पैर फिसला घायल

छिबरामऊ कन्नौज। प्रेमपुर निवासी सतीश पुत्र बांकेलाल 35 वर्ष प्रेमपुर के पास पटिया गांव में शटरिंग लगा रहा था इस समय एक मंजिल से उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया इससे सतीश पुत्र बांकेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को सौसैया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

इनामिया व वंछित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

छिबरामऊ कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मे, अपर पुलिस अधीक्षकअजय कुमार के कुशल निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी विशुनगढ़ विनोद कुमार के नेतृत्व मे थाना विशुनगढ़ पुलिस द्वारा 10,000 रूपये के इनामिया/ वांछित शातिर अभियुक्त अवधेश उर्फ टिंकू पुत्र मलिखान सिंह नि० जगतपुर थाना बेवर जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार किया गया।

बिजली विभाग की लापरवाही के चलते 11000 लाइन का पोल दे रहा है मौत की दावत

छिबरामऊ कन्नौज। ग्रामीणों द्वारा बिजली का पोल टूटने की सूचना बिजली विभाग को कई बार दी गई लेकिन नहीं हो रही कोई कार्रवाई। हादसे का दावत दे रहा एक महीने से टूटा बिजली पोल शाहजहांपुर से जगतपुर मार्ग पर आधी मे एक महीने पहले 11000लाइन का बिजली पोल टूट गया था। जो कि सडक से लगा हुआ है ।खेत मे तार झूल रहे। परन्तु अधिकारी जान कर भी अनजान है। गामीणो ने तत्काल पोल सही कराने की माग की है।

फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में पहुंचे 125 मरीज़

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

मोहल्ला बिरतिया वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास आज फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 तक किया गया। हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि इस फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ़्री मेडिकल कैम्प में कानपुर के (स्वक्षर)डॉक्टर वसीम खान पेट व छाती (क्षय रोग) चरम रोग रक्तचाप विशेषज्ञ, व डॉक्टर स्टाफ मोहम्मद सैफी , कौशल प्रताप के द्वारा मरीज को बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से 125 मरीजो को देखा गया हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीज़ों को अधिक से अधिक लाने की गुज़रिश की थी जिनका परीक्षण कर फ्री में दवाइयां दी जा सके इस दौरान जाहिद चिश्ती, फैसल खान, महमूद मंसूरी, शहजाद खान, अमन खान, जीशान मंसूरी, अनवर, फैसल अली, अरमान आदि लोगों की देखरेख में मरीज को देखा गया।

जैव संवर्धित प्रजातियां उगाएं किसानः डॉ. कनौजिया

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा क्षेत्र के ग्राम देवीपुरवा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित 109 जैव संवर्धित एवं जलवायु अनुकूल फसलों की विभिन्न प्रजातियों व मोटे अनाजों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष डॉ वी के कनौजिया ने जैव संवर्धित प्रजातियों के बारे में विस्तार से बताया की जैव संवर्धित प्रजातियों में प्रोटीन जिंक आयरन कैल्शियम आदि पोषक तत्त्व अधिक मात्रा में पाये जाती है तथा जलवायु की विपरीत परिस्थितियों में भी उत्पादन देने में सक्षम है जिनके प्रयोग से कुपोषण को दूर किया जा सकता है व इन प्रजातियों को उगा कर किसान उनका अच्छा मूल्य भी पा सकते है। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने खरीफ़ में बोई गई फसलों में संतुलित उर्वरक प्रबंधन के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि धान की फसल में रोपाई के 20-25 दिन बाद नत्रजन की अवशेष मात्र 30 - 35 किलो प्रति एकड़ दोपहर के बाद प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला ने किसानों को मोटे अनाजों के पोषक मूल्यों के बारे में बताया कि किसान भाई मोटे अनाजों को उगाये व इसे अपने भोजन में शामिल करे क्यों कि इसमें सूक्ष्म पोषक तत्व अच्छी मात्रा व गुणवत्ता में पाए जाते है। कार्यक्रम में 57 किसानों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में किसानों को जागरूक करते डॉ कनौजिया

दो स्थानों पर महिलाओं से मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के अलग अलग ग्रामों में महिलाओं के साथ मारपीट करनें के मामले प्रकाश में आये है। पहली घटना ग्राम रिहुआ निवासी तराना बेगम पत्नी आमीन द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 06 अगस्त की शाम वह घर के बाहर खड़ी थी। तभी गांव के ही अस्तकदीन, अकील, समीम व सहीम आए और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। दूसरी घटना के ग्राम जसौरा निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी अमित बाथम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि दिनांक 06 अगस्त की शाम वह घर के दरवाजे पर बैठी थी तभी गांव के ही लल्लू आए और बेवजह गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटनाओं के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमें दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

डीएम व एडीएम ने राममंदिर का औचक निरीक्षण किया

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

राममंदिर का निरीक्षण करते डीएम व एडीएम — समृद्धि न्यूज

पनगंवा ट्रस्ट द्वारा संचालित श्रीराम मंदिर में डीएम व एडीएम ने पहुंचकर औचक निरीक्षण करते हुये व्यवस्थाओं को परखा। साथ ही मंदिर में होने बाले धार्मिक कार्यो सहित निर्माण कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

रविवार को नगर के चौराहा स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर का जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार एवं अपर जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें साफ सफाई तथा मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति को देखनें व मंदिर में बने ध्यान कक्ष का निरीक्षण करनें के उपरान्त आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होनें मंदिर के महंत पं. राकेश चन्द्र दुवे को मंदिर में कार्यक्रम हेतु आने वाले लोगों को मंदिर की तरफ से एक पौधा उपहार स्वरूप देने तथा श्रद्धालुओं को एक पौधा मां के नाम अभियान के स्वरूप लगाए जाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान व्यापारी नेता राकेश वर्मा, लेखपाल कौशल पाण्डेय, गौरव कष्यप आदि मौजूद रहे।

सीएचसी में फाइलेरिया मुक्ति बूथ का शुभारम्भ हुआ

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में फाइलेरिया के बूथ का शुभारम्भ किया गया। सभासद प्रतिनिधि दबा खाकर अभियान का शुभारम्भ किया। साथ ही लोगो को फाइलेरिया की दवा वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि फायलेरिया से मुक्ति अभियान में बढचढ कर हिस्सा लें। रविवार को नगर तिर्वारोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फायलेरिया बूथ के शुभारम्भ के उपरान्त सभासद प्रतिनिधि शिवा गुप्ता नें कहा कि यह दबा हम सभी को गंभीर रोगों के बचाने का कार्य करेगी। इस डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि यह मच्छर जनित रोग हाथीपांव के नाम से जाना जाता है। कहा कि फायलेरिया की दबो दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला व अत्यधिक बीमार वृद्ध को नही खिलाना है। इस दौरान डेंटिस्ट सर्जन डॉ. स्वाति गुप्ता, फार्मासिस्ट अभिषेक, डेंटिस्ट फिरोज आलम, एक्स-रे टेक्नीसियन योगेंद्र शाहू, अनित शुक्ला, विजय कुमार, आदर्श शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

यातायात पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, 28 वाहनों के काटे चालान

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के जसोदा टोल प्लाजा के पास विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें गलत दिशा से आने वाले वाहनों और नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों की ब्रेथ एनालाइजर द्वारा चेकिंग की गई। नशे की हालत में पाए गए वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं कई गाड़ियां रॉन्ग साइड से आती हुई पाई गईं। जिनका यातायात प्रभारी द्वारा चालान किया गया। कुछ ट्रक ड्राइवरों ने हाईवे की लेन में ही ट्रक खड़े कर रखे थे। एक ट्रक ड्राइवर हाईवे की लेन में ट्रक को खड़ा करके सोता हुआ मिला। जिसको यातायात प्रभारी द्वारा समझाया गया। और चालान भी किया गया। प्रभारी ने बताया गया कि नेशनल हाईवे के किनारे खतरनाक ढंग से खड़े वाहनों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें वाहनों के चालान किए जा रहे हैं।और यह अभियान चलता रहेगा। वहीं नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से की जा रही चेकिंग से जनपद के लोग यातायात पुलिस की सराहना भी कर रहे हैं।

दौलेश्वर धाम — मंदिर प्रबंधन कमेटी व श्रृगांर कमेटी ने बाबा का सजाया

सब्जियों से सजे बाबा दौलेश्वर, दर्शन को उमड़ा सैलाब

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

सब्जियों से सजे बाबा दौलेश्वर धाम का नजारा — समृद्धि न्यूज

कस्बे में स्थित सिद्धपीठ बाबा दौलेश्वर धाम मंदिर में शनिवार की शाम श्रृगांर कमेटी के सदस्यों ने बाबा दौलेश्वर का सब्जियों से सजा कर अलौकिक व भव्य श्रृगांर किया।

सांयकालीन आरती के बाद बाबा के इस अलौकिक स्वरूप के दर्शन के लिए आसपास ग्रामीण अंचलों के सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बाबा दौलेश्वर धाम में पिछले कई वर्षो से प्रतिदिन सायंकालीन आरती से पहले अनेको प्रकार से बाबा का भव्य श्रृगांर किया जाता हैं। सावन माह में बाबा के श्रृगांर को और अधिक भव्य व आर्कषक बनाने के लिए मंदिर प्रबंधन कमेटी व श्रृगांर कमेटी प्रयासरत रहती है। शनिवार को श्रृगांर कमेटी के सदस्यों ने बाबा का तमाम प्रकार की सब्जियों से सजाकर श्रृगांर किया। आरती के उपरान्त बाबा के इस स्वरूप के दर्शन को सैकड़ों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने बाबा के इस भव्य स्वरूप की तस्वीरे क्लिक करके सोशल मीडिया पर वायरल की। इस मौके पर रामआसरे पुजारी, राजेन्द्र राजपूत, सर्वेश, शैलेन्द्र, शिवा, राहुल, सत्यम व कौशल समेत श्रृगांर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

नगर भ्रमण पर आज निकलेगें बाबा दौलेश्वर

तिर्वा। बाबा दौलेश्वर धाम की श्रृगांर कमेटी के सदस्यों द्वारा सोमवार को मंदिर परिसर से बाबा दौलेश्वर की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। श्रृगांर कमेटी के सदस्य शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि बाबा दौलेश्वर पहली बार मंदिर परिसर से निकल कर तिर्वा नगर का भ्रमण करेंगे। इसके लिए बाबा की पालकी तैयार कर ली गई है। मंदिर परिसर से यात्रा शुरू होकर मां काली देवी मन्दिर तक जायेगी।

मौत का सफर, डग्गामार वाहन कर रहे जिन्दगी से खिलवाड़

- मानक से अधिक सवारियां भरकर वसूल रहे मनमाना किराया
- रोडवेज बसें न चलने से लोग मजबूरी में कर रहे हैं यात्रा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

क्षेत्र में यातायात व्यवस्था डग्गामार वाहनों के सहारे है। जिला मुख्यालय से रोडवेज बसों का संचालन न होने के कारण क्षेत्र के वाशिंदे डग्गामार वाहनों से सफर करने को मजबूर है। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और साथ ही किराया भी अधिक देना पड़ता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या का समाधान करने को कोई पहल नहीं कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर होने के कारण नवाबगंज का इलाका कई समस्याओं से घिरा हुआ है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण समस्याओं का निराकरण नहीं होने से दिन पर दिन समस्या बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र में यातायात की समस्या विकराल है। लंबे समय से नवाबगंज के लोगों को आवाजाही के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं है। क्षेत्र में जिला मुख्यालय से रोडवेज बसों का संचालन नहीं होता है। जिसके कारण फर्रुखाबाद, अचरा, अलीगंज, मोहम्मदाबाद, मंझना, कायमगंज को आने-जाने के लिए डग्गामार वाहनों से सफर करते है। जिससे समय की बर्बादी होती है साथ ही किराया भी अधिक वसूला जाता है। साथ डग्गामार वाहन चालक भूसे की तरह सवारियां भरकर वाहनों को बेखौफ तेज गति से दौड़ाते है। अनफिट वाहन सड़कों पर दौड़ाते हैं। जिनसे दुर्घटनाओं का भी डर बना रहता है, लेकिन क्षेत्र के लोगों को मजबूरी है आखिर डग्गामार वाहनों के अलावा कोई साधन भी तो नहीं है। मजबूरी बस क्षेत्रवासी डग्गामार वाहनों में बैठकर आते जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों को यातायात की समस्या शायद दिखती ही नहीं है। परिवहन विभाग के अधिकारी फर्रुखाबाद, अचरा, अलीगंज, मोहम्मदाबाद, मंझना, कायमगंज तक रोडवेज बसों का संचालन जिला मुख्यालय से करना उचित नहीं समझ रहे है। इसके लिए कोई बार इलाके के लोगों ने मांग भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

डग्गामार वाहन मैजिक पर बैठी सवारियां समृद्धि न्यूज

ये हैं नियम, लेकिन नहीं करता कोई पालन

नवाबगंज। बताते चलें कि नियम के अनुसार टेंपो में आठ सवारियों से ज्यादा नहीं बैठायी जा सकती तथा टेंपो और डग्गामार वाहनों में डेक या टेपरिकार्डर नहीं चलाया जा सकता तथा प्रदूषण और वाहनों के कागजात पूर्ण होने चाहिए और उनके पास नगर के लिए भी परमिट होना चाहिए, लेकिन तीनों नियमों पर उपरोक्त डग्गामार वाहन नहीं कर रहे है। पुलिस को पैसा देकर बेरोकटोक मौत का संदेश लेकर बेलगाम फर्राटा भरते नजर आते हैं।

तिरंगा यात्रा ने जागृत की देश प्रेम की भावना

- एमएलसी प्रांशुदत्त ने झंडी दिखाकर किया रवाना

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

कस्बे में एमएलसी तथा विधायक के नेतृत्व में नगर पंचायत से धूमधाम से तिरंगा यात्रा कस्बे में निकाली गयी। इस दौरान उत्साही युवा जय हिन्द, जय भारत, जय तिरंगा के उद्घोष कर रहे थे।

कस्बा नवाबगंज स्थित नगर पंचायत कार्यालय से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बाइक रैली को भी तिरंगा से सजाया। एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी तथा क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य के नेतृत्व में तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसको शुभारंभ एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी ने झंडी दिखाकर किया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। युवा अपनी-अपनी बाइकों पर तिरंगा लगाकर तथा तिरंगा की पगड़ी पहने नजर आये। तिरंगा यात्रा कस्बा से होते हुए कस्बा तिराहा के आकाश कोल्ड स्टोरेज पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, कमल भारद्वाज, आदेश राठौर, विनीत भारद्वाज सहित सैकड़ों की संख्या में कस्बे के लोग बाइक रैली में शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा में मौजूद एमएलसी व अन्य युवा समृद्धि न्यूज

खबरें चलते-चलते

रेलवे ट्रैक के ओवरब्रिज पर चढ़कर आत्महत्या की कोशिश कर रहे युवक को बचाया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रेलवे ट्रैक के ओवरब्रिज पर चढ़कर आत्महत्या की कोशिश कर रहे युवक को फायर यूनिट की टीम ने बचा लिया। जानकारी के अनुसार देर शाम कमालगंज रेलवे स्टेशन पर इमरान नाम का एक युवक रेलवे ट्रैक के ओवर ब्रिज पर चढ़कर आत्म हत्या की कोशिश कर रहा था। जिसे फायर यूनिट ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उसे बचा लिया। फायर सर्विस यूनिट में फायरमैन स्मृति कौशल, लीडिंग फायरमैन विनोद सिंह और चालक महेश पाल, फायरमैन रोहित वर्मा, फायरमैन शिवम कुमार ने बड़ी ही तत्परता के साथ उसको ओवरब्रिज से उतार कर उसकी जान बचायी और कमालगंज पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

रेलवे स्टेशन पर बैठा युवक

आरओ प्लांट से दो ई-रिक्शा व बैट्री चार्जर चोरी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। आरो प्लांट से दो ई-रिक्शा तथा बैट्री चार्जर सहित लाखों का सामान चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित आरओ मालिक ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कस्बा मंझना निवासी आरओ प्लांट मालिक सुशील बाबू सक्सेना ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह कस्बा शुकरुल्लापुर में अपना आरओ प्लांट चला रहे हैं। जहां से वह क्षेत्र के कई कस्बों में पानी सप्लाई का कार्य कर रहे है। बीते रात वह अपने आओ प्लांट पर सप्लाई करने वाले ई-रिक्शा चार्जिंग पर लगाकर अपने घर कस्बा मंझना चले गए। रात्रि में चौकीदार मौजूद था। इसके बावजूद रात्रि में किसी समय अज्ञात चोर दोनों ई-रिक्शा तथा बैटरी चार्जर आदि सामान लेकर चंपत हो गये। जब पीड़ित प्लांट पर पहुंचा, तो दोनों ई-रिक्शा न देख वह हैरान रह गया। जिस पर वह थाने पहुंचा और अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

माफिया अनुपम दुबे के फरार भाई डब्बन पर 25 हजार का ईनाम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अनुपम दुबे के फरार चल रहे भाई अनुराग दुबे डब्बन पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस की कई टीम डब्बन दुबे की गिरफ्तारी में लगाई गई है। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला कसरट्टा निवासी बसपा नेता माफिया अनुपम दुबे का छोटा भाई अनुराग दुबे उर्फ डब्बन बीते काफी समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा है। पुलिस के काफी हाथ पैर मारने के बाद भी डब्बन दुबे का कोई पता नहीं चला। इसके चलते ही पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने डब्बन दुबे पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि यदि फरार डब्बन दुबे मुठभेड़ में मारा जाता है तो इनाम की धनराशि जांच पूरी होने के बाद ही स्वीकृत की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम चंदुईया के बीच नाला बघार के पास युवक दूध डेयरी के पेमेंट के लिए एटीएम से पैसे निकालने जा रहा था। जब वह काफी समय तक पैसे निकालकर घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने युवक को फोन किया। किसी ने फोन उठाकर परिजनों को युवक के एक्सीडेंट होने की जानकारी दी। राहगीरों की मदद से युवक को सीएचसी नवाबगंज भेजा गया। जहां सीएचसी के डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

शातिर अभियुक्त तमंचा सहित गिरफ्तार

- बीते दिन रंगदारी मांगने व युवक पर फायरिंग करने का दर्ज हुआ था मुकदमा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम कैल्हा निवासी अरविन्द कुमार पुत्र रामनिवास द्वारा कायमगंज पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि अभियुक्त द्वारा कायमगंज पुलिया गालिब के पास दिनांक 08.08.2024 समय 19.30 बजे रंगदारी की मांग करके व गाली-गलौज करते हुए बंधक बना लेना तथा रंगदारी न देने पर जान से मारने की नियत से वादी के ऊपर फायर करने के सम्बंध में थाना पर दिनांक 10.08.2024 को मु0अ0सं0 163/24 धारा-109, 308(5), 352,127(2) बी0एन0एस0 बनाम जुबैर खां पुत्र लड्डन खां निवासी कोतवाली कायमगंज तथा अन्य 4 या 5 व्यक्ति नाम, पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था तथा बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर कार्यवाही की गयी है। अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि अरविन्द कुमार पुत्र रामनिवास निवासी कैल्हा थाना अलीगंज जिला एटा से तम्बाकू की ढुलाई के लिये मैने ट्रक मांगा था। उसने देने से मना कर दिया। तब मुझे गुस्सा आ गया मैने अरविन्द के ऊपर फायर कर दिया जो उसकी कनपटी के पास से गुजर गया। मैं डर की वजह से वहाँ से भाग गया। अभियुक्त पर उपरोक्त के अतिरिक्त दो अन्य मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कस्बा चौकी इंचार्ज विद्या सागर तिवारी, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र कुमार, कांस्टेबिल इकराम मौजूद रहे।

अभियुक्त का मेडिकल परीक्षण करवाती पुलिस समृद्धि न्यूज

सांडों के लड़ने से कई राहगीर हुए चुटहिल


बाजार में मुख्य मार्ग पर भिड़ंते सांड समृद्धि न्यूज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। भरे बाजार उस समय लोगों में अफरा-तफरी मच गयी, जब दो सांड आपस में लड़ बैठे। इस दौरान कई राहगीर गिरकर चुटहिल हो गये, तो कई भागते नजर आये। जानकारी के अनुसार रविवार को अपराह्न बाजार में लोग बाजार कर रहे तथा राहगीर मार्ग से गुजर रहे थे, तभी वहां पर दो सांड कहीं से लड़ते हुए आये। जिससे राहगीरों में अफरा-तफरी मच गयी। कई राहगीर तो गिरकर चुटहिल हो गये, तो कई इधर, उधर भागता नजर आया। काफी देर तक यह मंजर लोग देखते रहे। जिसका कुछ लोगों ने वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। काफी देर बाद लोगों ने हिम्मत जुटाकर डंडा लेकर दोनों को भगाया, तब कहीं जाकर यातायात सुचारु हो सका।

आरोग्य मेले में पहुंचे 39 मरीज, जांच कर दी गयीं दवाइयां

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

उप स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें डाक्टर कल्पना कटियार द्वारा मरीजों को देखा गया और मरीजों को परामर्श दिया गया। डाक्टर कल्पना कटियार द्वारा मरीजों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारी के साथ-साथ होने वाली बीमारी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह राजपूत ने मरीजों को दवाइयां दीं और इंजेक्शन देकर दवाइयां सेवन करने के बारे में जानकारी दी। एएनएम नीलम, एएनएम भावना द्वारा महिला लाभार्थियों को परिवार नियोजन के बारे में भलीभांति जानकारी दी गई। एलटी अल्का द्वारा मरीजों का टेस्ट किया गया। डॉक्टर कल्पना कटियार ने बताया है हमारे यहां आने वाले सभी मरीजों को हमारी टीम अच्छी से अच्छी सुविधा दे रही है और उपचार भी कर रही है। मरीजों की संख्या घटती बढ़ती रहती है। मरीजों को बरसात के मौसम के चलते होने वाली बीमारियों प्रति जागरूप किया जाता और उनसे बचने के उपायों भी बताए जाते हैं। आज मरीजों की संख्या 39 रही। 12 की जांच की गई जिसमें 10 डायबिटीज, 02 मलेरिया निगेटिव निकले। बाकी खांसी, जुखाम, बुखार, दाद, खाज, खुजली के देखे गए और दवाइयां दी गई। इस मौके पर डाक्टर कल्पना कटियार, फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह राजपूत, एएनएम नीलम, एएनएम भावना, एलटी अल्का, राजेश कुमार वार्डब्याय आदि लोग मौजूद रहे।

मेले में महिला मरीज को दवा देतीं चिकित्सक

पीएम आवास के नाम पर एक लाख पांच हजार के ठगे जेवरात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास कालोनी स्वीकृत होने के नाम पर युवक ने 1 लाख 5 हजार रुपये के जेवरात ले लिये और चंपत हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित राजीव कुमार शर्मा पुत्र रामदास शर्मा निवासी कीरतपुर थाना कमालगंज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह दर्जी का कार्य करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रविवार को दोपहर में वह अपनी दुकान पर था, तभी उसके घर पर एक व्यक्ति पहुंचा और मेरी पत्नी रीना देवी से कहा कि उसकी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास कालोनी स्वीकृत हो गयी है। वह ब्लाक बढ़पुर से सर्वे करने आया है। जमानत के तौर पर सोने का सामान देना पड़ेगा। उसकी बातों पर विश्वास करके मेरी पत्नी ने दो टॉप्स सोने के कीमत करीब 45 हजार रुपये, मंगलसूत्र करीब करीब 30 हजार रुपया, एक अंगूठी सोने की कीमत करीब 28 हजार रुपया बरगला कर ले लिये। शाम को जब मैं घर पहुंचा, तो पत्नी ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

पीएम आवास योजना के तहत बनी कालोनी समृद्धि न्यूज

झूलन महोत्सव में राधा कृष्ण को भक्तों ने झुलाया झूला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

बढ़पुर प्राचीन सिद्ध पीठ शीतला माता मंदिर में सावन झूलन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मां शीतला देवी सेवा समिति मंदिर व श्री हरिनाम संकीर्तन सेवा परिवार के सदस्य प्रशांत मिश्रा, मोहित गुप्ता ने माता रानी और सावन महोत्सव के भजन गये। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के सचिव सचिन कटियार ने माता शीतला की पूजा अर्चना कर संकीर्तन एवं झूलन महोत्सव के साथ की। कार्यक्रम में कृष्ण राधा, शंकर पार्वती के मनमोहक स्वरुपों ने सभी भक्तगणों का मन मोह लिया। मंदिर में आए हुए सभी भक्तों ने कृष्ण राधा को बारी-बारी से झूला झुलाया। संकीर्तन में प्रशांत मिश्रा मोहित गुप्ता की पूरी टीम ने माता रानी के भजन गए। जिस पर भक्तगण झूमते नजर आए। कार्यक्रम के अंत में हलवा चने का माता रानी को भोग लगाने के बाद सभी भक्तों को वितरण किया गया। कमेटी के कोषाध्यक्ष अंकुर कटियार, अमन कटियार, शिवम श्रीवास्तव, रोहित, पवन मिश्रा सहित कई लोगों ने व्यवस्था संभाली।

राधाकृष्ण को झूला झुलाते भक्तगण समृद्धि न्यूज

संकीर्तन में भजन कीर्तन करती टीम समृद्धि न्यूज

लापरवाही | ट्रक रेलवे की रेलिंग तोड़कर लाइन के किनारे तक पहुंचा

ट्रक चालकों की लापरवाही, बड़ी घटनायें होने से बचीं

- दूसरे को क्रेन से निकलवाकर अपने गंतव्य को किया गया रवाना

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

बीते रात ट्रक चालकों की लापरवाही से बड़ी घटना होने से बच गयी। एक ट्रक को आरपीएफ चौकी प्रभारी ने रेलवे की रेलिंग तोड़ने पर अपने कब्जे में ले लिया। वहीं दूसरी घटना में ट्रक को क्रेन द्वारा निकलवाकर अपने गंतव्य को रवाना किया गया।

जानकारी के अनुसार एक ट्रक हजियांपुर की तरफ से नर्सरी का सामान भरकर जा रहा था, तभी मंझना कस्बे में मोड़ पर चालक को प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नींद का झोंका आ गया और ट्रक नीचे खड्ड में चला गया। हड़बड़ी में ट्रक चालक व क्लीनर ने बाहर कूदकर अपनी जान बचायी तथा अपने मलिक को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर सुबह मालिक आया और क्रेन मंगाकर ट्रक को बाहर निकलवाया। इसके बाद चालक ट्रक को लेकर अपने गंतव्य को रवाना हो गया। वहीं दूसरी घटना में मंझना कस्बे में रेलवे ट्रैक के निकट सरकारी गल्ला गोदाम से राशन भरकर ट्रक मंझना कस्बे की तरफ जा रहा था, तभी ट्रक चालक के बताये अनुसार अचानक ब्रेक फेल हो गये और ट्रक नीचे खड्ड में जा गिरा। जो रेलिंग तोड़कर पटरी के किनारे पहुंच गया। चालक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रक में 18 टन माल लदा था। जिसकी होम डिलीवरी करने शमशाबाद जा रहा था, तभी अचानक ट्रक की ब्रेक फेल होने पर ट्रक रेलवे लाइन के किनारे पहुंच गया और मौके पर लोगों ने इसकी जानकारी स्टेशन अधीक्षक को दी। सूचना पाकर शमशाबाद रेलवे स्टेशन अधीक्षक ने सूचना कायमगंज आरपीएफ चौकी प्रभारी सुशील कुमार को दी। सूचना पाकर मौके पर आए आरपीएफ रेलवे चौकी प्रभारी व ट्रक चालक ने लेनदेन का मामला चलता रहा। तब तक मीडियाकर्मी पहुंच गये। आरपीएफ रेलवे चौकी प्रभारी ने मीडिया कर्मियों से कहा कि स्टेशन कार्यालय के अंदर आना भी गलत बात है और यह बात कहकर उन्होंने मीडिया कर्मियों को कोई भी जानकारी देने से इन्कार कर दिया। वहीं स्टेशन अधीक्षक के मुताबिक बताया जा रहा था कि ट्रक चालक के विरुद्ध रेलवे एक्ट के तहत कायमगंज चौकी प्रभारी आरपीएफ अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई कर रहे हैं।


रेलिंग तोड़कर अंगर घुसा ट्रक समृद्धि न्यूज

भक्तों ने निकाली नगर में धूमधाम से कांवड़ यात्रा

पांचाल घाट से गंगा जल भरकर पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक

कांवड़ यात्रा में मौजूद आयोजक विमलेश मिश्रा व प्रमोद द्विवेदी

कांवड़ यात्रा निकालते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

अखिल भारत हिन्दू महासभा व जय भोलेबाबा कमेटी के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। बड़ी संख्या में भक्तगण कांवड़ यात्रा में शामिल हुए और पांचाल घाट पहुंचकर गंगा जल भरकर ऊर्जा दिखाते हुए भोलेबाबा की अटूट भक्ति के साथ विश्वास दिखाते हुए भक्तगणों का सैलाब उमड़ा। दुर्वाषा ऋषि आश्रम के सामने से भक्तों ने गंगा जल भरकर पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए रवाना हुए। 201 कांवड़ यात्रा के साथ भक्तगण डीजे के धुन पर नाचते गाते हुए धार्मिक भजनों के साथ जयकारे लगाये। पांचाल घाट, चांदपुर, खानपुर होते हुए कादरीगेट, लालगेट, घुमना, चौक, रेलवे रोड होते हुए कांवड़ यात्रा पाण्डेश्वरनाथ मंदिर पहुंची। जहां भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। रास्ते में जगह-जगह कांवड़ यात्रा का स्वागत किया गया। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा व जय भोलेबाबा कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर सौरव मिश्रा, क्रांति पाठक, प्रमोद दीक्षित, मुनीश चन्द्र मिश्रा, अभिषेक बाजपेयी, विजय, आशुतोष, भानू वर्मा, अजय दुबे, डा0 राघवेन्द्र अग्निहोत्री, रामू त्रिवेदी, अमन गुप्ता, गगन दुबे, मोनू तिवारी, प्रियांशु कश्यप, गुल्ची बाजपेयी, दीपक शर्मा, संतोष त्रिवेदी, शैलेश वर्मा, वैभव सोमवंशी, आदित्य दीक्षित, अनुज मिश्रा, गौरव मिश्रा, रश्मि मिश्रा, शिखा मिश्रा, प्रियंका बाजपेयी, आरती पाठक, पुष्पा ठाकुर आदि महिलायें भी शामिल हुई।

धूमधाम से 15 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

वार्ता के बाद मौजूद मानवाधिकार के लोग — समृद्धि न्यूज

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण अपराध संगठन एवं युवा कमेटी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। आवास विकास स्थित एक प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से रुबरु होते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज पाण्डेय ने बताया कि जिले के बड़ी संख्या में पदाधिकारी, विभिन्न संगठनों के लोग, समाजसेवी व युवा तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा गुरुगांव देवी मंदिर से प्रारंभ होकर बीबीगंज, टाउन हाल, पक्कापुल, चौक, घुमना, लालगेट होते हुए स्वराज कुटीर पर समापन होगा। सभी लोग हाथों में तिरंगा लेते हुए भारत माता के जयकारे लगाते हुए शामिल होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहेंगे। वार्ता के दौरान संजय कटियार, नारायण द्विवेदी, प्रियांशु शाक्य, धीरज त्रिवेदी, गौरव यादव, गोपाल कृष्ण सक्सेना, भगवानदास शुक्ला, सौरव शाक्य, उत्कर्ष चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

सपा सदर विधानसभा की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बैठक को सम्बोधित करते चन्द्रेश राजपूत — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सदर विधानसभा की समीक्षा बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य, प्रदेश सचिव सर्वेश अम्बेडकर, विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रेश राजपूत, जिला महासचिव इलिया मंसूरी, सुभाष शाक्य आदि ने विचार व्यक्त किये। लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी बहुत कम वोट से चुनाव हारे है, जबकि उन्हे हरवाया गया है। प्रशासन का रवैया ठीक होता तो चुनाव समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ही जीतते। इस मौके पर शिवशंकर शर्मा, निजाम अंसारी, बाबूराम यादव, सर्वेश यादव, अंकुर शाक्य, पंकज यादव, देवेश कुमार, अखिल कठेरिया, अशोक अम्बेडकर, गुलाब सिंह, अखिल खान, बंटी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

घर के कमरे में युवती ने लगाई फांसी, मौत

तिर्वा। ठठिया थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में रविवार की सुबह एक युवती ने घर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पर पहुंची ठठिया पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जलालपुर गांव निवासी मुस्कान (18) पुत्र राजबहादुर ने रविवार की सुबह घर के कमरे में दुपट्ट की मदद से फांसी लगा ली। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आई, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने कमरे में देखा, तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटकता देख कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने किया वृक्षारोपण

वृक्षारोपण करते कांग्रेसी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। यूथ कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सयैद अम्मार अली जैदी ने स्थापना दिवस के मौके पर वृक्षारोपण किया। मसेनी चौराहा के पास कांग्रेसियों ने वृक्षारोपण कर स्थापना दिवस मनाया। कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा व वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल मिश्रा ने पर्यावरण का संदेश देते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आरिफ खान, जिला सचिव तारिक खान, जिला सचिव फैसल खान, जुनैद खान, जब्बार अली सहित आदि लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

टीएसआई ने काटे तीस वाहनों के चालान

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात एवं यातायत प्रभारी के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक यातायात अरशद अली द्वारा नगर में वाहनों की चेकिंग का अभियान जारी रखा गया। अभियान के दौरान यातायात के नियमों की अनदेखी करते हुए मिले स्कूल वाहनों सहित अन्य प्रकार के कई वाहनों के चालान किए। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रविवार को कांबड यात्रा के चलते यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के उद्देश्य से टीएसआई अरशद द्वारा नगर में चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये 30 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही स्कूल वाहनों को भी चेक किया गया। इसके अलाबा टीएसई अरशद द्वारा आम-जनमानस व वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक भी किया गया।

पुत्री को भगा ले जाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के ग्राम पिथूपुर मेहंदिया निवासी सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय उधम सिंह नया थाना कमालगंज ने शिकायत कर बताया कि दिनांक 08.08.2024 शाम 7 बजे मेरी पुत्री पारुल 13 साल घर से बाहर बिना बताये चली गयी, जो अभी तक वापस नहीं आयी। काफी ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मिली। मुझे एक ऐसा है कि कोई व्यक्ति शादी करने के उद्देश्य से बहला फुसलाकर उसे भगा ले गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी ने डीएम को पत्र भेजकर रेलवे रोड का सुंदरीकरण की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मांग की है कि रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाने के दौरान क्षतिग्रस्त रोड हुआ है। अभी तक बना नहीं है और न ही बिजली के खम्बे रोड पर लगाये गये है। जिससे आवागमन बाधित है, दुकानदारों का व्यापार खराब है। रेलवे रोड का शीघ्र निर्माण कराने की मांग करते हुए कहा कि विभागों के अधिकारी को समय सीमा में कार्य करने का निर्देश दिया जाये।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक झुलसा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव भैंसरी निवासी मनोज कुमार उम्र 25 वर्षीय पुत्र रामजीलाल सदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गये। आनन-फानन में परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का हुआ आयोजन

इटावा। काकोरी व स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्यगाथा के जरिए युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करने के लिए पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें स्कूली बच्चों, ने सामान्य ज्ञान, चित्रकला-पेंटिंग, सुलेख-निबंध, भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की । इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैलाश यादव ने कहा कि बच्चे इसके जरिए आजादी के नायकों के चित्र, देशभक्ति के नारे लिखी पट्टियां बनाएंगे जिससे उनके भीतर राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ मुकेश कुमार एवम विशिस्ट अतिथि पवन कुमार ने बच्चों को आजादी के नायकों के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की।

अक्षय पाल को अंशुल ने दिया मनोनयन पत्र

इटावा। अभिषेक यादव अंशुल अध्यक्ष जिला पंचायत इटावा ने एडवोकेट अक्षय पाल विट्ठू को जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ मनोनीत होने पर मनोनीत पत्र दिया। इस अवसर पर लीलावती राजपूत प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा, सुशांत वर्मा, चच्चू शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, केपी सिंह शाक्य प्रदेश सचिव, प्रवक्ता /मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, राजकिशोर भोजवाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा बर्ग प्रकोष्ठ, राकेश यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, फरियाद भारती सदस्य जिला पंचायत,अविनाश कुशवाहा नगर अध्यक्ष लाइनपर, राजेन्द्र निराला , हिमांशु राठौर, नेतृपाल आदि उपस्थित रहें।

मोक्ष सप्तमी पर नशियां जैन मंदिर में अर्पण किया निर्वाण लाडू

इटावा। जैन धर्म के 23वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण लाडू श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नशिया जी मंदिर सहित सभी जिनालयों पर चढ़ाया गया। रविवार की सुबह शहर से दो किलोमीटर दूर अतिशय क्षेत्र नशिया जी मंदिर सहित सभी जिनालयों पर साधर्मी स्त्री पुरुष एवं बच्चो को आना शुरू हो गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नशिया जी ट्रस्ट के अध्यक्ष संजीव जैन एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाशदीप जैन बेटू ने बताया कि नशिया जी मंदिर पर सुबह 7 बजे से भगवान का अभिषेक के साथ गाजे बाजे के साथ पूजन पराम्भ हुआ उसके बाद भारी बरसात में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पार्श्वनाथ भगवान का लाडू श्रद्धा के साथ चढ़ाया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाया जागरूकता अभियान

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷मिशन शक्ति अभियान फेज-4÷ के तहत कन्नौज पुलिस द्वारा समस्त थानों में गठित एण्टीरोमियो टीम व महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा बालिकाओं/ छात्राओं को महिला सुरक्षा/ नारी स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करने के लिये विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस महानिदेशक के द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिये जागरुकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में महिलाओं/ बालिकाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु चलाएं जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज -4 के क्रम में जनपद के समस्त थानों पर गठित एण्टीरोमियो टीम व महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्र बस अड्डा/ सार्वजनिक स्थानों/ प्रमुख चौराहों/ कस्बों/ बाजारों/ मन्दिर/ शिवालयों/ शापिंग मॉल आदि के आस-पास गश्त/ चेंकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरूक किया गया तथा उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में वार्ता कर आवश्यक जानकारी दी गयी।

तुलसीदास की जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

संगोष्ठी में मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

राष्ट्रीय प्रगतिशील फोरम द्वारा संत कवि तुलसीदास की जयंती पर कृष्णा प्रेस परिसर में मनायी गई। प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि तुलसी का मानस अधर्म पर धर्म की विजय का गौरव गान है। सामाजिक समरसता का व्यावहारिक दर्शन है। ज्ञान भक्ति और कर्म की त्रिवेणी है। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा की तुलसी के श्रीराम, विधर्मीअराजक शक्तियों द्वारा दलित व प्रताड़ित जाति को स्वाभिमान की संजीवनी देते हैं। वीएस तिवारी, जेपी दुबे, मनीष गौड़, शिवकुमार दुबे ने कहा कि श्री राम विग्रह वान धर्म हैं। वे भारतीय वैदिक संस्कृति के अमिट हस्ताक्षर हैं। गीतकार पवन बाथम ने कहा कि राष्ट्र धर्म संस्कृति को मिलता नहीं उजास। मानस को रचते नहीं यदि कवि तुलसीदास। युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा शाश्वत आदरणीय है ज्ञान प्रदीप्त विशुद्ध। गहरे भावों से भरा मानस का हर शब्द। अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर ने कहा कि मानस को बिना समझे निंदा करने वाले बौद्धिक जड़ता से ग्रस्त हैं। लगता है आज हम विकास से विलास और विलास से विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। गोष्ठी में अंशिका गुप्ता, अनमोल कश्यप, जोया, गोल्डी, सौरभ चतुर्वेदी, साकेत कुमार आदि मौजूद रहे।

शहादत दिवस पर क्रांतिकारी पं. रामनारायण आजाद को किया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

देश की आजादी में भगत सिंह के साथ लड़ी थी आजाद ने लड़ाई

शहादत दिवस पर पं0 रामनारायण आजाद को पुष्प अर्पित करते लोग

क्रांतिकारी पं0 रामनारायण आजाद के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये, साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सहाबगंज चौराहा आजाद भवन पर उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। आदित्य दीक्षित, रीतेश शुक्ला, अरविन्द शुक्ला के संयोजन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। बॉबी दुबे ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। पं0 रामनारायण आजाद भगत सिंह के साथी व उनकी पार्टी के चीफ एवं आजन्म काला पानी क्रांतिवीर डा0 गयाप्रसाद के पुत्र क्रांति कटियार मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पं0 रामनारायण आजाद बड़े क्रांतिकारी थे। शुरुआत से ही क्रांतिकारियों के संगठन को आगे बढ़ाते रहे। 1930 के बाद जब देश में क्रांति की गतिविधियां चली तो मुख्य रुप से पं0 रामनारायण आजाद ने भूमिका अदा की।

देश के कई जगह व कई शहरों में उनके संगठन के द्वारा बम बनाना, बम चलाना, हथियार चलाने आदि की ट्रेनिंग दी जाती थी। 1942 के बाद भारत छोड़ों आंदोलन में जब देश में क्रांतिकारी गतिविधियां हुई थी। उस रिंग के लीडर पं0 रामनारायण आजाद को माना गया। फर्रुखाबाद के लोगों ने अपील कि जिले में महान क्रांतिकारी ने जन्म लिया। भूपेश प्रताप सिंह ने कहा कि जब भी क्रांतिकारियों की बात होगी, तब फर्रुखाबाद के पं0 रामनारायण आजाद का भी नाम लिया जायेगा। सरल दुबे ने कहा कि युवाओं को जागरुक होना चाहिए और पं0 रामनायण आजाद के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी ने कहा कि पं0 रामनारायण आजाद की देश की आजादी में प्रमुख भूमिका रही। ऐसे में महानपुरुषों के समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित होना चाहिए। इस मौके पर कुलभूषण श्रीवास्तव, राजू भारद्वाज, भइयन मिश्रा, प्रभात मिश्रा, अरविन्द दुबे, राकेश सारस्वत, अखिलेश अग्निहोत्री, अनिल मिश्रा, प्रभात अवस्थी, शिवप्रताप सिंह, धीरेन्द्र वर्मा, अनुराग गंगवार, विकास गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, आनन्द मिश्रा, पीयूष दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

खेत जा रही किशोरी के साथ युवक ने की छेड़छाड़

तिर्वा। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को खेत पर जा रही एक किशोरी से रास्ते में युवक ने छेड़छाड़ की। उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया, किशोरी के शोर मचाने पर युवक मौके से भाग गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता ने तिर्वा कोतवाली में नथापुर्वा गांव निवासी प्रद्युम्मन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 16 बर्षीय पुत्री शनिवार को खेत पर जा रही थी। तभी उक्त युवक वहां आ गया और उसकी पुत्री के साथ जबरन छेड़छाड़ करने लगा। जब पुत्री ने विरोध किया, तो उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

यूपी बोर्ड में विज्ञान और गतिण विषय का प्रश्न-बैंक बढ़ायेगा विद्यार्थियों में समझ और जिज्ञासा

कक्षा नौ और दस के छात्र-छात्राओं की तैयारी हेतु स्कूलों में उपलब्ध होंगे प्रश्न पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान ने शासन के निर्देश पर नई शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत यूपी बोर्ड के कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थियों में विज्ञान और गणित विषय के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से अलग-अलग प्रश्न बैंक तैयार किया है। गणित एवं विज्ञान के विभिन्न अध्यायों छांटकर तैयार किया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रश्न बैंक यूपी बोर्ड के विद्यालयों की लाइब्रेरी में उपलब्ध कराया जायेगा जो शिक्षकों के लिए होगा। जिसके माध्यम से शिक्षक छात्र-छात्राओं को विज्ञान और गतिण की अवधारणा को समझ सकेगे तथा विद्यार्थियों में विषय के प्रति समझ बढ़ेगी और रुचि भी पैदा होगी। कक्षा 9 में विज्ञान के प्रश्न बैंक में कुल 12 तथा कक्षा 9 के लिए कुल 13 अध्यायों को सम्मलित किया गया है। इस प्रकार कक्षा 9 में 840 तथा कक्षा 10 में 910 प्रश्नों का संकलन तैयार किया गया है। प्रश्न पत्रों में ज्ञानात्मक, कौशलात्मक एवं बौधात्मक प्रकार के आवजेक्टिव, अति लघु उत्तरीय एवं लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का समावेश होगा। प्रत्येक प्रकार के प्रश्नों के शुरु में लर्निंग आउटक्रम के क्रम में अलग से प्रश्न दिये गये है। प्रश्न बैंक एनसीईआरटी, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, विश्व विद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों के विषय-विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार किये गये है। उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री डा0 संदीप चतुर्वेदी तथा जिला उपाध्यक्ष लेफ्टीनेट गिरिजा शंकर ने प्रश्न बैंक के माध्यम से विद्यार्थियों का विज्ञान और गणित विषय की तैयारी कराये जाने के शासन के कदम की सराहना की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे विज्ञान और गणित विषय के प्रति विद्यार्थियों में रुचि और जिज्ञासा बढ़ेगी।

एशियन स्कॉलरशिप परीक्षा में चार केन्द्रों पर 6432 छात्र हुए शामिल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

स्कालरशिप परीक्षा में भाग लेते छात्र-छात्रायें

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा 4 केंद्रों पर सामान्य ज्ञान परीक्षा में कुल 6432 छात्रों ने भाग लिया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर केंद्र पर सीनियर वर्ग में 1458 व जूनियर वर्ग में 1237, राजपुर में अमर ज्योति इण्टर कॉलेज में सीनियर वर्ग में 623 व जूनियर वर्ग में 584, शाहजहांपुर भरगंवा में अवंतीबाई इंटर कॉलेज केंद्र पर सीनियर वर्ग में 654 व जूनियर वर्ग में 596, नवाबगंज में जेएस इंटर कॉलेज में सीनियर वर्ग में 748 व जूनियर वर्ग में 534 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया। परीक्षा दो वर्गो में आयोजित हुई। जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 9 प्रातः 9 से 10 बजे तक तथा सीनियर वर्ग कक्षा 10 से परास्नातक तक प्रातः 11 से 12 तक हुई। छात्रों ने छात्रवृत्ति व पुरस्कार पाने के लिए दिमागी कसरत की। परीक्षा में समसामयिक, राजनीतिए खेलकूद, तार्किक योग्यता, भूगोल इतिहास, गणित आदि के प्रश्नों को शामिल किया गया। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि यह प्रतियोगिता 22 वर्षो से निरंतर आयोजित हो रही है। इसके माध्यम से जहां एक ओर छात्र वर्तमान समय के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ते हैं। साथ ही संस्थान द्वारा छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया जाता है। सामान्य ज्ञान परीक्षा का परिणाम सीनियर वर्ग 13 व 14 अगस्त एवं जूनियर वर्ग 17 अगस्त को एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की शाखाओं पर घोषित होगा। प्रबंध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से विजेता छात्र को मेगा पुरस्कार के रूप में साईकिल, प्रथम पुरुस्कार मिक्सी, द्वितीय पुरुस्कार इलेक्ट्रिक केटल, सांत्वना पुरस्कार दीवाल घडी एवं 50 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक कंप्यूटर शिक्षा पहुंचे, प्रतिस्पर्धा बढती जा रहा है, इसलिए यदि सफल होना है तो मेहनत के साथ साथ कंप्यूटर ज्ञान अति आवश्यक है। परीक्षा में सुपर्णा, रक्षपाल, रियाज, जितेन्द्र यादव, प्रमोद कुमार, राजेन्द्र दीक्षित, नवीन मिश्र, नरेन्द्र पाण्डेय, अभय, याशिका, पंकज पाण्डेय, डॉ0 समरेन्द्र शुक्ल, आशुतोष मिश्र, रवीन्द्र भदौरिया, अनुराग पाण्डेय, पूनम पाण्डेय, प्रिया, सिंघिका, आदेश अवस्थी, सोनेलाल, गौरव मिश्रा, शैलेंद्र, वंशिका, ऋतिका, उज्जवल, ऋतिक, प्रांजल आदि ने सहयोग किया।

महिला सशक्तिकरण का लिखा जाएगा नया अध्याय

सीएम मोहन यादव ने सैनिटेशन व हाइजीन योजना की 57.18 करोड़ रुपये की राशि छात्राओं के खाते में अंतरित की

छात्राओं के सम्मान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

एजेंसी

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय महिलाएं प्रारंभ से शौर्य और पराक्रम का महत्वपूर्ण उदाहरण रही हैं। भारत का इतिहास महिलाओं के साहस से भरा हुआ है। उन्?होंने कहा कि बदलते दौर में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

इस क्रम में भारत की संसद और विधानसभा में एक तिहाई स्थान पर महिलाओं के निर्वाचन के प्रावधान के प्रयास ऐतिहासिक होंगे। मुख?यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले दो-तीन वर्ष में देश में महिला कल्याण और महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन में उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित छात्राओं के संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत का पिछले 500 वर्ष का इतिहास देखें तो वह महिलाओं के गौरव और शौर्य से परिपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का 500वां वर्ष चल रहा है।

आज की युवा पीढ़ी को उनके शौर्य के बारे में जानकारी होना चाहिए। मध्यप्रदेश की बेटी रानी दुर्गावती ने अपने शासन काल में 51 लड़ाइयां लड़ीं। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना को पूरी वीरता के साथ तीन बार पराजित किया। मुख्यमंत्री ने झांसी की रानी की वीरता का भी उल्लेख किया। उन्होंने देवी अहिल्या बाई के शासन व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि देवी अहिल्या बाई ने अपने कार्यकाल में देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों सोमनाथ, उज्जैन, बनारस में विशाल मंदिरों का निर्माण कराया। उनकी धर्म के प्रति सच्ची निष्ठा को पूरे सम्मान के साथ याद किया जाता है। प्रदेश की बेटियों की प्रतिभा की चर्चा करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि हमारी बेटियों ने हर क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। प्रतिभाशाली बेटियों ने देश और दुनियां में मध्यप्रदेश का नाम रौशन किया है। राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं और बेटियों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं से आग्रह किया की वे देश की महान महिला विभूतियों से प्रेरणा लें। उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें।

मुख्यमंत्री को छात्राओं ने बांधी राखी, डॉ. यादव ने छात्राओं को भेंट किए उपहार

डॉ. यादव को छात्राओं द्वारा विशाल राखी भेंट की गई। इसके बाद छात्राओं ने मुख्यमंत्री को राखी भी बांधी। डॉ. यादव ने छात्राओं को उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली-2024 और राष्ट्रीय सेवा योजना में मध्यप्रदेश का नेतृत्व करने वाली छात्राओं, महाविद्यालय में विभिन्न संकायों में अव्वल रहने वाली छात्राओं का सम्मान किया।

साथ ही यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में जिन छात्राओं ने भागीदारी की, उनका भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान किया। सम्मान की श्रृंखला में कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा के विभिन्न संकायों में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभावान छात्राओं का भी सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने उन छात्राओं को भी सम्मानित किया जिन्होंने खेल गतिविधियों में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रारंभ में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुखवीर सिंह ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का कॉलेज और स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता सुधार में निरंतर प्रयास किए जाने पर जोर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता राष्ट्रीय स्तर के औसत से ज्यादा रही है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही सीएम राइज स्कूलों से भी शिक्षा में गुणात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने आभार व्यक्त किया। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत वरवडे और संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह, वरिष्ठ अधिकारी सहित बड़ी संख्या में विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्राएं उपस्थित रहीं।

मूसलाधार बारिश : बाणगंगा नदी में सात युवकों की डूबने से मौत

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान में मानसून सक्रिय है। इसके चलते कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। राजधानी जयपुर में सुबह से रुक-रुक कर मूसलाधार बारिश हो रही है। बाणगंगा नदी में डूबने से सात युवकों की मौत हो गई। बारिश के कारण कई निचले क्षेत्र जलमग्न हो गए।

भरतपुर जिले के बयाना थाना इलाके में बाणगंगा नदी में आठ युवक नहाने गए थे, इसी दौरान सात युवक डूब गए। सभी की उम्र 18 से 22 साल के बीच है। ग्रामीणों ने एक घंटे के रेस्क्यू के बाद शवों को बाहर निकाला। पंचायत समिति के विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि श्रीनगर गांव के आठ युवक गांव के पास से जा रही बाण गंगा नदी में नहाने गए थे। नदी में एक गड्ढा था, जहां सात युवक डूब गए। एक युवक बच गया। उसने गांव में आकर बताया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी सात शवों को बाहर निकाला गया। दो शव भरतपुर के आरबीएम अस्पताल और पांच शव झील के बाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। राजधानी जयपुर में सुबह से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। दोपहर में 30 मिनट तक हुई तेज बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया। सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया। जयपुर जिले के शहर और ग्रामीण अंचल में कई इलाकों में जबरदस्त बारिश हुई। राजस्थान के उत्तर-पूर्वी हिस्से पर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का प्रभाव राजधानी जयपुर में भी है। यहां आज भारी बारिश का रेड अलर्ट है। जयपुर शहर में एमआई रोड, अम्बाबाड़ी, सीकर रोड, ढेहर के बालाजी, कालवाड़ रोड, 200 फीट अजमेर बाइपास, वैशाली नगर चूंगी, जेएलएन मार्ग त्रिमूर्ति सर्किल, टोंक रोड नारायण सिंह सर्किल समेत कई जगह सड़कों पर पानी भरने से ट्रैफिक जाम हो गया। अजमेर बाइपास पर भारी बारिश के कारण एक-एक फीट पानी भरने से बाइपास पर लम्बा जाम लग गया।

भारत पारंपरिक और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का केंद्र : मुख्यमंत्री भजनलाल

इलेक्ट्रोपैथी डॉक्टरों का अभिनंदन समारोह

एजेंसी

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही कई पारंपरिक और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का केंद्र रहा है। इन चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज' के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिल रही है।

उन्होंने कहा कि इन पद्धतियों में इलेक्ट्रोपैथी की विशेष महत्ता है और राज्य सरकार इसे प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों की आभार एवं अभिनंदन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दूरगामी निर्णय ले रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में ही पारंपरिक चिकित्सा पद्धति इलेक्ट्रोपैथी को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन करने और इसके लिए प्रथम चरण में पांच करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। साथ ही, बजट में इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा के सम्बन्ध में परीक्षण कर नियम बनाने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का निरन्तर विस्तार कर रही है। परिवर्तित बजट 2024-25 में स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वाधिक महत्व देते हुए लगभग 27 हजार 660 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है जो बजट का 8.26 प्रतिशत हिस्सा है। इससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हांगी एवं स्वास्थ्य ढ़ाचे का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण होगा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोपैथी एक प्रभावी चिकित्सा पद्धति के रूप में उभर रही है। इस पद्धति में औषधीय पौधों के रस का उपयोग कर विभिन्न रोगों का प्रभावी रूप से इलाज किया जाता है।

नक्सलियों ने नागारास उप सरपंच की गला रेतकर की हत्या

सुकमा। जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम नागाराम में नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में नागारास उपसरपंच हेमला सुकला की शनिवार रात गला रेतकर हत्या कर दी गई है। वहीं इस घटना की जानकारी मिलने पर पटेलपारा निवासी हेमला सन्नी ने दहशत में आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नक्सलियों के केरलापाल कमेटी ने शव के पास पर्चा फेंककर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए गांव में 18 से अधिक पुलिस कैंप खोले जाने पर 18 ग्रामीणों के नाम मौत का फरमान जारी किया है। वहीं इस घटना को अंजाम दिए जाने की बात का भी उल्लेख किया गया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि नक्सलियों ने जिस ग्रामीण की हत्या की है, उसे वर्ष 2007 में सलवा जुडूम में काम करने का आरोप लगाते हुए हत्या करने की बात सामने आई है।

कोचीन हवाईअड्डे पर बैग में बम होने संबंधी टिप्पणी पर यात्री गिरफ्तार

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरल के कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान बम संबंधी टिप्पणी करने के आरोप में मुंबई जाने वाले एक यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड (सीआईएएल) ने रविवार को कहा कि मनोज कुमार (42) ने सामान की जांच करने वाले काउंटर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारी से डरा देने वाली टिप्पणी की थी।

मनोज कुमार रविवार सुबह एयर इंडिया की फ्लाइट से कोचीन से मुंबई जाने वाला था। सीआईएएल ने एक बयान में कहा, ''विमान में चढ़ने से पहले सुरक्षा जांच के दौरान कुमार ने सीआईएसएफ अधिकारी से पूछा, क्या मेरे बैग में कोई बम है? यात्री की इस बात से वहां लोगों में तुरंत चिंता व्याप्त हो गई जिसके बाद हवाईअड्डा सुरक्षा दल ने त्वरित कार्रवाई की।

हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि बम खोज एवं निरोधक दस्ते ने यात्री केबिन और सामान की पुनः जांच की। सीआईएएल ने कहा कि बीडीडीएस द्वारा जांच पूरी करने के बाद वहां कोई भी गड़बड़ी या खतरा नहीं पाया गया, जिसके बाद कुमार को मामले में आगे के जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। स्थिति का आकलन करने के लिए गठित बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) ने कहा कि बम की सूचना विश्वसनीय नहीं थी, लेकिन फिर भी हमने सुरक्षा के लिए स्थिति की जांच की। सीआईएएल ने बताया कि बीटीएसी ने अपनी कार्रवाई पूरी कर ली, जिससे विमान समय पर रवाना हो गया।

खबरें एक नजर में

तुंगभद्रा नदी पर बने पंपा बांध के फाटक की टूटी चैन

कोप्पल। कर्नाटक के कोप्पल में तुंगभद्रा नदी पर स्थित पंपा सागर बांध के 19वें फाटक की चेन टूट जाने के बाद भारी मात्रा में पानी बाहर आने पर बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। जल संसाधन विभाग के सूत्रों ने बताया कि उन्हें जलाशय के मरम्मत कार्य के लिए बांध की कुल मौजूदा क्षमता 105 टीएमसी के मुकाबले जल स्तर को घटाकर 65 से 55 टीएमसी तक करना होगा। विभाग ने जलाशय का मरम्मत कार्य शुरू करने के लिए पांच फाटकों को छोड़कर अन्य सभी फाटक खोल दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, बांध से अभी 89,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कोप्पल जिले के प्रभारी मंत्री शिवराज तंगदागी ने बांध की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद कहा, ''हमें बांध से कम से कम 60 से 65 टीएमसी पानी छोड़ना पड़ सकता है। 20 फुट पानी छोड़े जाने के बाद ही समस्या का समाधान हो सकता है, इसलिए बांध को खाली करना जरूरी है।'' इस बीच, जल संसाधन विभाग का प्रभार संभालने वाले उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार स्थिति का जायजा लेने के लिए कोप्पल पहुंच गए हैं। तुंगभद्रा नदी के निचले हिस्से में बाढ़ का कोई डर नहीं है, हालांकि पानी का बहाव तेज हो गया है। बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण लोगों को नदी के पास न जाने की चेतावनी दी गई है।

प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

दक्षिण दिनाजपुर। जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अंतर्गत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 164वीं बटालियन की (बीओपी) दकुहारा के सीमा जवानों ने प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक भारतीय नागरिक को पकड़ा है। पकड़े गए भारतीय नागरिक का नाम बिप्लब शील (34) है। वह जिले के तपन थाना अंतर्गत बालापुर गांव के रहने वाले है। बीएसएफ ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बीएसएफ के अनुसार, बिप्लब शील को उस समय पकड़ा गया जब वे भारत से बांग्लादेश में प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी का प्रयास कर रहा था। उसके पास से 94 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद की गई। पकड़े गए व्यक्ति को जब्त किए गए प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ आगे की कार्रवाई के लिए तपन थाने को सौंप दिया गया है।

विनेश को जरूर मिलेगा सिल्वर मेडल : महावीर फोगाट

नई दिल्ली। महिला पहलवान विनेश फोगाट के ताऊ महावीर फोगाट ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही फैसला आएगा कि विनेश को सिल्वर मेडल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी कोशिश कर रही है, खेल पंचाट का फैसला भारत को हक में आएगा। खेल कोर्ट यानि कोर्ट ऑफ आर्बिरेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) द्वारा विनेश फोगाट को सिल्वर मेडल देने का फैसला रविवार तक टालने के बाद महावीर फोगाट ने कहा कि सुनवाई पूरी हो चुकी है। हमें सीएएस के फैसले का इंतजार है। हमें इंतजार करते तीन दिन हो गए हैं... अब जब भी फैसला आएगा उन्हें खुशी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी कोशिश कर रही है, इसके लिए उनका धन्यवाद। उन्होंने उम्मीद जताई कि विनेश फोगाट को सिल्वर मेडल जरूर मिलेगा। वहीं, विनेश के संन्यास लेने की घोषणा पर महावीर फोगाट ने कहा कि हमारा परिवार उनसे फैसला वापस लेने को कहेगा। हम उन्हें 2028ओलंपिक में लड़ने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे।

आर जी कर अस्पताल प्रबंधन ने सुरक्षा-व्यवस्था की मजबूत

कोलकाता। कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल अस्पताल कॉलेज अस्पताल में मेडिकल छात्रा के साथ हुए जघन्यतम अपराध के बाद राज्य भर में तनाव की स्थिति के बीच आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन ने रविवार को नई दिशा-निर्देश जारी किए। इन दिशा-निर्देशों में अस्पताल की सुरक्षा और निगरानी पर जोर दिया गया है। नई दिशा-निर्देशों के मुताबिक अस्पताल स्टाफ का ड्रेस कोड अनिवार्य है। कर्मचारी आईडी अनिवार्य है। अस्पतालों में संविदा कर्मियों के लिए भी वर्दी अनिवार्य है। आर.जी. कर अथॉरिटी द्वारा जारी नई दिशा-निर्देशों पर लोगों का कहना है कि एक जघन्यतम घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन जगा है यदि यही कड़ाई पहले की गई होती तो अस्पताल में इस प्रकार की घटना नहीं हुई होती।

एविएशन एकेडमी का टू सीटर एयरक्राफ्ट क्रैश, दो पायलट घायल

गुना। मध्य प्रदेश के गुना जिले में रविवार को एविएशन एकेडमी का टू सीटर एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। इस दुर्घटना में दो पायलट घायल हो गए। दोनों घायलों को आनन-फानन में निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कैंट थाने के टीआई दिलीप राजोरिया ने पत्रकारों को बताया कि घायल दोनों पायलटों की हालत खतरे से बाहर है। गुना में शा-शिब एविएशन एकेडमी का टू-सीटर एयरक्राफ्ट (मॉडल-152) दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह रविवार दोपहर करीब 1 बजे टेस्ट फ्लाइट के लिए उड़ा था। दो पायलट उसे लेकर टेस्ट फ्लाइट के लिए उड़े थे। करीब 40 मिनट उड़ने के बाद एयरक्राफ्ट परिसर में ही क्रैश हो गया। आशंका है कि हादसा इंजन फेल होने से हुआ। कैप्टन वी चंद्र ठाकुर और पायलट नागेश कुमार घायल हैं। मौके पर कैंट पुलिस सहित एकेडमी के अधिकारी मौजूद हैं। दुर्घटनाग्रस्त एयरक्राफ्ट बेलगावी एविएशन का है। यह टेस्टिंग और मेंटेनेंस के लिए शा-शिब एकेडमी में लाया गया था। दोनों पायलट भी बेलगावी एविएशन से ही आए थे। पायलट शनिवार को ही गुना आए थे।

मुर्मु को तिमोर-लेस्ते का पुरस्कार पर पीएम मोदी ने जताई खुशी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किये जाने पर रविवार को खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते पुरस्कार कई वर्षों तक सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रपति मुर्मु के उल्लेखनीय योगदान को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि फ्रराष्ट्रपति जी को तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित होते देखना हमारे लिए गर्व का क्षण है। यह हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों और आपसी सम्मान को दर्शाता है। यह कई वर्षों तक उनके सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान की मान्यता भी है।फ्र शनिवार को, राष्ट्रपति मुर्मु को तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में राष्ट्रपति मुर्मु की उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति समर्पण को मान्यता प्रदान करता है।

भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध

जम्मू। रामबन में विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग रविवार को अवरुद्ध हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात से हो रही बारिश हो रही है, जिसके चलते रामबन जिले के मेहद, कैफेटेरिया में पहाड़ियों से मलबा व पत्थर गिरने के कारण राजमार्ग पर दोनों तरफ से यातायात बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि पूरे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारिश का मौसम है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम में सुधार होने तक जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने से बचें क्योंकि भूस्खलन व पत्थर गिरने की आशंका है। उन्होंने कहा कि वह अपनी यात्रा शुरू करने से पहले यातायात कंट्रोल रूम से संपर्क करें।

उपराज्यपाल ने माता वैष्णो देवी मंदिर में नयी 'यज्ञशाला' का किया उद्घाटन

जम्मू। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मुख्य भवन में एक नई 'यज्ञशाला' का उद्घाटन भी किया। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान जम्मू-कश्मीर की शांति, समृद्धि और प्रगति की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यज्ञशाला भवन का निर्माण धार्मिक रीति विवाजों को बढ़ाने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित यज्ञशाला मुख्य भवन के अटका क्षेत्र के नीचे पुराने स्नान घाट के पास स्थित है जिसमें 1600 वर्ग फुट में फैले पांच हवन कुंड हैं। प्रवक्ता ने कहा कि यज्ञशाला के निर्माण से श्रद्धालुओं के 10 समूह एक साथ 'हवन पूजन' कर सकेंगे जबकि पहले तीन समूह ही हवन कर पाते थे।

कॉफी शॉप के वॉशरूम में मिला हिडन कैमरा पुलिस ने स्टाफ को किया गिरफ्तार

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में एक कॉफी शॉप के वॉशरूम में हिडन कैमरा मिला है। इसे टॉयलेट शीट के ठीक सामने डस्टबिन में छिपाकर रखा गया था। इसमें दो घंटे से रिकॉर्डिंग हो रही थी। इसे एक महिला ने पकड़ा। घटना शनिवार (10 अगस्त) की बेंगलुरु के बीईएल रोड स्थित थर्ड वेव कॉफी आउटलेट की है। कैफे में मौजूद एक शख्स ने सोशल मीडिया पर घटना की जानकारी शेयर की।

उन्होंने बताया कि फोन को डस्टबिन बैग के अंदर सावधानी से छिपाया गया था, जिसमें केवल कैमरा ही दिखाई दे रहा था। फोन फ्लाइट मोड पर था, जिससे कॉल या मैसेज आने पर किसी तरह की आवाज न आए। वॉशरूम में फोन मिलने पर महिला ने कैफे के कर्मचारियों को जानकारी दी। पता चला कि फोन वहां काम करने वाले एक स्टाफ का ही है। इसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सदाशिवनगर पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला की एक दोस्त ने मामले की शिकायत की थी। इसके बाद कॉफी शॉप के एक स्टाफ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लगभग बीस साल का है और कर्नाटक के भद्रावती का रहने वाला है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 (किसी महिला की निजी तस्वीरों को उसकी सहमति के बिना देखना, कैप्चर करना और प्रसारित करना) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। थर्ड वेव कॉफी ने घटना को लेकर विवाद के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी। कंपनी ने लिखा- हमें बेंगलुरु में हमारे बीईएल रोड आउटलेट पर हुई घटना पर दुख है। हम थर्ड वेव कॉफी में ऐसी हरकतें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते हैं। हमने आरोपी को तुरंत बर्खास्त कर दिया है। थर्ड वेव कॉफी फेमस कॉफी चेन है, जिसके पूरे भारत में आउटलेट हैं। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, भारत के 6 शहरों में इसके 90 से ज्यादा कैफे हैं। अकेले बेंगलुरु में थर्ड वेव कॉफी के 10 आउटलेट हैं। बेंगलुरु में 17 जून को एक ऑनलाइन पार्सल से जिंदा कोबरा निकलने का मामला सामने आया था। तन्वी नाम की महिला ने अमेजन से गेमिंग कंट्रोलर मंगवाया था। 17 जून को जब वह पैकेज खोल रही थीं तो उसके अंदर से जहरीला सांप निकला। सांप पैकेजिंग टेप से चिपक गया था, जिसके कारण किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। महिला ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया था। वीडियो में बाल्टी के अंदर रखा आधा खुला अमेजन पैकेज दिखाया गया। पैकेजिंग टेप में फंसा कोबरा भागने की कोशिश करता नजर आ रहा है।

बिंद्रा प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित

एजेंसी

पेरिस। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक परिषद ने दिग्गज भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को 142वें आईओसी सत्र में अहम योगदान के लिए प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया है। 1975 में स्थापित ओलंपिक ऑर्डर आईओसी द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। शनिवार को पेरिस में आयोजित एक समारोह में अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक ऑर्डर सम्मानित किया गया। इससे पहले वर्ष 1983 में पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी इससे सम्मानित किया गया था।

शुक्रवार को बिंद्रा को आईओसी एथलीट आयोग का दूसरा उपाध्यक्ष भी चुना गया था। पांच बार के ओलंपियन 41 वर्षीय बिंद्रा ने कहा, जब मैं छोटा बच्चा था, तो ये ओलंपिक रिंग ही थीं, जिन्होंने मेरे जीवन को अर्थ दिया। और दो दशकों से अधिक समय तक अपने ओलंपिक सपने को पूरा करने में सक्षम होना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। उन्होंने कहा, अपने एथलेटिक करियर के बाद ओलंपिक मूवमेंट में प्रयास करना और वापस अपना योगदान देना मेरा एक बड़ा जुनून रहा है। यह एक विशेषाधिकार और सम्मान रहा है।

उन्होंने कहा, यह पुरस्कार उस जुनून को और अधिक बढ़ावा देता है और मुझे उम्मीद है कि मैं और भी अधिक मेहनत करना जारी रखूंगा और जीवन भर ओलंपिक मूवमेंट में योगदान देता रहूंगा। उल्लेखनीय एथलीट के रूप में अभिनव बिंद्रा बीजिंग 2008 खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। उन्हें एयर राइफल शूटिंग में विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय होने का गौरव भी हासिल किया है। अपने दो दशक लंबे करियर में, बिंद्रा ने 150 से अधिक व्यक्तिगत पदक जीते, और भारत के महान खेल दिग्गजों में से एक के रूप में पहचान बनाई। खेल के प्रति उनकी असाधारण सेवा को तब और मान्यता मिली जब उन्हें 2018 में ब्लू क्रॉस से सम्मानित किया गया, जो आईएसएसएफ का सर्वोच्च सम्मान है।

पोलार्ड ने राशिद की गेंद पर लगाये लगातार पांच छक्के

साउथैम्पटन। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और वर्तमान में मुंबई इंडियंस के सहायक कोच कीरोन पोलार्ड ने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के लिए खेलते हुये ट्रेंट रॉकेट्स के गेंदबाज राशिद खान की गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाने का कारनामा किया हैं। 78 रन पर छह विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी सदर्न ब्रेव के लिए बल्लेबाजी कर रहे पोलार्ड ने धीमी शुरुआत की और वह 14 गेंदों पर केवल छह रन ही बना पाए थे। तब ऐसा लगा रहा था कि मेजबान टीम मुकाबला हार जायेगी। लेकिन इसके बाद पोलार्ड ने राशिद की पांच गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाकर ब्रेव की उम्मीदों को फिर से जिंदा कर दिया। उन्होंने राशिद की गुगली और अंदर आती गेंदों पर दो छक्का डीप मिडविकेट में, दो छक्का लांग ऑफ में और एक छक्का एक्स्ट्रा कवर पर लगाया। पोलार्ड की इस धुआंधार बल्लेबाजी का राशिद की विश्व स्तरीय गेंदबाजी के पास कोई जवाब नहीं था। पोलार्ड इससे पहले मार्च 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 में अकीला धनंजय की गेंद पर लगातार छह छक्के लगाकर यह कारनामा कर चुके है। हालांकि पोलार्ड 23 गेंदों पर 45 रन बनाकर रन आउट हो गए, लेकिन क्रिस जॉर्डन ने एक गेंद शेष रहते चौका लगाकर अपनी टीम को दो विकेट से जीत दिला दी। इस जीत के चलते अंक तालिका में ब्रेव के अंक शीर्ष पर मौजूद ओवल इनविंसिबल्स के बराबर हो गए।

गेट सेट फिट जिम ने हरियाली तीज महोत्सव का किया भव्य आयोजन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। जिम की डायरेक्टर संगीता शाक्य द्वारा महोत्सव का आयोजन श्रावण मास के पवित्र दिन में आइस एंड स्पाइस रेस्टोरेंट इंदिरानगर में किया गया, कार्यक्रम में सोलह श्रृंगार की महिलाओं द्वारा नृत्य, गायन, वादन के साथ साथ कई प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

महिलाओं ने सावन महोत्सव में फगुआ, अवधी, कजरी वा लोकगीतों पर नृत्य, गायन के साथ बिखेरी छटा। जिसमें सोलो नृत्य रंगीलो मारो ढोलना पर अर्चना पांडे, लीला त्रिपाठी (नृत्य),एकता (नृत्य),रैंप वॉक पर नेहा,सुनीता खरे,रेखा श्रीवास्तव, आयशा,अनिता सिंह एवम नीलू द्वारा (तू जहा चलेगा मेरा साया साथ होगा) पर प्रस्तुति दी गई, सुनीता यादव द्वारा भोजपुरी गीतों पर शमां बांधा गया। जिसमे जज की भूमिका में गुंजन वर्मा,संगीता शाक्य, सरिता सिंह रही। गायन प्रतियोगिता की जज सुनीता यादव रहीं। कार्यक्रम का कुशल संयोजन संगीता सिंह शाक्य, सुनीता यादव, हर्षिता एवम अर्चना द्वारा किया गया। तीज क्वीन का खिताब नेहा तिवारी के नाम रहा, रनर अप सरूपा तिवारी रही। जिम की डायरेक्टर संगीता शाक्य ने बताया कि हमारी जिम पर महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए साथ साथ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवम पारंपरिक आयोजन होते हैं।